RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 339
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 21 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



जेम्स पैटिनसन ने अंतरराष्ट्रीय मैचों से लिया संन्यास
स्पोर्ट्स-10

# देश को लूटकर भागने वालों को बख्शा नहीं जाएगाः मोदी

● सीवीसी व सीबीआई के सम्मेलन में पीएम ने बैंकों से धोखाधड़ी कर विदेश में शरण लेने वालों पर साधा निशाना

● बोले- देश के साथ विश्वासघात करने वालों को दुनिया में कहीं भी नहीं मिलना चाहिए सुरक्षित ठिकाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त होकर देश हित के खिलाफ काम करने और गरीबों को लूटने वाला कोई व्यक्ति कितना भी ताकतवर क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुजरात के केवड़िया में सीवीसी और सीबीआई के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने एजेंसियों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि देश के साथ विश्वासघात करने वालों के लिए दुनिया में कहीं भी कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं होना चाहिए। मोदी का यह बयान विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी जैसे कथित आर्थिक अपराधियों को वापस लाने के लिए चल रही ( शेष पेज 9 )

## प्रधानमंत्री ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का किया उद्घाटन

● बौद्ध सर्किट पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुशीनगर

**सरकार** की बौद्ध सर्किट पर्यटन पहल को मजबूती प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और कहा कि उनकी सरकार ने विमानन क्षेत्र में नई ऊर्जा भरने के लिए कई कदम उठाए हैं। सुबह लगभग नौ बजे श्रीलंकाई एअरलाइंस की एक उड़ान श्रीलंका से दर्जनों बौद्ध भिक्षुओं और कई हस्तियों को लेकर इस हवाई अड्डे पर उतरी। बौद्ध भिक्षु गौतम बुद्ध से संबंधित निशानियां भी लेकर आए और विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। कुशीनगर गौतमबुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल और बौद्ध समुदाय के लोगों का एक अहम तीर्थ स्थल है। करीब 260 करोड़ रुपए की लागत से यहां बने हवाई अड्डे का निर्माण बौद्ध धर्मस्थल को ( शेष पेज 9 )



कुशीनगर हवाईअड्डे के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू

# लखीमपुर हिंसा की जांच कहां तक पहुंचीः उच्चतम न्यायालय

● कहा- न्यायालय को ऐसा लग रहा है कि राज्य पुलिस धीमी गति से काम कर रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच एक अंतहीन कहानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही, एक बार फिर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय को ऐसा लग रहा है कि राज्य पुलिस धीमी गति से काम कर रही है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि उप्र सरकार को अपनी इस छवि को बदलने की आवश्यकता है। न्यायालय ने राज्य सरकार को मजिस्ट्रेट के समक्ष गवाहों के बयान दर्ज कराने और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा, हमें लगता है कि आप बहुत धीमी गति से काम कर रहे हैं, कृपया अपनी इस छवि को बदलिए। उसने कहा कि जांच अंतहीन कहानी नहीं बननी चाहिए। उसने अभियोजन पक्ष के 44 में से करीब 40 गवाहों के बयान आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज नहीं कराए जाने के मामले पर चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा, कृपया उनसे धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहिए। पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज किए जाते हैं और उन्हें साक्ष्य माना जाता है। न्यायालय तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों के मारे जाने के मामले में सुनवाई कर रही। न्यायालय को राज्य सरकार ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 44 में से चार गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। इस मामले में अब तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीठ ने सुनवाई के दिन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का मामला उठाया और प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमने स्थिति रिपोर्ट के लिए कल रात एक बजे तक इंतजार किया, लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। राज्य सरकार की ओर से वकील गरिमा प्रसाद के साथ पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट बुधवार को सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है, क्योंकि ऐसा लगा था कि इसे केवल न्यायालय देख सकता है।

पीठ ने कहा, नहीं, इसकी आवश्यकता नहीं थी और हमें यह अभी मिली है... हमने सीलबंद लिफाफे के संबंध में कभी कुछ नहीं कहा था। उसने मामले की शुक्रवार को सुनवाई करने का अनुरोध अस्वीकार कर दिया और अगली सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की। पीठ ने कहा, साल्वे जी, आपने कहा कि आपने (पुलिस ने) 44 गवाहों से पूछताछ की है और उनमें से चार गवाहों के बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत (न्यायिक मजिस्ट्रेट) के समक्ष दर्ज किए गए हैं। आपने अन्य गवाहों के बयान 164 के तहत दर्ज क्यों नहीं कराए। इसके बाद साल्वे ने पीठ से कहा कि इस संबंध में प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पहले इस बात को लेकर चिंता ( शेष पेज 9 )

# चार आतंकी ढेर, मजदूरों की हत्या का लिया बदला

● शोपियां के द्रगाड में ऑपरेशन के दौरान तीन जवानों को लगी गोली, एक शहीद

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**सुरक्षा** बलों की संयुक्त टीम ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां और कुलगाम जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के चार आतंकियों को मारकर प्रवासी मजदूरों की मौत का बदला ले लिया है। शोपियां के द्रगाड इलाके में ऑपरेशन के दौरान सेना के तीन जवान गोली लगने से घायल हो गए। घायलों में से एक सिपाही करमवीर सिंह की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वह मध्य प्रदेश के रामपुर इलाके के रहने वाले थे।

हाल ही में बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासी मजदूरों की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों को खदेड़ने के लिए ऑपरेशन ऑल आउट शुरू किया है। पिछले दो हफ्ते में हुई 11 मुठभेड़ों में 17 आतंकियों को मार गिराया गया है। हालांकि इस बीच में 5 मजदूरों सहित 11 नागरिकों की भी जान गई है। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि बिहार के दो मजदूरों की हत्या के पीछे कुलगाम के देवसर इलाके में मारे गए लश्कर के दो आतंकवादी थे। पहले ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के बढ़ई सगीर अहमद को निशाना बनाने वाले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी आदिल अहमद वानी सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया।

दूसरी मुठभेड़ में, सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने कुलगाम के देवसर इलाके में लश्कर के जिला कमांडर गुलजार अहमद रेशी को बेअसर कर दिया। बिहार के दो गरीब मजदूरों की हत्या के पीछे भी रेशी का हाथ था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बुधवार को इलाके में लश्कर के आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शोपियां के द्रगाड इलाके में सेना ने एक संयुक्त घेरा और ( शेष पेज 9 )

## उत्तर प्रदेश में रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने यूपी में जारी नाइट कर्फ्यू को भी खत्म करने का फैसला लिया है। कन्टेन्मेनट जोन के बाहर प्रदेश के समस्त जनपदों में कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन की शर्त के अधीन वर्तमान में रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक लागू रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू को समाप्त कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा समस्त मण्डलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज, पुलिस आयुक्त, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी व सभी जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को रात्रि कालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त किए किए जाने का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 11 अगस्त को यूपी सरकार ने शनिवार की साप्ताहिक बंदी को भी समाप्त कर दिया था। इसके बाद प्रदेश में केवल सोमवार से लेकर शनिवार तक सुबह ( शेष पेज 9 )

# आर्यन अभी रहेंगे जेल में, नहीं मिली जमानत

● बंबई उच्च न्यायालय पहुंचे शाहरुख के पुत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महानगर** स्थित एक विशेष अदालत ने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और दो अन्य को बुधवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। इन्हें मुंबई अपतटीय क्षेत्र में एक क्रूज पोत से मादक पदार्थ बरामद होने के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। विशेष न्यायाधीश वी वी पाटिल ने आर्यन और उनके दो मित्रों- अरबाज मर्चेंट तथा फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया।

मामला आज जब आदेश के लिए आया तो विशेष न्यायाधीश ने कहा, खारिज। एनसीबी ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि आर्यन कई साल से मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं और वह नशीली वस्तुओं की खरीद के लिए ऐसे कई व्यक्तियों के संपर्क में थे जो अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होते हैं। एजेंसी ने आर्यन खान की व्हाट्सऐप चैट का हवाला दिया है और दावा किया कि इससे बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की खरीद का संकेत मिलता है।



इस मामले में अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दूसरी ओर आर्यन खान ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर मुंबई तट के पास एक क्रूज जहाज से प्रतिबंधित मादक पदार्थ ( शेष पेज 9 )

## हाईकोर्ट में बोली महाराष्ट्र सरकार, परमबीर सिंह का पता नहीं चल रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** सरकार ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय में कहा कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह का पता नहीं चल पाया है। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी का पता नहीं चल रहा है, इसलिए वह अपने आश्वासन पर कायम नहीं रहना चाहती कि उत्पीड़न कानून संबंधी एक मामले में उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई (जैसे गिरफ्तारी) नहीं की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डेरियस खंबाटा ने न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल की खंडपीठ से कहा कि अब परिस्थितियां बदल गई हैं। खंबाटा ने कहाकि उनका पता नहीं चल पा रहा है। इन परिस्थितियों में, हम अपने पहले के बयान पर कायम नहीं रहना चाहते हैं, जब सरकार ने कहा था कि वह उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। परमबीर सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ( शेष पेज 9 )

# पंजाब चुनाव में गठबंधन के लिए अमरिंदर का स्वागतः भाजपा

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली

● समय आने पर किसानों के मुद्दे पर करेंगे चर्चाः गौतम

**नई** राजनीतिक पार्टी बनाने और भाजपा के साथ सीट बंटवारे के पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के ऐलान के एक दिन बाद भागवा पार्टी ने कहा है कि राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने वाले किसी भी दल से पार्टी गठबंधन को तैयार है। तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अकाली दल के बाहर निकलने के बाद राज्य में राजनीतिक आधार खो चुकी भाजपा के अमरिंदर सिंह की संभावित पार्टी के साथ आने से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी दल आम आदमी पार्टी मजबूती से चुनावी ताल ठोक रहे हैं। पंजाब के किसान तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। उनका मानना है कि नए कानून कृषि उपज की बिक्री और खरीद की पारंपरिक मंडी प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं और न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी समाप्त कर सकते हैं। भाजपा अमरिंदर के साथ गठबंधन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए किसानों के साथ किसी प्रकार का समझौता कर सकती है। भाजपा महासचिव और पंजाब प्रभारी दुष्यंत गौतम ने बुधवार को कहा कि सिंह देशभक्त नेता हैं।

भाजपा उनके साथ गठबंधन के लिए तैयार है। अमरिंदर सिंह कभी एक सैनिक थे और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर उनके रुख की प्रशंसा होनी चाहिए। किसानों के मुद्दों को हल करने की सिंह की शर्त पर भाजपा महासचिव ने कहा कि सिंह ने किसानों के आंदोलन को समाप्त करने की बात नहीं की है। गौतम ने समाचार एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा कि उन्होंने किसानों के मुद्दों के बारे में बात की है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,259 ⬇ 456 | |
| निफ्टी | 18,266 ⬇ 152 | |
| सोना | 46,580 | /10g |
| चांदी | 62,328 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीबीएसई परीक्षा केंद्र, शहर बदलने की अनुमति देगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10 वीं और 12 वीं कक्षाओं के उन छात्रों को अगले महीने से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा के टर्म-। के लिए शहर के परीक्षा केंद्र में बदलाव के लिए अनुरोध करने की अनुमति होगी, जो उन शहरों में नहीं है जहां उन्होंने दाखिला लिया था। सीबीएसई ने बुधवार को यह घोषणा की। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, बोर्ड के यह संज्ञान में आया है कि कुछ छात्र अब भी उस शहर में नहीं है, जहां उन्होंने दाखिला लिया था। ये छात्र कहीं और रह रहे है। इस आलोक में उपयुक्त समय पर सीबीएसई छात्रों को सूचित करेगा कि वे परीक्षा केंद्र के शहर में बदलाव के लिए अपने संबद्ध स्कूलों से अनुरोध करें। भारद्वाज ने कहा, स्कूल अनुरोध को ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड तक पहुंचाने के सीबीएसई के निर्देशों का पालन करेंगे।

# थल सेना ने चीन सीमा पर विमान रोधी तोपें तैनात की

**पायनियर समाचार सेवा।** तवांग

**गोले** बरसाने की अपनी क्षमता को बढ़ाते हुए भारतीय थल सेना ने अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ऊंचे पर्वतों पर अच्छी खासी संख्या में उन्नत एल-70 विमान रोधी तोपें तैनात की हैं। वहां सेना की एम-777 होवित्जर और स्वीडिश बोफोर्स तोपें पहले से तैनात हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दुर्गम क्षेत्र में 3.5 किमी की रेंज वाली विमान रोधी तोपों की तैनाती उन उपायों की शृंखला का हिस्सा है, जिसे थल सेना ने पूर्वी लद्दाख में 17 महीनों के गतिरोध के आलोक में पूर्वी क्षेत्र में 1300 किमी से अधिक लंबे एलएसी पर अभियानगत तैयारियों का मजबूत करने के लिए किया है। सेना ने वहां अच्छी खासी संख्या में एम-777 होवित्जर तोपें तैनात कर रखी हैं, जिन्हें तीन साल पहले हासिल किया गया था। किसी भी अकस्मात स्थिति से निपटने की तैयारियों के तहत, थल सेना की ईकाइयां प्रतिदिन आधार पर सैन्य अभ्यास कर रही है। इसमें समन्वित रक्षा स्थानिकता भी शामिल है, जो कि पैदल सेना, वायु रक्षा और तोपखाना सहित सेना की विभिन्न शाखाएं शामिल हैं।

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उन्नत एल 70 तोप समूचे एलएसी पर अन्य कई प्रमुख संवेदनशील मोर्चे के अतिरिक्त अरूणाचल प्रदेश में कइ प्रमुख स्थानों पर करीब दो-तीन महीने पहले तैनात की गई थी और उनकी तैनाती से सेना के गोले बरसाने की क्षमता काफ बढ़ी है। आर्मी एयर डिफेंस की कैप्टन एस अब्बासी ने कहा, ये तोपें सभी मानवरहित वायु यान, मानवरहित लड़ाकू यान, हमलावर हलीकॉप्टर और आधुनिक विमान को ( शेष पेज 9 )

# उत्तराखंड में फिर से शुरू हुई चारधाम यात्रा

● मुख्यमंत्री धामी ने प्रभावित इलाकों के हवाई सर्वेक्षण के बाद लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** में भारी बारिश और बाढ़ से 50 से अधिक लोगों की मौत और सैकड़ों करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ है। बारिश थमने के बाद बुधवार को एक बार फिर से चार धाम यात्रा शुरू हो गई है। पहाड़ी राज्य में भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति के कारण 17 से 19 अक्टूबर तक चार धाम तीर्थयात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई थी।

उत्तर-पश्चिम भारत से मानसून देरी से लौटने के बाद भी दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय रहता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून 26 अक्टूबर के आसपास पूरे देश से पूरी तरह से चला जाएगा, जिसके बाद से पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय होने का मार्ग प्रशस्त होगा। विभाग के अनुसार 20-24 अक्टूबर के दौरान केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तटीय और दक्षिण कर्नाटक के अंदरूनी भाग में वर्षा होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गढ़वाल और कुमाऊं के हवाई सर्वेक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक ( शेष पेज 9 )


उत्तराखंड के टनकपुर में बाढ़ में फंसे लोगों को निकालते एनडीआरएफ के जवान

## दिल्ली के पर्यटक समेत आठ ट्रैकर व तीन रसोइये लापता

**हिमाचल** प्रदेश में चितकुल की यात्रा पर गए आठ ट्रैकर और उनके साथ गए तीन रसोइये लापता हो गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि ग्यारह लोगों का दल उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में हर्सिल होते हुए चितकुल की यात्रा पर गया था।

टीम में कोलकाता के सात और दिल्ली का एक पर्यटक शामिल था। यह टीम 11 अक्टूबर को हर्सिल से चितकुल के लिए रवाना हुई थी और उसे 19 अक्टूबर को वहां पहुंचना था। पटवाल ने कहा कि जब यह टीम मंगलवार को चितकुल नहीं पहुंची, तो चिंतित ट्रेक आयोजकों ने उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को सूचित किया।

उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की एक टीम हेलीकॉप्टर से लापता ट्रेकर्स का पता लगाने और उन्हें बचाने की तैयारी कर रही है। टीम के सदस्यों की पहचान दिल्ली की अनीता रावत (38) और कोलकाता के निवासियों मिथुन दारी (31), तन्मय तिवारी (30), विकास मकल (33) सौरव घोष (34) सावियन दास (28), रिचर्ड मंडल (30) और सुकेन ( शेष पेज 9 )

# गौतमबुद्ध नगर में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप

## मरीजों की संख्या 250 पहुंचीं, जिला अस्पताल का बुरा हाल, प्लेटलेट्स की बढ़ी मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में डेंगू का प्रकोप काफी तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के 27 नए मरीजों की पुष्टि की है। जिसके बाद अब जनपद में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 250 हो गई है। इनमें से 34 मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। डेंगू के बढ़ते मरीजों के कारण प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ गई है। साथ ही अस्पतालों में अतिरिक्त बिस्तर लगाए गए हैं।

जिले के अस्पताल बुखार के रोगियों से भरे हुए हैं। निजी अस्पतालों में रैपिड किट के जरिए जांचे गए करीब 500 डेंगू के मरीजों का इलाज चल रहा है। डेंगू की चपेट में बड़े ही नहीं बच्चे भी आ रहे हैं। सेक्टर 30 स्थित बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक शिक्षण संस्थान में तीसरी और चौथी मंजिल पर 10-10 बिस्तर का डेंगू वार्ड बनाया गया है। यहां सभी बिस्तर भरे हुए हैं। जिले के अस्पताल की इमरजेंसी में भी डेंगू पीड़ित बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।

इमरजेंसी में डेंगू पीड़ित 3 बच्चे भर्ती हैं। बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भानू ने बताया कि डेंगू की चपेट में पांच से 15 साल तक के बच्चे आ रहे हैं। प्लेटलेट्स की खपत भी काफी बढ़ गई है। जिला अस्पताल में एक रोगी में सबसे कम चार हजार प्लेटलेट्स आ चुकी हैं।



जिला अस्पताल में मच्छरदानी लगाकर बचाव करते मरीज। फोटोः दीपक यादव

**27** नए मरीज

**03** बच्चे भर्ती

**02** दस-दस बिस्तरों के वार्ड

### एलाइजा किट से ही डेंगू की जांच मान्य

जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि एलाइजा किट से ही डेंगू की जांच मान्य है। रैपिड किट से जांचे गए नमूनों की जिला अस्पताल में एलाइजा किट से दोबारा जांच की जाती है और पुष्टि होने पर रोगी को डेंगू पीडित माना जाता है। जिन स्थानों पर डेंगू रोगी मिले हैंए वहां पर दवा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों में भी जागरूकता जरूरी है। घर और आसपास पानी जमा न होने दें। साफ-सफाई का ध्यान रखें।

### जलभराव पर विभाग ने लगाया जुर्माना

मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच लॉजिक्स ब्लॉसम काउंटी सोसाइटी में भारी लापरवाही पाई गई है। सोसायटी में जलभराव व कूड़ा मिला है। मलेरिया विभाग ने बिल्डर पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही सोसाइटी में साफ-सफाई करने की चेतावनी दी गई है। जिला प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद बिल्डर नियमों का पालन नहीं कर रहे। इसकी वजह से लाखों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में है। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया, लगातार शिकायत मिलने के बाद मलेरिया विभाग की टीम ने सेक्टर-137 में स्थित लॉजिक्स ब्लॉसम काउंटी सोसायटी का निरीक्षण किया। मौके पर निरीक्षण के दौरान टीम को गेट नंबर-1 के सामने बने बेसमेंट में जलभराव मिला। वहीं जगह.जगह कूडे के ढ़ेर मिले। सोसायटी का एसटीपी प्लांट भी संचालित नहीं पाया गया।

### निर्माणकर्ता कंपनी अपना बिजलीघर बनाएगी

# एयरपोर्ट के लिए 9 किमी विद्युत लाइन तैयार

- 1500 केवीए के अस्थायी कनेक्शन के लिए 11 हजार वोल्ट की लाइन बनाकर सप्लाई दी जाएगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटिड के आवेदन पर विद्युत निगम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति की तैयारी में जुटा है। इसके लिए 9 किमी लंबी लाइन लगभग तैयार हो चुकी है।

अगले एक सप्ताह में यह कार्य पूरा हो जाएगा। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण कार्य के लिए इस लाइन से विद्युत पहुंचेगी। जबकि एयरपोर्ट से प्रभावित जेवर बांगर में बसाए गए ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति के लिए रबूपुरा से 28 किमी लंबी लाइन बनाई गई है। नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्य के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने विद्युत के अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। विद्युत विभाग एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति के लिए 11 हजार वोल्ट की लाइन बना रहा है। जेवर-बुलंदशहर सड़क के दाहिनी ओर 9 किमी लंबी लाइन तैयार की जा रही है। अगले हफ्ते लाइन का काम पूरा हो जाएगा।

बताते चलें कि एयरपोर्ट से प्रभावित दयानतपुर खेड़ा, नगला शरीफ खां, नगला छीतर, नगला फू लखां, नगला गनेशी व रोही गांव के 3003 परिवारों को जेवर बांगर में बसाया गया है। इन परिवारों को अलीगढ़ के उसरह गांव से जेवर देहात को आपूर्ति करने वाली लाइन से अस्थायी तौर पर विद्युत सप्लाई दी जा रही है। बिजली की स्थायी व्यवस्था के लिए रबूपुरा में नए निर्मित बिजलीघर से 28 किमी लंबी बिजली लाइन बनाई गई है।

बिजलीघर के शुरू होने के साथ ही रबूपुरा से बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी। लोगों को कटौती और लो-वोल्टेज की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वैसे भी विगत दिनों से जनपद के लोगों को कटौती का सामना करना पड़ रहा है। अधिशासी अभियंता अजीत सिंह ने बताया, एयरपोर्ट के 1500 केवीए के अस्थायी कनेक्शन के लिए 11 हजार वोल्ट की लाइन बनाकर सप्लाई दी जाएगी। इसका 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बिजलीघर या लो टेंशन एलटी लाइन विकासकर्ता कंपनी खुद बनाएगी। रबूपुरा में बीरमपुर के नजदीक 132,33 केवी बिजलीघर बनकर तैयार हो चुका है। इसकी टेस्टिंग का काम चल रहा है। जेवर बांगर में इसी से बिजली आपूर्ति की जाएगी। काम लगभग पूरा हो चुका है।

### दुष्कर्मी को उम्रकैद, 4 साल बाद मिला इंसाफ

**नोएडा।** 4 साल बाद एक मासूम बच्ची को गौतमबुद्ध नगर जिला कोर्ट ने न्याय दिया है। करीब 4 साल पहले एक बच्ची का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था।

इस मामले में आरोपी को गौतमबुद्ध नगर कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस उपायुक्त वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस महिला संबंधित अपराधों की न्यायालय में भरपूर पैरवी कर रही है। वर्ष 2017 में थाना बादलपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में रहने वाली एक वर्षीय बच्ची को अगवा कर उसके साथ बीजू उर्फ विजय नामक व्यक्ति बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी थी।

## हवाई अड्डे से प्रभावित 32 परिवार यमुना प्राधिकरण पर करेंगे केस

- पुनर्वास लाभ से वंचित करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित जेवर क्षेत्र के तीन गांवों के कुल 32 परिवारों ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को कानूनी नोटिस भेजने का फैसला लिया है। इन परिवारों का कहना है कि उन्हें पुनर्वास लाभ से वंचित कर दिया गया है।

नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए अधिग्रहण किए गए 1334 हेक्टेयर के अलावा प्राधिकरण ने तीन गांवों कुरेब, नगला जहांनू और नगला फूलकान में 16 हेक्टेयर भूमि ली थी। दूसरा रनवे बनाने के लिए इस जमीन की जरूरत है।

एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए इन तीन गांवों के कुल 48 परिवार प्रभावित हो रहे थे। उनमें से 32 परिवारों ने पहले ही अपनी जमीन पर स्थायी निवास बना लिए थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें वही लाभ देने का वादा किया गया थाए जो एयरपोर्ट के पहले चरण में जमीन देने वाले किसानों को मिला है।

## एकतरफा प्यार में युवती की गोली मारकर हत्या

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक सिरफिरे आशिक की हालत गंभीर बनीं हुई है। एकतरफ प्यार में पागल युवक ने एक युवती को गोली मार दी थी, युवती को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को भी गोली मार ली।

युवती की मौत हो गई है। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास वारदात हुई । बताया जा रहा है कि एक युवती अपनी बहन के साथ दवा लेकर वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान एक युवक ने रोड के बीचोंबीच युवती को गोली मार दी। युवती को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को भी गोली मार ली। इस वारदात के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। युवक की हालत गंभीर है। जिसका इलाज किया जा रहा है। दादरी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक युवती से एकतरफा प्यार करता था, जिसके चलते युवक ने युवती को बीच सड़क में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

## लघुशंका के लिए गए युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गार्डन चौकी एरिया के इंद्र गढ़ी रेलवे लाइन के पास लघु शंका करने गए एक व्यक्ति को बदमाशों ने गोली माकर घायल कर दिया। पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आकाश पटेल ने बताया कि शटरिंग का कार्य करने वाले प्रवीण घर से रेलवे लाइन के पास लघुशंका के लिए गए हुए थे तभी अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचा और पता पूछा और फिर गोली मार दी। जैसे ही यह सूचना पुलिस को लगी पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पड़े प्रवीण को एमएमजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए एमएमजी हॉस्पिटल के चिकित्सको ने दिल्ली के जीटीबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार घायल व्यक्ति प्रवीण सेटरिंगलगाने का कार्य करता था । उनकी पत्नी मालती बुलंदशहर के पास के गांव से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ी थी और पति पत्नी में काफी सालों से आपसी विवाद चल रहा था।

## शर्तों के साथ शांत हुए नोएडा के प्रदर्शनकारी किसान

- 15 नवंबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो दोबारा प्राधिकरण का घेराव करेंगे



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन ने अपना आंदोलन रोक दिया है। किसानों ने मांग की थी कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले गांवों के बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए। नोएडा प्राधिकरण ने भाकियू अराजनीतिक पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि 11 व 12 नवंबर को अथॉरिटी रोजगार मेले का आयोजन करेगी।

इसमें नोएडा में संचालित निजी कंपनियां शामिल होंगी। योग्यता के अनुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों ने चार गांवों की आबादी निस्तारण करने के लिए जल्द से जल्द नियमितिकरण कराने की मांग नोएडा प्राधिकरण के सामने रखी। इस पर प्राधिकरण अधिकारियों ने सहमति दे दी है। अफसरों ने कहा कि आप चार गांव के नाम दें। हम चार गांव के नाम लेकर बैठेंगे। जहां सहमति के बाद विनियमितिकरण का सर्वे शुरू होगा।

### याकूबपुर का नाम सुझाया

*किसानों ने एक गांव याकूबपुर सुझाया है। लेकिन अभी इस पर फैसला नहीं हो सका है। कार्यालय पर गांव के सर्वे के लिए चार गांव के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इन्हीं मांगों के साथ मंगलवार की मध्य रात्रि में किसानों ने नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से अपना धरना हटा लिया और घर वापस लौट गए।*

### हिंदू संगठनों ने नोएडा पुलिस का किया घेराव

**नोएडा।** नोएडा में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

अब शहर के हिंदूवादी संगठनों ने सेक्टर-20 थाना का घेराव किया है। उनकी मांग है कि पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अपनी मांगों को लेकर तमाम संगठनों ने जुलूस निकाला है। इसमें आरएसएस के कार्यकर्ता भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। वीडियो और दूसरे माध्यमों से पाकिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज गाजियाबाद आएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



भारतीय जनता पार्टी के के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा गुरुवार को गाजियाबाद आएंगे। वह पहले इंदिरापुरम स्थित मानसरोवर भवन का निरीक्षण करेंगे । इसके बाद वह सौ करोड़ देशवासियों को कोरोना का टीका लगने के अवसर पर आयोजित होने वाले धन्यवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। धन्यवाद कार्यक्रम मोहननगर के आईटीएस कॉलेज के सभागार में होगा। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि श्री नड्डा में पहले सुबह 10:30 बजे कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचेंगे इसके बाद वह 11बजे आईटीएस में धन्यवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल के साथ उन्होंने मानसरोवर भवन में तैयारियों का जायजा लिया है।

## उद्योग-संस्थान में समन्वय से बढ़ेगा रोजगारः जतिन

- राजकीय पॉलिटेक्निक में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में एक छात्रा को प्रशस्ति पत्र नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्राविधिक मंत्री जतिन प्रसाद

इंडस्ट्री और इंस्टिट्यूट के मध्य समन्वय होना जरूरी है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा विभाग मंत्री जतिन प्रसाद ने कही।

वह शास्त्री नगर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है और यहां बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां हैं।

इसलिए यहां पढ़ने वाले छात्रों को रोजगार देने में यहां की औद्योगिक इकाइयां प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं। प्रसाद ने कहा कि कहा कि पॉलिटेक्निक में अभी तक 20 प्रतिशत छात्राओं की हिस्सेदारी है लेकिन हम यह चाहते हैं कि यह प्रतिशत 50 प्रतिशत तक हो जिससे महिलाएं और सशक्त हो सके।

## बेमौसम भारी बारिश ने बर्बाद की धान की फसल

- किसान एकता संघ ने सर्वेक्षण करने व राहत देने की मांग की



**पारनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पिछले दो दिनों में बेमौसम भारी बारिश ने जिले भर में विशेष रूप से अट्टा गुजरान जगनपुर और दनकौर के आसपास के गांवों धान की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। भारी बारिश की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलें बर्बाद हो गई हैं।

किसान एकता संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा नगर ने कहा कि खाद्यान्न और ईंधन की कीमतों में हालिया वृद्धि का खामियाजा किसान पहले ही भुगत रहे हैं।

बेमौसम बारिश ने उनके दुख को और बढ़ा दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण कराने और किसानों को राहत देने की मांग की। किसान नेता ने कहा, हमने धान की फसल जायजा लेने के लिए अट्टा गुजरान जगनपुर और दनकौर क्षेत्र के आसपास के गांवों का दौरा किया।

हमने पाया कि पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण उन्हें बहुत नुकसान हुआ है। बारिश ने उनकी धान की फसल को नष्ट कर दिया है। संगठन के एक सदस्य डॉ विकास प्रधान ने भी सरकार पर खाद्य पदार्थों और डीजल की कीमतों में मनमानी वृद्धि करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा इसने किसानों की कमर तोड़ दी है।

वे आजीविका के संकट का सामना कर रहे हैं। अब उन्हें अप्रत्याशित बारिश के कारण फसल के नुकसान का बोझ झेलना पड़ रहा है। किसान संगठन ने मांग की है कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन क्षतिग्रस्त फ सलों का सर्वेक्षण कर किसानों को सहायता प्रदान करने के प्रयास में तेजी लाएं। यूपी वेस्ट के बिजनौर और अमरोहा से भी फसल के नुकसान की सूचना मिली है।

### सरसों और दलहन उत्पादकों पर असर

यहां पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के पहाड़ियों में भारी बारिश के कारण गंगा नदी में जल स्तर 22000 क्यूसेक से दोगुना होकर 45000 क्यूसेक हो गया है। बिजनौर जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा ने कहा श्भारी बारिश से जिले में धान, सरसों और दलहन उत्पादकों को भारी नुकसान हुआ है। हमारी सर्वे रिपोर्ट आना बाकी है। शुरुआती जांच के मुताबिक बारिश से धान की फसल को 30 फीसदी नुकसान हुआ है। ज्ञात हो कि इस बार बरसाती मौसम लगातार बढ़ा है। अक्टूबर माह में पश्चिमी यूपी समेत कई इलाकों में बारिश हुई है।



### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विहिप ने निकाली रैली

**गाजियाबाद।** विश्व हिंदू परिषद महानगर इकाई ने महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई।

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने नवयुग मार्केट इलाके में रैली निकाली और जगह-जगह फूल बरसा कर नागरिकों ने रैली का स्वागत किया और नवयुग मार्केट स्थित बाल्मीकि पार्क में महर्षि के चित्र पर माल्यार्पण किया। परिषद के विभाग अध्यक्ष विनय कक्कड़ ने महर्षि बाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा महान महर्षि वाल्मीकि का नाम हमेशा रहेगा।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street,**
**New Delhi-110001**
**PROCLAMATION OF SALE**

Notice Under Rule 38 of The Second Schedule to The Income Tax Act, 1961 Read With Section 25(a) The Recovery of Debts Due to Banks & Financial Institutions Act, 1993.

**RC No. 312/2014** **Dated:.09.09.2021**

**In the matter of: ICICI BANK V/S BHARAT SOMASTAMB**

**To,**
**CD#**
Bharat Somastamb S/o Sh. Krishan Gopal Somastamb
R/o House No. 523, Sector-21C Faridabad, Haryana- 121001.
**Also at:** Bharat Enterprises G1/203A, Indera Enclave, Sector-21-D, Faridabad- 121002.

Whereas in execution of ibid **RC No.312/2014** dated **28.08.2014** in **OA No.308/2013** drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs.12,16,823/- (Rs. Twelve Lacs Sixteen Thousand Eight Hundred And Twenty Three Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 308/2013** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal- II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of Rs. **Rs.12,01,823/- (Rs. Twelve Lacs One Thousand Eight Hundred And Twenty Three Only)** alongwith pendentelite and future interest @15.01% per annum w.e.f. **18.10.2013** till realization with cost of **Rs.15,000/-** and costs from the Certificate Debtor (CD), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.

2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicel mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.

3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e auction through **https://auctions.cardekho.com/ auctions@cardekho.com**, by e-auction at **11:00 AM on 27.10.2021.**

4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH **Ms. Kalayani Preeti (MOB: 9599281817).**

5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.

6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.

7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.

8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions.

9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follos:-

| S. No. | Details of property | Reserve Price (In Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | 1,60,000/- | 16,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.

12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD) by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.

13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.

14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.

15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.

16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

| S. No. | Description of property to be sold with names co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | No Information | No Information | No Information |

Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this **09.09.2021.**

**(Dattatrey Bajpayee)**
**Recovery Officer-II**
**DRT-II, Delhi**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# बारिश से बर्बाद फसल पर मिलेगा 50 हजार प्रति हेक्टेयर मुआवजा

## अगले डेढ़ महीने में किसानों के खाते में पहुंचेगी रकम : केजरीवाल



- डीएम, एसडीएम दो हफ्ते में पूरी करेंगे पैमाइश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बे-मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों से निराश किसानों के चेहरों पर दिल्ली सरकार मुस्कान लाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ऐलान किया कि जिन किसानों की फसल खराब हुई उनकों प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए मुआवजा मिलेगा। केजरीवाल ने कहा कि डीएम और एसडीएम बर्बाद हुई फसलों की पैमाइश दो हफ्ते में पूरी करेंगे। इसके बाद एक से डेढ़ महीने में किसानों के खाते में मुआवजा राशि पहुंच जाएगी। उन्होंने दावा किया कि देश भर में दिल्ली सरकार सबसे ज्यादा मुआवजा देती है। दूसरे प्रदेशों की सरकारें 8 से 10 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा देती हैं।

अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में बे-मौसम बारिश से फसल बर्बाद होने के कारण किसान दुखी नहीं हों। उनका बेटा हमेशा की तरह उनके साथ है। खराब हुई फसलों के लिए उनकी सरकार प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए का मुआवजा देगी। जब भी किसी वजह से फसलें बर्बाद हुईं हैं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने आगे बढ़कर किसानों का साथ दिया है। यह केवल घोषणा नहीं है बल्कि वह कोशिश करते हैं कि जल्द किसानों के खाते में पैसा चला जाए।

केजरीवाल ने कहा कि कुछ दिन पहले कुछ किसान उनसे मिलने के लिए आए थे। वे बहुत दुखी थे। किसानों ने बताया कि बे-मौसम बारिश की वजह से उनकी फसलें बर्बाद हो गई हैं। वह सभी किसानों से कहना चाहते है वे दुखी न हों। आप सरकार हर मुसीबत में उनके साथ खड़ी है।

केजरीवाल ने कहा जबसे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से ही उनकी सरकार ने आगे बढ़कर किसानों का साथ दिया। उन्हें भरोंसा है कि दो हफ्ते के अंदर सारी पैमाइश व सर्वे पूरी कर जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा मिल जाए। उन्होंने कहा कि किसान फसल न लगाए, तो उनको उतनी तकलीफ नहीं होती है। लेकिन अगर वह फसल लगाए , खाद-बीज पर पैसे खर्च करें और पूरी फसल बर्बाद जाए तो बहुत ज्यादा दुख होता है। वह कहीं से कर्ज ले रखा होता है। वह कर्ज वापस करने लायक नहीं बचता है। किसान बिल्कुल दुखी न हों। वह जल्द से जल्द भरपाई करने की कोशिश करेंगे।

## भाजपा के दबाव में सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान : नेता प्रतिपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रदेश भाजपा ने दिल्ली सरकार द्वारा बारिश से बर्बाद हुई फसल के लिए घोषित मुआवजे को नाकाफी बताते हुए इसे बढ़ाने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा के दबाव में मुख्यमंत्री खराब हुई फसल के लिए मुआवजा देने का ऐलान किया है।

उन्होंने प्रति हेक्टेयर मात्र 50 हजार रुपये मुआवजा राशि को बढ़ाकर प्रति एकड़ 50 हजार रुपये करने की मांग की है। उन्होंने किसानों की अन्य मांगों को पूरा करने के लिए भी केजरीवाल सरकार को दीवाली तक का समय दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर ये मांगें नहीं मानी गई तो दीवाली के बाद उनकी पार्टी किसानों के समर्थन में आन्दोलन करेगी। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भाजपा किसान मोर्चा के संघर्ष के आगे दिल्ली सरकार ने घुटने टेक दिए है। उन्होंने भी कहा कि यह मुआवजा काफी नहीं है। इसलिए मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए ताकि किसानों को उनके बर्बाद हुए फसल के अनुसार भरपाई मिल सके।

## पांच सितारा होटल का शेफ अवैध पटाखे बेचते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार ने पटाखों की बिक्री, खरीद, भंडारन पर प्रतिबंद लगा दिया है। इसके बावजूद कुछ लोग ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों की सांसों के साथ खिलवाड़ रही है। दिल्ली पुलिस ऐसे लोगों पर लगातार नजर रख रही है। इसी सिलसिले में उसने अवैध पटाखे बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद अजीम के रूप में हुई है। अजीम उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से 90 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए हैं।

डीसीपी श्वेता चौहान ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अजीम किराये के मकान में रहता था। वह पांच सितारा होटल में बतौर शेफ काम करता था.। साथ ही अवैध रूप से पटाखे बेचने का भी कारोबार करता था। पूछताछ में अजीम ने बताया कि उसने ये पटाखे फरीदाबाद के रहने वाले शख्स विकास से खरीदे थे।

## समय के सदुपयोग से मिलती है सफलता : शुभम कुमार



अजीत तिवारी। नई दिल्ली

जब लगन लगी हो तो हर लक्ष्य छोटा नजर आता है। आईएएस परीक्षा टॉप करने वाले शुभम कुमार के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। वह सिविल सर्विस प्रीलिम्स की तैयारी में जुटे थे, लेकिन पिछली बार का रिजल्ट आया तो यकीन नहीं हुआ। उन्होंने देशभर में टॉप किया।

शुभम वर्ष 2019 में 290 रैंक के साथ आईएएस एलॉयड में नौकरी पक्की कर चुके थे, लेकिन संतुष्ट नहीं थे और कुछ बड़ा करना चाहते थे। इसलिए 2020 में दोबारा परीक्षा में बैठे। फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन कहीं चूक न जाएं या मन मुताबिक रैंक न मिली तो इसके लिए अगली योजना के तहत 2021 की प्रीलिम्स की तैयारी में जुटे थे। वर्ष 2021 आईएएस प्रीलिम्स परीक्षा में सिर्फ 10 दिन बाकी थे, लेकिन यूपीएससी 2020 परीक्षा का रिजल्ट आया तो आईआईटी बांबे से सिविल में बीटेक करने वाले शुभम कुमार ने टॉप कर इतिहास रच दिया।

युवाओं के आईकॉन बने शुभम कुमार रविवार को इस मंजिल तक पहुंचने में पथ प्रदर्शक बने कोचिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक नरेश वैद्य और छात्रों से भी मिले। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से तैयारी के संबंध में बात करते हुए कहा कि जब जागो, तभी सबेरा। खुद पर विश्वास करना है और अपने समय का कितना सदुपयोग आप करते हैं, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## सात आईएएस अधिकारियों का तबादला

- स्वाति शर्मा स्वास्थ्य सचिव नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने सात नौकरशाहों का स्थानांतरण कर दिया है, जिसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी स्वाति शर्मा को दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

18 अक्टूबर के आदेशानुसार, दिल्ली सरकार के सेवा विभाग ने एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्रशासित) काडर के इन सात आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्त आदेश जारी किए, जहां उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई हैं।

आदेश के अनुसार 2003 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्वाति शर्मा को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह इस समय सचिव (पर्यटन) के रूप में कार्यरत हैं। दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) की प्रबंध निदेशक होने के साथ ही उनके पास कला, संस्कृति एवं भाषा का अतिरिक्त प्रभार भी है।

वहीं, 2007 बैच के आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय को निदेशक (शिक्षा) से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में स्थानांतरित किया गया है। उनके पास स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा।

ऐसा माना जा रहा है कि शहर में कोविड-19 मामलों में आई उल्लेखनीय गिरावट के बाद स्वास्थ्य विभाग में यह फेरबदल किया गया है। आदेश में कहा गया है कि समाज कल्याण सचिव गरिमा गुप्ता का तबादला कर उन्हें दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वह शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) की प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभालती रहेंगी।

2003 बैच के आईएएस अधिकारी नीरज सेमवाल नए सचिव-सह-आयुक्त (खाद्य एवं आपूर्ति) होंगे। वह आशीष कुंद्रा (एजीएमयूटी, 1996) को प्रभार से मुक्त करते हुए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। वहीं 2000 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और सचिव-सह-आयुक्त (विकास) मधुप व्यास को सचिव (समाज कल्याण) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



रघुबीर नगर में पार्क के नामकरण अवसर पर मौजूद महापौर मुकेश सुर्यान।


### पार्क का नाम बदल कर महर्षि वाल्मीकि वाटिका किया

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के महापौर मुकेश सुर्यान ने बुधवार को वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर पश्चिमी ज़ोन के रघुबीर नगर क्षेत्र में पार्क का नामकरण 'महर्षि वाल्मीकि वाटिका' कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने हमें मर्यादा, सत्य, धर्म का रास्ता दिखाया, हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की धर्मपत्नी स्वाति सिंह, पश्चिमी जोन की अध्यक्षा श्वेता सैनी, पार्षद पूर्वा सांकला, उद्यान समिति की अध्यक्षा माया बिष्ट और पार्षदगण व निगम अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर महापौर ने कहा कि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर 'महर्षि वाल्मीकि वाटिका' पार्क का लोकार्पण किया गया है। इस पार्क का सौंदर्यीकरण किया गया व हरियाली भी विकसित की गई है।



महर्ष वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को गदा भेंट करते पूर्व विधायक जयकिशन।

### कोविड-19 के 25 नए मामले आए, किसी की मौत नहीं



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवाार को कोविड-19 के 25 नए मामले सामने आए। अच्छी बात यह है कि पिछले एक दिन में किसी संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई है। इस दौरान संक्रमण दर गिरकर 0.04 प्रतिशत पर आ गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने केवल पांच लोगों- सात, आठ और 16 सितंबर को एक-एक और 28 सितंबर को दो मरीजों की मौत संक्रमण से हुई थी। इस महीने अबतक तीन मरीजों की कोविड-19 की वजह से जान गई है। मंगलवार को कोविड-19 से एक मरीज की मौत हुई थी जबकि 36 नए मामले आए थे और संक्रमण दर 0.06 प्रतिशत रही थी।

## दिल्ली में डेंगू से बिगड़ते हालात पर आप-भाजपा को चिंता नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू से बिगड़ते हालात पर कांग्रेस ने आप और भाजपा पर निशाना साधा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली सरकार और भाजपा शासित दिल्ली नगर निगमों की निष्क्रियता, अक्षमता, कुप्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति असंवेदनशीलता से पिछले कुछ दिनों में डेंगू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि राजधानी में डेंगू के मामले 723 तक पहुंचने और 18 अक्टूबर को डेंगू से एक मौत होना, चिंता का विषय है, जिसकी दिल्ली सरकार पूरी तरह अनदेखी कर रही है।

## प्रदूषण के खिलाफ जंग में साथ दें दिल्ली वाले : सरकार

- साफ हवा के लिए मिलकर लड़ेंगे, तभी जीत सकेंगे : राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री श्री गोपाल राय ने बुधवार को दिल्ली वासियों से वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से चलाए जा रहे 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' अभियान में अपना सक्रीय योगदान देने का आह्वान किया।

राय ने कहा कि सरकार और समाज दोनों जब मिलकर लड़ेगा, तभी हम दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई को जीत सकेंगे। दिल्ली के दो करोड़ लोग इस महाअभियान में जिम्मेदारी के साथ अपना योगदान देते हैं, तो दिल्ली में प्रदूषण को 15 से 20 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। वहीं, आज को दिल्ली के सभी विधायक चंदगी राम अखाड़े के पास 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' अभियान के तहत लोगों को जागरूक करेंगे।

दिल्ली सरकार ने वाहन प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' महा अभियान को दिल्ली में शुरू कर दिया है। राय ने कहा कि अगर दिल्लीवासी जिम्मेदारी के साथ अपना योगदान देते हैं, तो दिल्ली में वाहन प्रदूषण को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिले महापौर

**नई दिल्ली।** दक्षिणी निगम के महापौर ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से की मुलाकात कर, निगम के 586 अनुबंधित शिक्षकों को 'सर्व सर्वेक्षण अभियान' के तहत पुन: नियुक्ति प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया।

महापौर ने बताया कि उनके द्वारा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर, अनुरोध किया था कि दक्षिणी निगम के अनुबंधित शिक्षकों को 'सर्व सर्वेक्षण अभियान' के तहत लगाया जाए ताकि निगम विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके।





दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में आल इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन आफ बवाना द्वारा आयोजित 'हरियाणा एक आदर्श निवेश स्थान' कार्यक्रम में पहुंचने पर हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक अनुराग अग्रवाल का स्वागत करते हुए दिल्ली के उद्यमी।

## आईएमटी से बवाना तक चार लेन की होगी सड़क

- दिल्ली के उद्यमियों के लिए संभावनओं का द्वार बना आईएमटी खरखौदा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के इंडस्ट्रीयल मॉडल टाउनशिप, खरखौदा (आईएमटी खरखौदा) में निवेश को गति देने की दिशा में हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम द्वारा हरियाणा के क्षेत्र में आईएमटी, खरखौदा से बवाना (दिल्ली) तक सड़क मार्ग को 4 लेन किया जाएगा।

हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम द्वारा अब दिल्ली की औद्योगिक एसोसिएशनों के माध्यम से सीधे उद्यमियों व निवेशकों से सीधा संवाद किया जा रहा है। इसी क्रम में आल इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन आफ बवाना द्वारा हरियाणा एक आदर्श निवेश स्थान आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक अनुराग अग्रवाल ने दिल्ली के उद्यमियों व निवेशकों से संवाद किया।

## मुंबई में फ्लैट खरीदने के सपने ने नौकर को बनाया किडनैपर

### अगवा बच्चे को सकुशल छोड़ने के लिए मांगी 1.10 करोड़ की फिरौती, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुंबई में फ्लैट खरीदने के सपने ने एक नौकर को अपराधी बना दिया। दरअसल गांधी नगर में रहने वाले दंपति और उनका बच्चा खुशी-खुशी रह रहे थे। इस बीच एक परिचित की मदद से करीब महीना भर पहले घर में काम करने के लिए सहायक को रखा था। बच्चे को उससे खास लगाव हो गया था। इतना लगाव कि बच्चा उसे चाचा कहकर पुकारने लगा। लेकिन वह नौकर जल्द करोड़पति बनने का सपना देखने लगा। इसी चक्कर में उसने बच्चे को अगवा कर एक करोड़ 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल नौकर के पास से छुड़ा लिया। पुलिस ने जब उसके साथ सख्ती करनी चाही तो बच्चे ने यह कहते हुए रोका कि ये मेरा चाचा हैं। संयुक्त आयुक्त सागरप्रीत हुड्डा ने बताया कि गत 19 अक्टूबर की शाम गांधी नगर थाने में बच्चे के अपहरण की जानकारी मिली थी। पीड़ित परिवार ने बताया कि उनके यहां काम करने वाला घरेलू सहायक मोनू ने बच्चे को अगवा कर एक 1.10 करोड़ की फिरौती मांगी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

परिवार ने बताया कि उन्होंने मोनू को एक महीने पहले ही रखा था। 10 दिन बाद उसने यह नौकरी छोड़ दी थी लेकिन उसके जाने के बाद बच्चा मोनू के लिए रोता था। बच्चे की जीद पर उसे दोबारा नौकरी पर रखा गया। परिचित के जरिए आने से परिवार ने मोनू का पुलिस से सत्यापन नहीं कराया था। पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन शाम लगभग चार बजे मोनू बच्चे को घुमाने ले गया था। एक घंटे बाद जब उसकी मां ने मोनू को फोन किया तो उसका मोबाइल बंद था। कुछ देर बाद मोनू ने कॉल कर महिला को बताया कि बच्चा उसके पास है। अगर वह सकुशल उसकी वापसी चाहती है तो 1.10 करोड़ की फिरौती चुकानी होगी। परिवार की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर एसीपी मनोज पंत की देखरेख में इंस्पेक्टर भगवती प्रसाद और राकेश रावत की टीम ने छानबीन शुरू की। परिवार वालों और पड़ोसियों को साथ लेकर पुलिस टीम ने बच्चे एवं मोनू की तलाश शुरू की।



1947 के विभाजन का दर्द–बुजुर्गों की जुबानी:

# बंटवारे की ज्यादतियों को कभी भुला नहीं पाएंगे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### बंटवारे का दर्ज साझा करते हुए जोधाराम राजपाल ने कहा कि आज टूटते रिश्ते भी चिंता का विषय


जोधाराम राजपाल।

**जोधाराम** राजपाल की भारत–पाकिस्तान बंटवारे के समय उम्र 15 साल थी। सब कुछ वे समझते थे, जानते थे। इसलिए बंटवारे के समय हुई ज्यादतियां उन्हें आज भी हूबहू स्मरण हैं। बंटवारे से पहले ना कोई चिंता ना कोई डर था। बंटवारे में सब कुछ खो गया। वे आज के दौर में रिश्तों में आ रही दरारों से चिंतित हैं।

जोधाराम राजपाल कहते हैं कि पाकिस्तान में उनकी 50 बीघे जमीन थी, जिसके बदले भारत में उन्हें 5 बीघा जमीन मिली। वे कहते हैं कि उस समय पाकिस्तान में पूरा परिवार बहुत अच्छी तरह से जीवन यापन उस समय कर रहा था। बंटवारे के बाद जब भारत अलग देश बना तो पाकिस्तान में गुलामों जैसा व्यवहार होने लगा। वहां गुलामी की जंजीरों से छूटकर सब स्वतंत्र भारत के नागरिक बने। आजादी की हवा में सांस लेने के लिए पूर्वजों ने जो कुर्बानियां दी, आज उनकी कुर्बानियों के दम पर ही सब जीवन को सुकून से जी रहे हैं। भारत आकर सभी ने पुरुषार्थ किया। जिस समय में वे यहां पर मेहनत–मजदूरी कर रहे थे। उस समय अपने साथ के लोगों को म्यूनिसिपल कमेटी की नालियां तक साफ करते देखा है, ताकि वे परिवार का पेट भर सकें। लोगों ने इस हद तक श्रम करके जीवन यापन किया, लेकिन कभी मुफ्तखोरी का खाना पसंद नहीं किया। अपना चरित्र निर्माण किये रखा। उस समय कुछ स्वार्थी लोग भी देखे।

उस समय का स्मरण करते हुए जोधाराम कहते हैं कि अल्लाह बख्श नाम का फकीर थे। वे उनके पिताजी के बहुत करीब थे। उनका ठिकाना पहाड़ी के रास्ते पर था। जो मुसाफिर वहां से गुजरते थे, वहां पर आकर रुकते थे। करीब 50 लोगों का खाना रोज उनके घर बनता था। जिस दिन उनके घर कोई खाना नहीं खाता था, वे समझते थे कि आज खुदा की रहमत नहीं हुई। ऐसे महान लोगों को उनका शत–शत नमन है।

### हमारे में समाज में नाम के रह गए हैं रिश्ते

**जोधाराम** भारत आकर बहुत अच्छी जिंदगी जी रहे हैं, लेकिन उन्हें दुख है कि हमारे समाज में आज रिश्ते नाम के रह गये हैं। रिश्तों में जो जज्बात होते थे, वे कहीं गुम से हो गये हैं। हमें इस पर सोचना होगा। हमें अच्छे समाज की रचना के लिए अपने घर से शुरुआत करनी होगी। घर–परिवार को एक करके रखना होगा।

## मृतक ऑटो चालक की हुई पहचान

**सोहना।** ऑटो से गिरकर मौत हुई 19 वर्षीय अज्ञात चालक के शव की पहचान कर ली गई है। युवक का शव बल्लभगढ़ मार्ग पर गांव सरमथला के पास सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला था। पुलिस ने ऑटो के नंबर से मृतक की पहचान की फरीदाबाद के गांव भतोला निवासी विजय पुत्र हरपाल उम्र 19 के रूप में की है। सोहना आने पर मृतक के पिता हरपाल ने अपने बेटे के रूप में शव की पुष्टी की। हरपाल ने बताया कि विजय शराब पीने का आदी था। एएसआई सत्यवान ने बताया कि मृतक का ऑटो पानी भरे गडढे में घुस गया था। जिसे निकालने के लिए विजय ऑटो से नीचे उतारने का प्रयास कर रहा था। उस दौरान वह शराब के नशे में होने के कारण पानी में गिर गया।

# चीनी दूतावास पर भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने किया प्रदर्शन

### तिब्बत की आजादी, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति व भारत की सुरक्षा को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भारत–तिब्बत सहयोग मंच की ओर से प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

**तिब्बत** की आजादी, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और भारत की सुरक्षा। इन तीनों विषयों को लेकर बुधवार को भारत–तिब्बत सहयोग मंच के बैनर तले दिल्ली में लोग गरजे। चीनी दूतावास पर विशाल विरोध प्रदर्शन करने की योजना था, लेकिन पुलिस ने वहां से पहुंचने से पहले ही रोक दिया। बीच सड़क पर मंच के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

चीन द्वारा भारत पर 20 अक्टूबर 1962 को किये गये आक्रमण की 59वीं बरसी पर चीनी दूतावास पर विशाल विरोध प्रदर्शन में बुधवार को भारत–तिब्बत सहयोग मंच के बैनर तले पहुंचे लोगों ने चीन के विरोध में नारे लगा। हाइफा चौक (तीन मूर्ति दिल्ली) से चीनी दूतावास तक पैदल मार्च होना था, लेकिन पुलिस ने मार्च को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान सभी कार्यकर्ता बीच सड़क पर बैठ गये और अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भारत–तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल ने किया।

अपने संबोधन में पंकज गोयल ने कहा कि 1906–7 ई0 में तिब्बत पर चीन ने अपना अधिकार बनाया और याटुंग ग्याड्से एवं गरटोक में अपनी चौकियां स्थापित की। 1912 ई0 में चीन से मांछु शासन अंत होने के साथ तिब्बत ने अपने को पुन: स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। सन् 1913–14 में चीन, भारत एवं तिब्बत के प्रतिनिधियों की बैठक शिमला में हुई, जिसमें इस विशाल पठारी राज्य को भी दो भागों में विभाजित कर दिया गया। सन् 1933 ई0 में 13वें दलाई लामा की मृत्यु के बाद से बाह्य तिब्बत भी धीरे–धीरे चीन द्वारा घेरा जाने लगा। 1951 की संधि के अनुसार यह साम्यवादी चीन के प्रशासन में एक स्वतंत्र राज्य घोषित कर दिया गया। इसी समय से भूमि सुधार कानून एवं दलाई लामा के अधिकारों में हस्तक्षेप एवं कटौती होने के कारण असंतोष की आग सुलगने लगी। बल प्रयोग द्वारा चीन ने इसे दबा दिया। अत्याचारों, हत्याओं आदि से किसी प्रकार बचकर दलाई लामा नेपाल पहुंच सके। अभी वे भारत में रहकर चीन से तिब्बत को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। पंकज गोयल ने कहा कि भारत तिब्बत मंच भी यही आवाज पुरजोर तरीके से उठा रहा है कि तिब्बत को आजाद किया जाए, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति की जाए। साथ ही भारत की सुरक्षा और अधिक मजबूत हो।

इस अवसर पर भारत तिब्बत मंच के हरियाणा प्रांत संयोजक अमित गोयल ने कहा कि जब तक मंच इन तीनों मांगों को पूरा कराने में कामयाब नहीं हो जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मांग भारतीयों का हक है। यह हक भारतीय लेकर रहेंगे। इस अवसर पर गयरी डोलमा मंत्री निर्वासित तिब्बत सरकार, याशी फॉन्कचौक पूर्व मंत्री निर्वासित तिब्बत सरकार, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष अजय भारद्वाज, महिला प्रांत मंत्री कुसुम गोला, सूरजभान पांडेय, मनोज श्रीवास्त समेत काफी संख्या में मंच के सदस्य मौजूद रहे।

# घाटी से 30 फुट गहराई में आबादी क्षेत्र में गिरा डंपर


शुक्रवार सुबह छह बजे सोहना घाटी के आबादी क्षेत्र में गिरा क्रेसर से भरा हाइवा डंपर।

### दो मकानों में रह रहे दर्जनभर लोग बाल-बाल बचे

**सोहना।** घाटी से उतरा रहा 22 टायरा हाइवा डंपर तीन फुट की दीवार तोड़ता हुआ 30 फुट गहराई में आबादी क्षेत्र में जाकर गिरा। हाइवा की चपेट में आने से दो परिवार के दर्जनभर सदस्य बाल–बाल बच गए। चालक क्लीनर मौके से फरार हैं।


बुधवार सुबह करीब छह बजे डस्ट से भरा 22 टायरा हाइवा डंपर तावडू से सोहना आ रहा था। घाटी में उतरते समय देवीलाल मोड़ से मात्र सौ मीटर दूर चलकर हाइवा डंपर सड़क किनारे लगी तीन फुट चौड़ी पक्की दीवार कूदकर करीब 50 फुट दूर बने दो मकानों के पास जाकर गिरा। एक मकान की करीब चार फुट ऊंची दीवार की ईंट निकल दूसरी तरफ सौ रहे रॉकी नामक युवक के पैरों पर जाकर गिरी। डंपर का कैबिन जयपाल की झोपड़ी तोड़ते हुआ घुस गया। झोपड़ी के पास खड़ी बाइक नीचे दबने से क्षतिग्रस्त हो गई। झोपड़ी में सौ रही 35 वर्षीय सुनीता ने बताया कि वह एक मिनट पहले ही झेपड़ी से निकलकर बाहर गई थी। चन्द्रपुरी पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि जिस समय डंपर घाटी से कूदा है। उस समय वह अपने मकान की छत पर योगासन कर रहा था। डंपर को घाटी के साथ खड़े दो देशी कीकर के पेड़ों ने रोक लिया। यदि पेड़ न होते तो हाइवा डंपर तीन से चार मकानों को अपने चपेट में ले लेता। जिससे कई लोगों की जान जा सकती थी। उन्होंने बताया कि हाइवा डंपर चालक को नींद का झटका आया है। जिससे अचानक डंपर नीचे की तरफ कूद गया। चालक–क्लीनर शराब के नशे में थे। रॉकी शर्मा ने बताया कि डंपर चालक व क्लीनर को क्षतिग्रस्त कैबिन से आस पास के लोगों ने बाहर निकाला। अज्ञात चालक व क्लीनर शराब के नशे में थे। जो बाद में मौके का फायदा उठाकर भाग गए। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई।

## संक्षिप्त-समाचार

### सड़क किनारे चाय पी रहे फूफा-भतीजे को कार ने कुचला

**सोहना।** गुरुग्राम मार्ग पर धुनेला के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चाय पी रहे फूफा–भतीजे को कुला। फूफा की मौके पर ही मौत हो गई और भतीजे ने गुरुग्राम जाते समय रास्ते में दमतोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। मंगलवार शाम पांच बजे मूलरूप से मध्यप्रदेश के जिला दमोह निवासी सोनू उर्फ तुल्ला (35) व उसका भतीजा चतुर सिंह (30) गुरुग्राम मार्ग पर गांव धुनेला में सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल के साथ खड़े होकर चाय पी रहे थे। उसी समय गुरुग्राम की तरफ से तेज रफ्तार से आई कार ने ग्रिल तोड़ते हुए चतुर सिंह और सोनू को कुचल दिया। हादसे में सोनू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और चतुर सिंह ने गुरुग्राम जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सोनू के पिता बाली ने बताया कि उसका बेटा चतुर सिंह के साथ मंगलवार सुबह मध्यप्रदेश से गांव धुनेला में पहुंचा था। सोनू उसका अकेला बेटा था और दो बेटिया हैं। बेटियों की शादी हो गई। परिवार को खर्चा सोनू ही चला रहा था। जिसके तीन बच्चे और पत्नी पीछे रह गई है। चतुर सिंह के दो बच्चे और पत्नी पीछे रह गई।

### एमवीएन विवि में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन



**पलवल।** बुधवार को एमवीएन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस के नवप्रवेशित छात्रों के लिए कंप्यूटर साइंस में विशेषज्ञयता और उनमें कैरियर की संभावनाओं पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के समापन पर विवि के कुलपति डॉ. जेवी देसाई ने देश के विकास में कंप्यूटर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर विज्ञान की सर्वव्यापी प्रकृति ने इसे रोजगार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कौशल बना दिया है और कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा भारत के युवाओं को सर्वश्रेष्ठ भविष्य के निर्माण का अवसर प्रदान करने में काफी मदद करेगी। विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने कहा कि आज कंप्यूटर जगत में जो क्रांति आयी है, वह अभूतपूर्व है। विवि के डीन एकेडमिक्स डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा कि आज देश जिस मुकाम पर है, वह कंप्यूटर की देन है। अगर हमें आगे बढ़ना है तो कंप्यूटर की विद्याओं में विषज्ञता हासिल करनी होगी। विदेशी विशेषज्ञ विपुल जारो (ऑस्ट्रेलिया), अतुल राणा (नीदरलैण्ड) और अनीश तलवार (कनाडा) ने ऑनलाइन माध्यम से छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के अंतिम सत्र में आरती नारंग, गुड़वत्ता टीम लीड के द्वारा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग की असीमित रोजगार संभावनाओं के विषय में छात्रों का मार्गदर्शन किया। विभागाध्यक्ष बबीता यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया। डॉ. आलोक श्रीवास्तव, हरेंदर सिंह, चारु शर्मा और सुधा रानी आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

### वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित


वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते अध्यापक।

**होडल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य जीतपाल सिंह, हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन के प्रांतीय उपप्रधान भगवान सिंह सौरोत, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता रविदत्त जोशी, जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत, महासचिव हंसराज रावत ने विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जीतपाल सिंह ने और मंच संचालन हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन के जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत ने किया। एसोसिएशन के प्रांतीय उपप्रधान भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर आध्यात्मिक ग्रंथ रामायण की रचना करके समाज को सही दिशा दिखाने का श्रेष्ठ कार्य किया। आज भी रामायण की घर–घर में पूजा की जाती है और रामायण के पात्रों से भारतवर्ष का जनमानस प्रेरणा लेता है। कार्यक्रम में भगत सिंह धनखड़, बीरेंद्र कुमार शर्मा, समय सिंह, श्यामलाल, सुदेश जोशी, अतर सिंह धनखड़, भूपेंद्र सिंह रावत, छत्तरपाल आदि ने महर्षि बाल्मीकि के जीवन–चरित्र प्रकाश डाला।

### दो सगे भाइयों से हथियारबंद बदमाशों ने 1.80 लाख रुपये लूटे

**गुरुग्राम।** सर्विस सेंटर से स्कॉर्पियो गाड़ी लेने गए सगे भाइयों को हथियारबंद बदमाशों ने बीच रास्ते रोककर बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने उनसे हथियार के बल पर 1.80 लाख रुपये व मोबाइल भी लूट लिया। इसे पहले कि लोग मौके पर पहुंचते, आरोपी मौके से फरार हो गए। लोगों ने घायल भाइयों को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया। बादशाहपुर थाना पुलिस ने बुधवार को शिकायत के आधार पर केस दर्जकर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, तावडू निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उनकी स्कॉर्पियो में दिक्कत आने के कारण उसे नरसिंहपुर स्थित सर्विस सेंटर में ठीक करने के लिए दी हुई है। मंगलवार को नरेश अपने भाई राजेश के साथ ब्रेजा गाड़ी से नरसिंहपुर गए थे। सर्विस सेंअर जाने पर पता लगा कि स्कॉर्पियो अभी ठीक नहीं हुई है। इस पर वह वापस आने लगे। आरोप है कि जब वह सर्विस सेंटर के पिछली तरफ सर्विस रोड पर पहुंचे तो एक स्कॉर्पियो उनकी ब्रेजा गाड़ी के आगे रुकी। दूसरी स्कॉर्पियो ने उनकी गाड़ी के पीछे लगा कर उन्हें रोक दिया। दोनों स्कॉर्पियो में से करीब आठ बदमाश उतरे। उन्होंने दोनों भाइयों की कनपटी पर रिवॉल्वर लगा दी। बदमाशों ने उन्हें गाड़ी से नीचे उतारा और डंडों व रॉड से बुरी तरह से पीटा। इस पर वह बचने के लिए शोर मचा कर भागे। आरोप है कि लोगों के एकत्र होते ही बदमाश मौके से फरार हो गए। इसके बाद उनकी गाड़ी में रखे 1.80 लाख रुपये व मोबाइल गायब मिले। लोगों ने उन्हें घायल अवस्था में मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया।

## वॉव स्किन साइंस ने शुरू किया दीवाली कैंपेन सखिल के मनाओ दीवाली विद वॉव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**पर्सनल** केयर सेग्मेंट के अग्रणी ब्रांड वॉव स्किन साइंस ने नया कैंपेन 'सखिल के मनाओ दीवाली विद वॉव' लॉन्च किया है। उपभोक्ताओं को इस त्योहारी सीजन में सुकून से हर पर को जीने और अपना ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में यह ब्रांड का अनूठा प्रयास है। दीवाली के उत्साह के बीच वॉव स्किन साइंस ने सबसे अपील की है कि अपने अंदर की खूबसूरती को कम न होने दें। यह कैंपेन स्वयं को प्राथमिकता देने और वॉव स्किन साइंस उबटन रेंज के साथ सेल्फ केयर सेशन की चर्चा करता है।

'मेरा वक्त' (मी टाइम) की धारणा के साथ और अपनी देखभाल के महत्व को लेकर संदेश फैलाने के लिए वॉव स्किन साइंस की उबटन रेंज एक आदर्श पिक–मी–अप है जो अंदरूनी खूबसूरती को निखारता है और यह निखार आपको बाहरी चमक भी देती है। वॉव स्किन साइंस के को–सीईओ मनीष चौधरी ने इस कैंपेन को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'यह दीवाली खास होगी। पिछले साल के खराब अनुभव से बाहर निकलकर अपनों के साथ खुशियां बांटने का वक्त है। इस फिल्म के जरिये हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति कुछ पल ठहरे और अपने लिए कुछ समय निकाले। इस कैंपेन में इस संदेश को बहुत खूबसूरती से पिरोया गया है। आनंद के साथ मनाए जाने वाले त्योहारों में वॉव स्किन साइंस उबटन रेंज के साथ खुद को निखारना बेहतर कदम है।'फिल्म का लिंक – https://www.youtube.com/watch?v=jo_zvOZax|Y

# महाकाव्यों से भावी पीढ़ियों को अवगत कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### एनसीआर मीडिया क्लब गुड़गांव की ओर से वाल्मीकि जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में एडीसी ने कही यह बात


गुरुग्राम में बुधवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीसी विश्राम कुमार मीणा को स्मृति चिन्ह देते एनसीआर मीडिया क्लब के सदस्य व उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थी।

**अतिरिक्त** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रामायण जैसे महाकाव्यों से हमें अपनी पीढ़ियों को अवगत कराना चाहिए। उसका ज्ञान देना चाहिए। शिक्षा सिर्फ जीवन में कामयाबी की ही ना हो, बल्कि संस्कारों की भी हो। हमारे पवित्र काव्यों, ग्रंथों से हम बच्चों में संस्कारों का समावेश कर सकते हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां बसई गांव स्थित ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एनसीआर मीडिया क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही।

इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ में एनसीआर मीडिया क्लब गुड़गांव के अध्यक्ष अमित नेहरा, कोषाध्यक्ष राज वर्मा, वरिष्ठ सदस्य संजय कुमार मेहरा, दीपक शर्मा, संज राठौर और प्रीतम व इंद्रजीत आदि ने अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का बुके देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में अतिरिक्त उपायुक्त ने आगे कहा कि वर्तमान समय में हमें अपने बच्चों, युवा पीढ़ी को धार्मिकता से जोड़कर उन्हें इसकी महत्ता बतानी है। उन्होंने एनसीआर मीडिया क्लब को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने गुरुग्राम की समस्यों के समाधान पर कहा कि वे रोज सुबह स्थानीय समाचार पत्रों को पढ़ते हैं। उनमें देखते हैं कि किस क्षेत्र में किस तरह की समस्या के समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। उन्हीं को वे अपने एजेंडे में शामिल करके उन समस्याओं के निराकरण पर काम करते हैं। बसई एंक्लेव में आयोजन स्थल के सामने सड़क पर भरे पानी को लेकर भी उन्होंने संज्ञान लेने की बात कही। उन्होंने जल्द ही इस पानी की निकासी का आश्वासन दिया। एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में कुल 24 हजार श्लोक लिखे और इसमें कुल 4 लाख 80 हजार दो शब्द हैं। उन्होंने कहा कि रामायण ग्रीक महाकाव्य इलियड से चार गुना बड़ा महाकाव्य है। श्री नेहरा ने कहा कि एनसीआर मीडिया क्लब पिछले छह साल से पत्रकारों समेत समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर क्लब के ट्रेजरर राज वर्मा ने कहा कि रामायण हमें आदर्श जीवन जीने की सीख देती है।

## सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती आवाजाही के बीच ग्लोबल सेफ्टी ब्रांड करम सेफ्टी ने लोगों से की सतर्कता की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**देश** में गतिविधियों में छूट के साथ ही अब लोगों ने बाहर आवाजाही शुरू कर दी है। कई महीने घरों में रहने के बाद यह स्वाभाविक है कि लोग अपने दोस्तों और परिजनों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। बच्चों और युवाओं में यह उत्साह और भी ज्यादा है।

महामारी के कारण बने उदासी के माहौल के बीच स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का खुलना बच्चों और अभिभावकों के लिए किसी राहत की तरह है। इस समय लोगों के लिए उत्साहित होना सामान्य है, लेकिन यह भी समझना जरूरी है कि हम अभी महामारी से लड़ रहे हैं। कई बार इस तरह की बातें सामने आई हैं कि तीसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा घातक हो सकती है। त्योहारी सीजन में बच्चों को किसी भी मुश्किल से बचाना बहुत जरूरी है। बच्चे स्कूल, प्लेस्कूल या ट्यूशन जहां भी जा रहे हों, कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। ग्लोबल सेफ्टी ब्रांड करम सेफ्टी के को–फाउंडर एवं प्रेसिडेंट हेमंत सपरा ने सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती आवाजाही के बीच लोगों से की सतर्कता की अपील की है। करम सेफ्टी प्रा लि की रिसर्च एवं डेवलपमेंट टीम द्वारा तैयार इस लेख के माध्यम से उन्होंने सतर्कता के लिए बताया कि सबसे पहली सतर्कता है सैनिटाइजर। बाहर निकलते समय हैंड सैनिटाइजर सबसे बड़ा कवच होते हैं। अलग–अलग जरूरत के हिसाब से छोटे–बड़े हर आकार में हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध हैं। बच्चों के बैग में या उनकी जेब में सैनिटाइजर जरूर रखें। बच्चों को समझाएं कि जब भी किसी ऐसी सतह को छुएं, जिसे कई लोग छूते हैं, तो हाथों को सैनिटाइज करें। बच्चों के हाथों में रूखापन न आए, इसके लिए उन्हें मॉइश्चराइजिंग हैंड सैनिटाइजर देना अच्छा विकल्प है। इसी तरह फेस मास्क भी महामारी से बचाने में बहुत अहम साबित हुआ है। यह सिर्फ आपको ही नहीं, आसपास के लोगों को भी कोरोना व अन्य सामान्य संक्रमण से बचाता है। बच्चों की जरूरत को समझते हुए बेहतर और आईएसआई सर्टिफाइड मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। इसमें 'करम' का ब्लैक प्लस डेकर किड्स मास्क सही चुनाव हो सकता है।

हेमंत सपरा ने बताया, हाथों को साफ रखना भी वायरस के संक्रमण से बचाने में कारगर है। हम सब जानते हैं कि हाथों से हम कई तरह के संक्रमण का शिकार हो सकते हैं। इसलिए बच्चों में यह आदत डालें कि वे समय–समय पर हाथ धोते रहें। इसी तरह सर्फेस डिसइंफेक्टेंट भी महामारी से इस जंग में बचाव का बहुत बड़ा हथियार हैं। ये कई अन्य वायरस व बैक्टीरिया के संक्रमण से भी बचाने में मददगार होते हैं। जरूरी है कि घर में अच्छे सर्फेस डिसइंफेक्टेंट का प्रयोग किया जाए। इन सब सावधानियों के अलावा घर का माहौल साफ–सुथरा रखना भी बहुत जरूरी है। घर के गीले हिस्सों में जर्म और बैक्टीरिया की आशंका ज्यादा रहती है। कोशिश करें कि सभी जगहों को यथासंभव सूखा रखें। साथ ही हफ्ते में कम से दो बार अच्छे स्क्रब से सब साफ करें। बच्चों के कपड़ों की सफाई का खास ध्यान रखें। साथ ही रोजाना वाले कपड़ों को अन्य कपड़ों से अलग रखें। इस तरह की सावधानियों को अपनाकर हम अपनों को सुरक्षित रखते हुए महामारी से यह जंग जीत सकते हैं।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नये छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया



**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के प्रांगण में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कोर्स के नए सत्र के छात्र–छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में खासा उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। कार्यक्रम का प्रारंभ एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि हम हमेशा प्रयास करेंगे कि विद्यार्थी यहां पढ़कर एक अच्छा मुकाम हासिल करें। संस्थान का प्रयास हमेशा विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें, भीड़ का हिस्सा नहीं बनें व समय का सदुपयोग करें। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके अधयापकों, संस्थान के नियमों व उनके पढ़े जाने वाले विषयों के बारे में अवगत कराना था। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ आरआर पांडेय ने छात्र–छात्राओं से कहा कि कॉलेज एक परिवार के समान है, जिसमें छात्र–छात्राएं अलग–अलग परिवेश से आकर इसके सदस्य बन जाते हैं।

उन्होंने छात्र–छात्राओं से अनुशासन, सहनशीलता, प्रेम और सहिष्णुता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान मोटिवेशनल स्पीकर व प्राचार्य एजुकेशन डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को सपने जरूर देखने चाहिए और उन सपनों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए जी जान से जुट जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि अनुशासन, समय का पालन शिक्षकों का सम्मान आदि का विद्यार्थी विशेष रूप से ध्यान रखें। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यार्थियों के सतत विकास के लिए तत्पर रहने का आग्रह किया। संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, अध्यापक, कार्यरत कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एमडीआई गुड़गांव ने देश भर में एडवांस्ड एक्जीक्यूटिव-लेवल के बिजनेस कोर्स लॉन्च करने के लिए ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन को चुना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मैनेजमेंट और लीडरशिप विकास के ऑनलाइन शिक्षण कार्यक्रम अब हर कहीं पेशेवरों के लिए उपलब्ध

**भारत** के अग्रणी बिज़नेस स्कूल, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट गुड़गांव ने कामकाजी एक्जीक्यूटिव्स के लिए अपने ऑनलाइन विकास कार्यक्रम लॉन्च करने के उद्देश्य से इंटरेक्टिव ऑनसाइट लर्निंग के क्षेत्र की अगुआ कंपनी, ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन को चुना है। नए कोर्स, जो एमडीआई गुड़गांव के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों द्वारा पढ़ाए जाएंगे, अब ह्यूजेस इंटरेक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं; ये कोर्स एक बेजोड़ लर्निंग अनुभव प्रदान करते हैं जिसमें भारत भर के पेशेवरों के लिए ऑनलाइन क्लासेज़ के साथ–साथ फैकल्टी से लाइव इंटरेक्शन भी मौजूद है। पेश किए जा रहे कोर्सेज़ में, प्रतिभागियों को वैश्विक नज़रिया और संस्कृति की दृष्टि से विविधतापूर्ण टीम्स के बारे में गहरी जानकारी देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मग्नताएं (इंटरनेशनल इमर्ज़न) शामिल हैं।

पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए, एमडीआई गुड़गांव के डायरेक्टर प्रोफ़ेसर (डॉ.) राजेश चक्रवर्ती ने कहा, हम ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के साथ पार्टनरशिप में मैनेजमेंट की विभिन्न स्ट्रीम्स में ऑनलाइन एक्जीक्यूटिव शिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा करते हुए बेहद उत्साह महसूस कर रहे हैं। पेशेवर और व्यक्तिगत, दोनों तरह के विकास को संभव बनाने वाले इन हाल में विकसित कोर्सेज़ की मदद से विद्यार्थी विषय का ज्ञान और लीडरशिप का कौशल हासिल कर सकते हैं। यह पार्टनरशिप युवा पेशेवरों के लिए रोज़गार की संभावनाओं को विस्तार देगी और उन्हें एक प्रगतिशील कार्यबल के भावी विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर, पार्थो बनर्जी ने कहा, एमडीआई गुड़गांव और ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के बीच का यह आपसी सहयोग एक और मील का पत्थर है जो देश भर के पेशेवरों के लिए विश्वस्तरीय एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम लाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है। ऑनलाइन एक्जीक्यूटिव एजुकेशन सेगमेंट के अगुआ होने के नाते हम एक्जीक्यूटिव्स की करियर वृद्धि में प्रीमियम कोर्सेज़ के लर्निंग परिणामों और उनकी प्रासंगिकता के महत्व को समझते हैं। यही कारण है कि ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन ने ध्यानपूर्वक सोचविचार के बाद ऐसे प्रीमियम सिंक्रोनस कोर्सेज़ पेश करने का निर्णय लिया है जो प्रतिभागियों की पेशेवर यात्राओं में वास्तव में प्रभाव पैदा कर सकते हैं।

एमडीआई गुड़गांव का ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के साथ पार्टनरशिप करने का निर्णय हमारी ई–लर्निंग सफलता का और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में हाई–क्वालिटी लर्निंग अवसर की सुलभता बढ़ाने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। एमडीआई गुड़गांव और ह्यूजेस ग्लोबल एजुकेशन के बीच के इस आपसी सहयोग में पेशेवरों का उनके करियर की शुरुआती अवस्था में विकास करने के लिए एक यंग लीडर्स प्रोग्राम, और अनुभवी पेशेवरों को लीडरशिप भूमिकाओं के लिए उनकी क्षमताएं बढ़ाने में मदद के लिए एक सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम शामिल है। साथ ही, करीकुलम में ऑपरेशन्स एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, बिज़नेस फ़ाइनेंस और डेटा साइंसेज़ के एडवांस प्रोग्राम भी हैं।

# तालमेल के अभाव में किशोरी का नहीं लगा सुराग

## सीडब्ल्यूसी करेगा एसओएस को करेगा नोटिस जारी

## सीडब्ल्यूसी को छह दिन बाद मिली सूचना

## पलवल सीडब्ल्यूसी की तरफ से रखवाई गई थी बच्ची

कविता। फरीदाबाद

**पलवल** और फरीदाबाद सीडब्ल्यूसी में तालमेल की कमी और एसओएस के द्वारा बरती गई लापरवाही से लापता हुई 16 वर्षीय एक किशोरी का छह दिन बाद भी पता नहीं चल पाया है। किशोरी को गत आठ अक्टूबर को पलवल सीडब्ल्यूसी और वहां की पुलिस



सोनम फाइल फोटो।

के जरिये डायरेक्टर ग्रीनफिल्ड कोलोनी में स्थित एसओएस बालग्राम में रखवाया था। लेकिन गत 14 अक्टूबर की रात को किशोरी अचानक रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। काफी प्रयासों के बाद वह अब तक नहीं मिल पाई है।

इस विषय में जब पायनियर द्वारा पूछने पर फरीदाबाद सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने बताया कि उन्हें इस मामले में कुछ पता ही नहीं है। बाद में पता किया तो उन्हें पूरा मामला पता चला, जिस पर उन्होंने लापरवाही बरतने के आरोप में एसओएस बालग्राम को नोटिस जारी करने की बात कही है।

### यह है पूरा मामला

**सीडब्ल्यूसी** के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने बताया कि उन्हें एसओएस बालग्राम के जरिये 20 अक्टूबर को पता चला है कि पलवल पुलिस और सीडब्ल्यूसी द्वारा आठ अक्टूबर को एक मूक-बधिर किशोरी को ग्रीनफिल्ड कोलोनी स्थित एसओएस बालग्राम में रखवाया गया था। किशोरी का नाम सोनम है, इसके अलावा वह कुछ भी नहीं बता सकती है।

उन्होंने बताया कि बच्ची के बारे में फरीदाबाद सीडब्ल्यूसी को किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई। गत 14 अक्टूबर की शाम को साढ़े सात बजे किशोरी एसओएस से निकल गई। जिस पर एसओएस ने सीडब्ल्यूसी को इसकी जानकारी न देकर पुलिस को 15 अक्टूबर की शाम को आठ बजे किशोरी के गायब होने की सूचना देकर एफआईआर दर्ज करवाई है। जबकि उन्हें पायनियर अखबार के माध्यम से इसकी सूचना 20 अक्टूबर को मिली है।

### जारी करेंगे नोटिस

श्रीपाल करहाना का कहना है कि सीडब्ल्यूसी पलवल को यहां किशोरी को भेजते समय उनसे सम्पर्क करना चाहिए था। लेकिन उन्होंने नहीं किया। वहीं यदि किशोरी को एसओएस में रखा गया था और वह गायब हो गई है तो उन्हें किशोरी की जानकारी उन्हें और सीडब्ल्यूसी फरीदाबाद को देनी चाहिए। लेकिन उन्होंने लापरवाही बरतते हुए इसकी सूचना नहीं थी। जिस पर उन्हें लापरवाही बरतने का नोटिस जारी किया जाएगा। क्योंकि एसओएस में चौकीदार और वायरिंग के अलावा कड़ी सुरक्षा है। ऐसे में किशोरी कैसे लापता हो गई।

## 300 से अधिक लोगों को वितरित किया राशन

**फरीदाबाद।** बुधवार को सेक्टर-11 स्थित शिव दुर्गा विहार में आज क्रिप्टो रिलीफ फंड इंडिया की राधिका नेलवाल और प्रेम बल्लभ नेलवाल के सहयोग से 300 से अधिक गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिभा तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर दीपशिखा फाउंडेशन की अध्यक्षा निर्मला दुबे, कार्यकर्ता, सुषमा राणा, बबली मलिक, राजकुमार, मालती चक्रवर्ती, जगन्नाथ, शिम्पा, अभिषेक कुमार तथा मालती विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रतिभा तिवारी ने गरीबों को राशन वितरण करने पर क्रिप्टो रिलीफ फंड इंडिया की राधिका नेलवाल और प्रेम बल्लभ नेलवाल का आभार व्यक्त किया।

# 20.80 करोड़ रुपये से बना खेड़ी पुल जनता को किया समर्पित

## कालिंदी कुंज से मंझावली तक चार छोटी पुलिया को चार लेन निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में सड़कों व पुलों का बेहतरीन जाल बिछाया जा रहा है। इससे यहां विकास के नए रास्ते खुलेंगे और लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। केंद्रीय राज्यमंत्री बुधवार को 20.80 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए छह लेन के खेड़ी पुल का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद व नहरपार क्षेत्र को जोड़ने के लिए खेड़ी पुल काफी संकरा था और काफी जर्जर हालत में था। उन्होंने कहा कि यह पुल ओल्ड फरीदाबाद को सेक्टर 17,18,19 व नहर पार के सेक्टर 85,86,87,88, बीपीटीपी, भुपानी गांव, जसाना,



मंत्री केपी गुर्जर ने छह लेन पुल का उद्घाटन करते हुए

सिड़ोला व मंझावली को जोड़ता है। ऐसे में इस पुल से भारी संख्या में ट्रैफिक का आवागमन होता है और पुल संकरा होने की वजह से हमेशा जाम लगा रहता था। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर ने इस पुल की मंजूरी दी और आज यह पुल तैयार होकर जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छह लेन के इस पुल पर पैदल यात्रियों के चलने के लिए 5-5 फुट के फुटपाथ भी बनाए गए हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में फरीदाबाद जिला में सड़कों व पुलों के विकास को लेकर बेहतरीन कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद से केजीपी व ताज एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए एक नया हाईवे मंजूर किया गया है। इससे शहर के विकास को एक नया रास्ता मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कालिंदीकुंज से मंझावली तक नहरों पर 4 लेन रोड तो बन गया लेकिन चार पुलिया ऐसी बच गई जिनकी चौड़ाई दस फीट से भी कम है। इससे हमेशा हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसी चार पुलिया को फोरलेन करने के लिए 17 करोड़ रुपये के बजट की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद-गुरुग्राम के बीच मैट्रो को मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि शहर की सभी कालोनियों में भी सीवरेज का कार्य जल्द पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शहर की जितनी भी सड़कें खराब हैं अगले दो महीने में वह सभी बनकर पूरी हो जाएंगी।

इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि खेड़ी पुल के चालू होने से जाम की एक बड़ी समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी जो आज पूरी हो रही है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई राजीव भाटिया, नरेश नंबरदार, पार्षद विनोद भाटी, पार्षद छतरपाल, पार्षद सुभाष आहूजा, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, नरेश अग्रवाल, गौरव तंवर, अजीत नंबरदार, सुखबीर मलेरना, जतिन जाखड़, कमल सरोत, श्रीचंद गौतम, वीएस रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फरीदाबाद में हो रहा चंहुमुखी विकास : कृष्णपाल गुर्जर



केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर कार्य का शुभारंभ करते करते हुए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में चहुमुखी विकास करवाया जा रहा है। फरीदाबाद की चारों तरफ से सड़कों की कनेक्टिविटी की जा रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्थानीय सेक्टर-32 के डीएलएफ क्षेत्र में 12करोड़ 18 लाख रुपये की धनराशि की लागत से बनने वाली सड़कें, सीवर, पेयजल सप्लाई और बिजली की व्यवस्था के कार्य के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों और सीवर का कार्य न्यायालय में विचाराधीन था। अब यहां 119 करोड़ रुपये की लागत से उद्योगिक क्षेत्र में में शीघ्र ही सड़कों, पेयजल सप्लाई और बिजली व्यवस्था का प्रबंध किया जाएगा। उद्योग क्षेत्र में फरीदाबाद में लगभग 300 इकाइयां सरकार को राजस्व और लोगों को रोजगार देने का काम कर रहा है। उद्योग विकास की मूल जड़ है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में चहुमुखी विकास हो रहा है। यह काम होता है फरीदाबाद के विकास के लिए विरोधी पार्टियों के लोग भी अपनी दबी जुबान से प्रशंसा कर रहे है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की चारों ओर कनेक्टिविटी की जा रही है। केजीपी, जेवर एयरपोर्ट, मुम्बई बड़ौदरा एक्सप्रेस कोरीडोर से भी जोड़ा जाएगा। फरीदाबाद के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के पुराने शेर से शाह सुरी मार्ग पर बने और ब्रिज के लिए, के लिए 283 लाख रुपये की धनराशि को मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही इसके नवीनीकरण किया जाएगा।

# फर्जीवाड़ा कर स्कूल को लगाया करोड़ों का चूना

**फरीदाबाद।** फर्जी कागजों के आधार पर निजी स्कूल संचालक के साथ धोखाधड़ी करने पर लेखा अधिकारी, स्कूल शिक्षक एवं बैंक अधिकारी सहित 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी एवं जालसाजी करने का मामला दर्ज किया गया है।

थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल के वाइस चेयरमैन सुनील मान एवं संचालक कपिल बैसला ने बल्लभगढ़ सदर थाना में शिकायत दी कि ऊंचा गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार उर्फ बबली, दीक्षा भाटिया, अभिषेक शर्मा जोकि स्कूल में ही लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, ने शिक्षक बेगराज एवं एक्सिस बैंक कर्मचारी सूरज के साथ मिलकर स्कूल के फर्जी मेमोरेन्डम, स्टॉम्प, चेयरमैन के नाम से लैटर पैड बनवाकर स्कूल संचालक की अनुमति के बगैर बस फाइनेंस करवा ली। इतना ही नहीं उक्त सभी आरोपियों ने मिलकर स्कूल के बच्चों की फीस भी अपने निजी खातों में ट्रांसफर करवा ली और स्कूल को करोड़ों रुपए का चूना लगा दिया। कोविड महामारी के दौरान 24 मार्च, 2020 से स्कूल बंद था, जिसके चलते उक्त आरोपियों ने मिलकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से अपने निजी खातों में फीस डलवाकर स्कूल के नाम पर धोखाधड़ी करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने धोखाधड़ी एवं बेईमानी की नीयत से स्कूल चेयरमैन श्याम बैसला, जिनकी मृत्यु 13 नवम्बर, 2020 को हो चुकी है के नाम से फर्जी कागजात तैयार करवाए। जिनके आधार पर इन्होंने दो बस जिनका नंबर एचआर 38 पी/3723 जिसका रा. नं. 5 एवं एचआर 38 आर/8831 जिसका रा. नं. 17 डाला हुआ है फाइनेंस करवा ली। स्कूल में लेखा अधिकारी के पद पर काम करने वाले सुरेन्द्र कुमार, दीक्षा भाटिया एवं अभिषेक शर्मा ने स्कूल शिक्षक बेगराज को फर्जी चेयरमैन बनाकर बैंक के सामने प्रस्तुत किया।

## रेडक्रॉस और सैंट जॉन अवार्ड्स से करेंगे सम्मानित

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य की रेडक्रॉस समिति और सैंट जॉन इंडिया की हरियाणा राजभवन के ऑडिटोरियम में 26 अक्टूबर 2021 को आयोजित की जाने वाली 34वीं वार्षिक सामान्य सभा ( एनुअल जनरल मीटिंग) में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन तीन फरीदाबाद को राज्यपाल महोदय द्वारा 2019-20 और 2020-21 सत्र के दौरान रेडक्रॉस के सन्दर्भ में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, डीपीसी आनंद सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद को बधाई देते हुए निरंतर उत्कृष्ट कार्य संपादित करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर एवम सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

# साइकिल रैली से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

## सेक्टर-12 टाउन पार्क से सूरजकुंड तक निकाली गई साइकिल रैली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शरीर** की फिटनेस को बनाए रखने और लोगों को राहगीरी तथा पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश देने के लिए जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव की अगुवाई में आज एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब द्वारा जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में निकाली गई यह साइकिल रैली सैक्टर-12 टाउन पार्क से शुरू हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग, बडखल फ्लाईओवर, अनखीर चौक से होते हुए सूरजकुंड पहुंची।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जहां तक हो सके पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए गाड़ी का कम से कम इस्तेमाल करें और गाड़ी को पुल करके चलें। यदि घर से ऑफिस की दूरी कम है तो



साइकिल रैली में भाग लेते अधिकारी

साइकिल का ही प्रयोग करें।

इस साइकिल रैली में जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगर निगम बल्लभगढ़ जोन के संयुक्त आयुक्त अनिल यादव, डिप्टीसिविल कमिश्नर के ओएसडी जितेन्द्र कुमार, एसीपी मानेसर विनोद कुमार सहित फरीदाबाद मार्निंग हेल्थ क्लब से जितेन्द्र चौधरी, नवीन गुप्ता, संजय शर्मा, पवन मिगलानी, जतिन चौहान, अनिल छाबड़ा, राजेश यादव, प्रवीण शर्मा, कविता शर्मा, हरीश बाटला आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सूरजकुंड में उपरोक्त को नगर निगम बल्लभगढ़ जोन के संयुक्त आयुक्त अनिल यादव ने योगा-व्यायाम आदि कराकर सभी क्लब मेंबर्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और उनको स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी।


तत्पश्चात उपरोक्त सभी अधिकारीगण और क्लब मेंबर्स सूरजकुंड से वापिस साइकिल से ही सेक्टर-12 टाउन पार्क पहुंचे जहां रैली का समापन हुआ। इस रैली के माध्यम से अधिकारी वर्ग द्वारा समाज और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, सेनेटाईजेशन, साफ-सफाई रखने, शहर को पोलोथीन मुक्त करने, रोड सेफ्टी तथा शारीरिक रूप से फिट रहने का संदेश दिया गया।

# अवकाश पर एक डॉक्टर के भरोसे सैकड़ों का इलाज


## चार नए केस आने से डेंगू का आंकड़ा पहुंचा 177 पर

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को जिले में चार नए केस सामने आने से डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या 177 पर पहुंच गई है। वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को जिले के बादशाह खान अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में मरीजों की भीड़ देखने को मिली। क्योंकि अस्पताल में वाल्मीकि जयंती का अवकाश था। जिस कारण ओपीडी बंद होने से मरीज अपातकालीन कक्ष में पहुंच रहे थे। लेकिन सैकड़ों मरीजों की जांच के लिए यहां मात्र एक ही चिकित्सक की ड्यूटी थी। जिस कारण लोगों को घंटो इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। अपातकालीन कक्ष का इतना बुरा हाल था कि यहां स्ट्रेचर पर



आपातकालीन कक्ष में स्ट्रेचर पर लेटे मरीज की ड्रिप को हाथ में लेकर खड़ी महिला।



आपातकालीन कक्ष में मौजूद चिकित्सक के कक्ष के बाहर इंतजार में मरीज।

मरीज भर्ती थे और तीमारदार उनके ड्रिप की बोतलों को लेकर खड़े थे। वहीं एक एक बिस्तर पर दो-दो मरीज नजर आए।

### एक चिकित्सक के भरोसे

**बीके** अस्पताल में वाल्मीकी जयंती होने के कारण अवकाश था। जिस कारण ओपीडी बंद थी। ओपीडी बंद होने से इलाज को यहां सैकड़ों मरीज पहुंच गए, जो अपातकालीन कक्ष में आने लगे। अपातकालीन कक्ष में एक ही चिकित्सक होने के कारण यहां आए मरीजों को भारी परेशानियां होने लगी। चिकित्सक के कक्ष के अंदर तक लम्बी लाईन लग गई। लाईन में लगे कुछ मरीज फर्श पर बैठे नजर आए, तो कुछ वहां पड़ी कुर्सियों पर बैठे तो कुछ लेटे नजर आए। लोगों का कहना था, कि वह चिकित्सक से इलाज के लिए आधे घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

### गंभीर मरीज का इलाज

**इलाज** के लिए गंभीर रोगी अपातकालीन कक्ष में पहुंच रहे थे। जिस कारण गंभीर रोगियों का इलाज यहां मौजूद चिकित्सक पहले कर रही थी। गंभीर और घायल रोगियों के अलावा यहां बुखार, उल्टी-दस्त, पेट दर्द और इत्यादी के मरीज अपातकालीन कक्ष में इलाज को आ रहे थे। एक ही चिकित्सक के हवाले यहां सैकड़ों मरीज थे।

# दुर्घटनाओं में कमी लाने को किया जा रहा जागरूक

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस समय-समय पर जागरूक अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। यातायात थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर राजीव ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य है कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने के कारण जो दुर्घटनाएं होती है उन में कमी लाई जा सके। वाहन चालक अगर यातायात नियमों के तहत अपने वाहन चलाएगा इससे ना केवल वह अपनी जिंदगी भी सुरक्षित रखेगा बल्कि सामने वाली की भी जिंदगी को सुरक्षित रखेगा। यातायात पुलिस ने लोगों को संदेश दिया है कि आगे-आगे सर्दियों में रोड पर धुंध की स्थिति बनी रहेगी जिसके कारण दुर्घटना ना हो गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगवाएं।

सड़क पर धुंध के कारण आगे के वाहन दिखाई नहीं पड़ते हैं जिनको रिफ्लेक्टर की सहायता से आसानी से देखा जा सकता है और दुर्घटना से बचा जा सकता है। पुलिस उपायुक्त यातायात सुरेश हुडा ने यातायात थाना प्रबन्धक टीआई एवं जेडओं को चालकों को निर्धारित लाईन में चलने के संबंध में तथा गाड़ियों में रिफ्लेक्टर लगवाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिये थे। जिस पर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर राजीवकुमार ने नेशनल हाईवे 44 के चौराहों पर वाहन चालकों को जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चालको को जागरूक करने के लिए 15-25 अक्टूबर तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान चालको को वाहनों को निर्धारित लाईनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। और लोगों को वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया है। ट्रैफिक थाना फरीदाबाद प्रबंधक ने जागरुकता के दौरान लोगों को समझाया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजयुमो ओल्ड फरीदाबाद मंडल के अध्यक्ष बने गौरव तंवर



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ओल्ड फरीदाबाद मंडल का अध्यक्ष गौरव तंवर को बनाया गया है। गौरव तंवर को यह जिम्मेदारी क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता द्वारा दिलाई गई है। बता दें, गौरव तंवर भाजपा का कर्मठ कार्यकर्ता है और क्षेत्र में समाजसेवी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। तंवर को नरेंद्र गुप्ता का बेहद करीबी भी कहा जाता है। दरअसल, गौरव तंवर क्षेत्र में गरीबों, मजदूरों की हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। बुधवार को विधायक नरेंद्र गुप्ता ने गौरव तंवर को नियुक्ति पत्र सौंपा। तंवर ने अपनी युवा टीम के साथ विधायक का धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर प्रमुख रूप से मनोज मंगला, कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, सतीश बैसला, रस्मे अधाना, नितेश खटाना, रोबिन शर्मा, मोहित नागर, शैंकी नागर, महेश ठाकुर, प्रीतम यादव, रवि नागर, सचिन जाट, मान्या, सौरभ तंवर, सुमित भाटी आदि मौजूद थे।

### सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 22.50 लाख ठगे

**फरीदाबाद।** गांव कौराली के एक व्यक्ति से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर दंपति और उसके बेटे ने 22.50 लाख रुपये ठग लिए। लखपत सिंह ने थाना तिगांव पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 2017 में दिल्ली उत्तम नगर की रहने वाली मंजू भारद्वाज ने उसे बताया कि वह गोशाला का संचालन करती है। इसके लिए उसे भूसा और अनाज की जरूरत पड़ती रहती है। सौदा तय करके उसने मंजू को भूसा देना शुरू कर दिया। 2018 में मंजू ने उससे कहा कि उसका पति विजयपाल केंद्रीय गृह मंत्रालय में कार्यरत है। यदि किसी को नौकरी लगवानी हो तो, वह नौकरी लगवा सकते हैं, लेकिन रुपये देने होंगे। लखपत ने उससे बताया कि उसके तीन भाई हैं, उन्हें नौकरी लगवा दो। उसने बताया कि तीनों के नौकरी लगाने के 22.50 लाख रुपये देने होंगे। लखपत ने 12.50 लाख रुपये मंजू को दे दिए। लखपत ने भूसा बेचने के बदले 10 लाख रुपये पहले से ही मंजू से लेने थे। लखपत के अनुसार तब से लेकर अब तक न तो उन्होंने उसके भाईयों को नौकरी पर लगवाया है और न ही रुपये लौटाए हैं। अदालत ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### जिले में 11494 लोगों को लगा टीका

**फरीदाबाद।** जिले में 11494 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में प्रथम डोज 2072 को और सैकेंड डोज 6737 लोगों को लगी। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 644 और द्वितीय डोज 1755 लोगों को लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 15 को और द्वितीय डोज 74 लोगों को लगाई गई। वहीं निजी अस्पताल में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 36 को और सैकेंड डोज 140 लोगों को लगी। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 4 को और सैकेंड डोज 10 लोगों को लगी। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज एक को और छह लोगों को सैकेंड डोज लगाई गई। वहीं जिले में कोरोना के दो नए मामले आने से कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 10 पर पहुंच गया है।

### विजय यादव क्रिकेट अकादमी ने सात विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठां ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने आराध्या क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। आराध्या क्रिकेट अकादमी टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 168 रन बनाए। मनन ने 48 रन, यशदीप ने 24 रन, शौर्य और करण 22-22 रन बनाए। साहिल ने 13 रन बनाए। अंकित ने 3 विकेट ली। आर्यन ने 2 विकेट, सचिन ने 1 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने 29.2 ओवर में 3 विकेट में 172 रन बनाकर जीत हासिल की। अलोक यादव ने 84 रन, अखिल ने 38 रन, सिमुख ने 21 रन, विशेष ने 20 रन बनाए। लोकेश ने दो विकेट, करण ने एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने अलोक यादव को दिया गया।

### विहिप और बजरंग दल ने बांग्लादेश का पुतला फूंका

**फरीदाबाद।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बीके चौक पर फरीदाबाद के विभाग अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल के नेतृत्व में बांग्लादेश का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फरीदाबाद विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया ने कहा कि अकेले दुर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों में हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। हिंदुओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल अपवित्र कर तहस-नहस कर दिए। चाहे नोआखली का इस्कॉन मंदिर हो या ढाका का ढाकेश्वरी मंदिर, बंदरबन का लामा हरी मंदिर हो या चांदपुर का श्रीराम कृष्ण मिशन आश्रम, चौमुहानी का रामठाकुर आश्रम हो या चौक बाजार का करुणामई काली मंदिर और या फिर कुडग्राम के सात अन्य मंदिर। ये सूची बड़ी लंबी है। कितने ही घरों, दुकानों व धर्मस्थलों में हिंसा आगजनी व लूटपाट का नंगा नाच हुआ, कुछ कहा नहीं जा सकता। 10-12 हिन्दू अपनी जान गंवा चुके। देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ दीं। हिंदुओं को मारा-पीटा गया। ललित गोसाई, गुलशन सिंगला, राज कुमार मदान, महिपाल सोलंकी, जय सिंह नेगी, आशा भाटिया, जीत वशिष्ठ, पंकज जैन, मुनि राज भाम्बरी, अमित भारद्वाज, नरेश फौजी, गोपाल गुप्ता, दीपक शर्मा, विकास वर्मा, कपिल सिंह, संदीप पहलवान, जितेन्द्र, विशाल, ललित भड़ाना और पीयूष शर्मा आदि मौजूद थे।

### महाराष्ट्र मित्र मंडल ने मनाई कोजागरी पूर्णिमा

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद द्वारा 19 अक्टूबर को गांधी कॉलोनी स्थित श्री गणेश पार्क में कोजागिरी का कार्यक्रम आयोजित किया। मंडल के यशवंत पांचाल ने शरद पूर्णिमा के कार्यक्रम का महत्व बताते हुए कहा की शरद पूर्णिमा, जिसे कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा भी कहते हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार आश्विन मास की पूर्णिमा को कहते हैं। ज्योतिष के अनुसार, पूरे साल में केवल इसी दिन चन्द्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। हिन्दू धर्म में इस दिन कोजागर व्रत माना गया है। इसी को कौमुदी व्रत भी कहते हैं। इसी दिन श्री कृष्ण ने महारास रचाया था। मान्यता है, इस रात्रि को चन्द्रमा की किरणों से अमृत झड़ता है। तभी इस दिन उत्तर भारत में खीर बनाकर रात भर चांदनी में रखने का विधान है। इसलिए मंडल द्वारा दूध एवं मुरमुरे की भेल को मंडल के अन्य सदस्यों में वृतरित किया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल, यशवंत पांचाल, लक्ष्मण पांचाल, भावना, वंदना, विनय, ललित, तेजस, शेखर, किरण, रविंद्र, सचिन उत्वरि, कर्ण शर्मा एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



कोजागरी पूर्णिमा पर पूजा करती महिलाएं


### सांस्कृतिक महोत्सव में प्रतियोगिता के साथ दिल भी जीतें

**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को 21, 22 अक्टूबर को करनाल में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव के लिए प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत, भारत विकास परिषद माधव शाखा के अध्यक्ष लोकेश गर्ग, मंत्री नरेंद्र गुप्ता व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य गुरमीत सिंह देयोल, वरिष्ठ प्राध्यापक देशराज द्वारा प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को मिश्री खिलाकर विदा किया गया। प्रधानाचार्य सौरोत ने समूह नृत्य में प्रांत स्तर पर भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता जीतने के साथ ही सभी निर्णायक मंडल, आयोजक व दर्शकों का दिल जीतने की भी शुभकामनाएं दी। भारत विकास परिषद माधव शाखा के मंत्री नरेंद्र कुमार ने विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी के क्लब की सचिव रचना शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले प्रतियोगियों को प्रांत स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## राहत की बात

### कोविड से सुरक्षित बच्चे

**बिना** टीका लगे बहुसंख्य बच्चों में कोविड-19 के खिलाफ एंटीबाडी बनना उम्मीद की किरण है। हरियाणा में हुए तीसरे सीरो सर्वे के परिणाम राहत देने वाले हैं। इनमें राज्य की जनसंख्या के 76.3 प्रतिशत बच्चों में सार्सकोव-2 के खिलाफ एंटीबाडी पाई गईं। पिछले अगस्त में 8 प्रतिशत तथा अक्टूबर में 14.8 प्रतिशत की तुलना में यह बहुत तेज वृद्धि है। टीकाकृत लोगों में 81.6 प्रतिशत तथा गैर-टीकाकृत लोगों में 75.5 प्रतिशत सीरो-पाजिटिविटी पाई गई। शहरी हरियाणा में 78.1 प्रतिशत लोगों में एंटीबाडी पाई गई, जबकि ये 75.1 प्रतिशत ग्रामीणों में मौजूद थीं। हालांकि, सबसे अच्छी खबर बच्चों के बारे में है। सर्वेक्षण में 6-9 साल के बच्चों में सीरो पाजिटिविटी 69.8 प्रतिशत तथा 10-17 आयुवर्ग वाले बच्चों में 73.2 प्रतिशत थी। पहली बार बच्चों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया है। यह भी पहली बार स्थापित हुआ है कि 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों में कोविड-19 एंटीबाडी हैं। यह खबर ऐसे समय राहत की बात है जब बच्चे जनसंख्या का वह हिस्सा हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, जबकि देश लगभग 100 करोड़ टीके लगाने की स्थिति में पहुंच गया है। बच्चों के लिए टीके के अभी मानव परीक्षण चल रहे हैं। ऐसे में एक साल से अधिक समय बाद स्कूल खोलने का निर्णय महत्वपूर्ण है तथा अनेक राज्यों ने हिचक के साथ चरणों में स्कूल खोलने पर सहमति जताई है। अब भी माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने से हिचक रहे हैं। कुछ अन्य राज्य नवंबर में कक्षायें शुरू करने की योजना बना रहे हैं। स्कूल



प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मचारी पूर्णत: टीकाकृत हों तथा संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए सुरक्षा प्रोटोकालों का पूर्णत: पालन हो।

विदेशों में हुए हालिया सर्वेक्षणों ने बच्चों में संक्रमण का भय उचित ठहराया है। एमआईटी व हार्वर्ड में अस्पतालों की टीमों द्वारा किए अध्ययनों से पूरी तरह पुष्टि हुई है कि नवजात, बच्चे तथा किशोर समान रूप से कोविड-19 वायरस के प्रसार में सक्षम हैं। कोविड-19 संक्रमित बच्चों के अध्ययन में उन्होंने पाया कि लक्षणों व बिना लक्षणों वाले रोगियों में शुरुआत में संक्रमण का स्तर अधिक था। कुल मिला कर वाइरल लोड से छोटे बच्चों में बीमारी की गंभीरता का पता नहीं चलता है, हालांकि वे दूसरे लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। लेकिन अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि बहुत कम बच्चों में लक्षण थे और उनमें बीमारी होने की संभावना बहुत कम थी। इस संदर्भ में हरियाणा में बच्चों का सीरो सर्वेक्षण आश्वासन देने वाला है। हरियाणा सर्वेक्षण परिणामों के आधार पर सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि स्वस्थ बच्चों के टीकाकरण की गति धीमी रख कर जोखिम वाली जनसंख्या के पूर्ण टीकाकरण पर ध्यान देना चाहिए जिनमें वृद्ध तथा वयस्क व अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। हालांकि, दो वैक्सीनों को आपातकालीन प्रयोग की अनुमति-ईयूए मिल चुकी है, पर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि देश में 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए वैक्सीन कब उपलब्ध होगी। राष्ट्रीय कोविड-19 टास्क फोर्स के प्रमुख वी.के. पाल ने कहा था कि बच्चों के टीकाकरण पर अंतिम निर्णय वैज्ञानिक आधार तथा उनके लिए समुचित खूराकों की उपलब्धता के आधार पर लिया जाएगा।

# सैन्य इतिहास में 1971 का स्थान

भारतीय सेना युद्ध डायरियों को पूरी तरह रिकार्ड नहीं करती है। इस कारण कुछ लोगों को तथ्यों से छेड़छाड़ कर उनको गलत ढंग से रखने का मौका मिल जाता है।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के पचास साल बीतने पर बहुत शान और प्रसन्नता से इस महान भारतीय विजय की भू-रणनीति, टैक्टिक्स व नायकत्व की याद की जाती है। इसे 1000 साल के उन युद्धों में से एक बताया जाता है जिसमें युद्ध के मैदान में प्राप्त उपलब्धियों को वार्ता की मेज पर खो दिया गया। इस युद्ध ने पाकिस्तान की भौगोलिक विसंगति को ठीक कर दिया जो 1000 मील की दूरी पर दो अलग भागों में विभाजित था। स्वर्गीय राजनेता व लेखक जसवंत सिंह ने इस विजय को भूगोल द्वारा इतिहास से बदला लेना बताया था, जब शक्ति के प्रयोग से एक नया देश-बांग्लादेश बना था जो पहले पूर्वी पाकिस्तान था। यह बीसवीं शताब्दी का अंतिम निर्णायक युद्ध था, लेकिन यह भारत-पाकिस्तान दुश्मनी के मुख्य कारण का समाधान नहीं कर सका था जो जम्मू कश्मीर के बजाय पाकिस्तानी सेना का शत्रुतापूर्ण व्यवहार है।

पिछली शताब्दी में विश्व युद्धों को छोड़ कर निर्णायक अंतर-राज्य युद्ध का कोई स्पष्ट उदाहरण नहीं है। लेकिन राज्यों के भीतर हुए टकरावों ने भी नतीजे दिखाए हैं। भारत में खालिस्तान आंदोलन को समाप्त करना एक विरल सफलता थी। अफगानिस्तान पर तालिबान का पहली बार कब्जा भी इसी श्रेणी में आता है। चेकोस्लोवाकिया का शांतिपूर्ण ढंग से चेक गणराज्य व स्लोवाकिया में विभाजन एक खास घटना थी। इक्कीसवीं शताब्दी में भी अनेक आंतरिक टकरावों का समाधान बल प्रयोग से हुआ है। श्रीलंका में लिट्टे की पराजय तथा हाल ही में अफगानिस्तान में तालिबान की पुन: विजय इनके उदाहरण हैं। सैनिक सफलताओं का एक और प्रकार रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे, चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर में टापुओं पर कब्जे तथा पूर्वी लद्दाख में चीन द्वारा घुसपैठ के लिए सैन्य बल का प्रयोग है। युद्ध तथा शांति की अनुपस्थिति के बीच स्पेस रक्षा करने वालों के लिए दुविधा पैदा करता है। वर्तमान समय में साइबर युद्ध तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से युद्ध के बारे में विचारकों तथा सैनिकों को टकराव के बारे में व्यापक रूप से विचार करना होगा। इससे एक ओर तो युद्ध की प्रकृति तथा चरित्र बदला है, वहीं युद्ध के सिद्धान्त भी काफी सीमा तक बदल गए हैं तथा इनके नतीजे प्रदर्शित करने के मामले में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है।

अतीत के युद्धों तथा आंतरिक टकरावों को दुहराया नहीं जा सकता है। इस दृष्टिकोण से बांग्लादेश के लिए युद्ध को देखा जा सकता है। तैयारी के लिए दस महीने का समय, हवाई क्षेत्र में वर्चस्व तथा मुक्ति वाहिनी की सहायता कुछ ऐसे तत्व हैं जिनको पुन: दुहराया नहीं जा सकता है। यही स्थिति सोवियत संघ द्वारा प्रदान राजनीतिक संरक्षण की है जिसने दो बार वीटो प्रयोग कर यह सुनिश्चित किया कि भारत को युद्ध जीतने तथा पाकिस्तानी शत्रुता को कुचलने का अवसर मिले। इसका परिणाम पाकिस्तान का पूर्णत: भारतीय शर्तों पर पूर्ण आत्मसमर्पण था। युद्ध में चर्चा का विषय यह है कि क्या ढाका ही युद्ध का अंतिम लक्ष्य था। विभिन्न ऐतिहासिक विवरणों की जांच से स्पष्ट है कि शुरुआत में ढाका अंतिम लक्ष्य नहीं था, बल्कि पूर्वी सेना के लिए कम महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया था। दोनों पक्षों द्वारा सशक्तीकरण व खोजी तरीकों ने युद्ध में बड़ी भूमिका निभाई। जीओसी 16 पाकिस्तानी तोपखाना डिवीजन के मेजर जनरल नजीर हुसेन शाह अमेरिका में फोर्ट लीविनवर्थ के छात्र रह चुके थे। वे एक बटालियन को दो भागों में बांट देते थे और इसी प्रकार भारतीय सैन्य बलों ने व्यापक मोर्चे पर काम किया। मैं चाहता हूं कि समारोही आयोजनों में पैदल सेना की उल्लेखनीय लड़ाइयों पर ज्यादा ध्यान दिया जाए जो पीरगंज, हिल्ली, सिल्हट व अखौरा, आदि स्थानों पर हुई थीं। उदाहरण के लिए, पीरगंज में 2-5 गोरखा राइफल्स द्वारा रास्ता बंद करने पर पाकिस्तान की 16 पैदल सेना डिवीजन को विभाजित होकर काराटोया नदी पार कर हिल्ली में अपनी रक्षा मजबूत करनी पड़ी थी।

यह युद्ध का पहला बड़ा मोड़ था जो बोगरा और ढाका की ओर बढ़ रहा था तथा उसने पाकिस्तान के 16वें पैदल सेना डिवीजन को तोड़ दिया था। इसी प्रकार 4-5 गोरखा राइफल्स ने भारत की पहली हेलीबार्न कार्रवाई की थी तथा आधी बटालियन ने 15 दिसंबर को ढाका में आत्मसमर्पण के एक दिन पहले दो पाकिस्तानी ब्रिगेडों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया था। इसके पहले उन्होंने पहली बार अटग्राम में खामोश 'खुखरी' हमला किया था। हालांकि, ब्रिटिश गोरखाओं ने पहली बार इंडोनेशिया में इसका सम्मानजनक प्रयोग किया था। इन संक्षिप्त व तेज लड़ाइयों ने युद्ध जल्दी समाप्त करने में योगदान के साथ पैदल सेना को युद्ध नायक के रूप में स्थापित किया।

1971 युद्ध के बाद वाली पीढ़ियों को प्रतिरोध के मामलों पर उपदेश देने के लिए बुलाने के बजाय इन कार्रवाइयों में भाग ले चुके अधिकारियों को आमंत्रित करना ज्यादा लाभदायक होगा।

भारत को 1971 में पाकिस्तान पर विजय का उत्सव जरूर मनाना चाहिए, पर इसके साथ ही उसे छोटी इकाइयों के युद्ध पर अवश्य ध्यान देना चाहिए जिनका भावी युद्धों में बेहतर उपयोग हो सकता है। कारगिल का सीमित युद्ध भी पैदल सेना के शास्त्रीय प्रदर्शन का उदाहरण है जिसमें छोटी इकाइयों ने युद्ध कर पाकिस्तानी घुसपैठियों को बाहर निकाला जो एलओसी के इस पार आ गए थे। दु:ख की बात है कि 1962 के युद्ध तथा श्रीलंका में भारतीय शांति सेना-आईपीकेएफ के युद्ध की घटनाओं को श्रृंखलाबद्ध किया गया है, पर राजनीतिक कारणों से इनको जारी नहीं किया गया है। भारतीय सेना की यह बुरी आदत है कि वह युद्ध डायरियों को पूरी तरह व ईमानदारी से दर्ज नहीं करती है।

इससे युद्ध में भाग लेने वाले लोगों को व्यक्तिगत रूप से तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ऐसी घटनाओं को गढ़ने का मौका मिल जाता है जिससे उनका व्यक्तिगत नायकत्व सिद्ध हो सके। सामान्य रूप से मीडिया तथा खासकर सोशल मीडिया ने तथ्यों की पुष्टि किए बिना इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है।

जीवनियां तथा आत्मकथायें, खासकर इस दृष्टिकोण से विवादास्पद हो सकती हैं क्योंकि वे रेजीमेंट के इतिहास से आगे जाकर इकाइयों व व्यक्तियों की भूमिका दर्ज करती हैं। हालांकि, कोई रेजीमेंटल इतिहास न होने पर भी कुछ लेखक अपना कद बढ़ाने का यथासंभव प्रयास अवश्य करते हैं। ऐसे में अतीत के सभी युद्धों के बारे में लेखों को रक्षा मंत्रालय के इतिहास विभाग द्वारा जांचा जाना चाहिए तथा लेखकों को एक प्रमाणपत्र लेना चाहिए कि उन्होंने आधिकारिक रिकार्डों में दर्ज सामग्री का उपयोग नहीं किया है। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में पीएलए की घुसपैठ तथा एलएसी में परिवर्तन के बारे में घटनाक्रम स्पष्ट नहीं है, पर इसके बावजूद सरकार को 1971 में युद्ध के मैदान में भारत की बड़ी सफलता को एक परिवर्तनकारी महान विजय के रूप में याद रखना चाहिए।

# भले काम के लिए बुरे बैंकों का गठन

**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारत का पहली बार सरकार द्वारा प्रायोजित 'बैड बैंक' अब वास्तविकता के करीब है। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के बाद, विभिन्न चरणों में विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की पूरी तरह से प्रावधानित तनावग्रस्त संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए एक राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एनएआरसीएल) की स्थापना की गई है।

इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कम्पनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) नामक एक अन्य संस्था तब बैंकों को वापस भुगतान करने के लिए इन तनावग्रस्त संपत्तियों को बाजार में बेच देगी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास दोनों (क्रमश: 51 और 49 प्रतिशत) के कुल शेयरों का लगभग आधा हिस्सा होगा, जिसमें निजी क्षेत्र भी हितधारक होंगे। शुरुआती निवेश करीब 6,000 करोड़ रुपये का होगा।

एनएआरसीएल 15 प्रतिशत नकद देकर संकटग्रस्त संपत्तियों को बैंकों से छूट पर खरीदेगा; शेष 85 प्रतिशत के लिए, वे बैंकों को सुरक्षा रसीदें जैसे डिबेंचर, बांड आदि जारी करेंगे। पिछले महीने सरकार ने एनएआरसीएल को 30,600 करोड़ रुपये देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, यदि बिक्री के परिणामस्वरूप इसे कवर करने के लिए नुकसान होता है, तो सुरक्षा रसीदों को लागू करने के लिए गारंटी के रूप में, लेकिन गारंटी पांच साल से अधिक वैध नहीं होगी। समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कुछ प्रोत्साहन में निर्माण; एनएआरसीएल द्वारा भुगतान किया जाने वाला गारंटी शुल्क भी धीरे-धीरे बढ़ेगा। चूंकि गारंटी सरकार के लिए आकस्मिक देयता है, इसलिए केंद्र के लिए कोई तत्काल वित्तीय प्रभाव या नकद व्यय नहीं होगा।

अतीत से विरासत के रूप में विरासत में मिली, आंशिक रूप से 2008 के आर्थिक मंदी के परिणाम के रूप में और आंशिक रूप से क्रोनी कैपिटलिज्म के कारण जिसने कई पीएसबी को प्रासंगिक परियोजना प्रस्तावों की लाभप्रदता के उचित मूल्यांकन के बिना ऋण देने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण इनमें से कई परियोजनाएं या तो कर सकती थीं ऋणों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न करने में असमर्थ या सक्षम नहीं थे, एनपीए बढ़ने लगे। 2016 के बाद से, जब आरबीआई ने बैंकों पर नियंत्रण कड़ा कर दिया और उन्हें अपनी बैलेंस शीट साफ करने के लिए मजबूर




किया, एनपीए को उनकी बैलेंस शीट में लिखा या पहचाना जाना था। इससे उनका पूंजी आधार समाप्त हो गया और वे नए सिरे से उधार देने में असमर्थ हो गए और उनकी लाभप्रदता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। लगभग 4,541 कॉरपोरेट्स को अब तक कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (ष्ट्ढ्ढक्रक्र) में शामिल किया गया है, केवल 1,745 ष्ट्ढ्ढक्रक्र ने प्रक्रिया पूरी की है, या तो समाधान योजनाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं या परिसमापन के साथ समाप्त हो रहे हैं। आईबीसी, जो अब पांच साल पुराना है और जिसे कोविद संकट के दौरान निलंबित कर दिया गया था, एक ओवरहाल के कारण है, जिसमें एमएसएमई के लिए प्री-पैक भी शामिल है, जिसे बाद में अन्य कंपनियों तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे आईबीसी के बाहर ऋण समाधान तंत्र की अनुमति मिलती है। मौजूदा प्रक्रियाओं को अन्य तंत्रों से अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है, और यहीं पर बैंड बैंक फिट बैठता है।

बैड बैंक कोई नया विचार नहीं है – वे 1980 के दशक से अस्तित्व में हैं, लेकिन पूर्वी एशियाई मुद्रा संकट और 2008 के सबप्राइम संकट ने अमेरिका, स्वीडन, फिनलैंड, बेल्जियम, मलेशिया, दक्षिण सहित कई देशों को खराब बैंक स्थापित करने के लिए मजबूर किया। कोरिया, चीन या इंडोनेशिया, लेकिन भारत में सरकार द्वारा प्रायोजित बैड बैंक के विचार को पहले कभी नहीं आजमाया गया, हालांकि कई निजी संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां हैं जो उप-इष्टतम रूप से काम कर रही हैं।

यह एक और बड़ा संस्थागत सुधार है और इसका श्रेय सरकार को दिया जाना चाहिए। यह काम करेगा या नहीं, यह तो समय ही बता सकता है। जबकि इसे कई देशों में सफलता मिली है, चीन में वे संघर्ष कर रहे हैं, और एवरग्रांडे के पतन से स्थिति और खराब होने की संभावना है। किसी भी मामले में, एआरसी एक स्थायी तंत्र नहीं हो सकता है, वास्तव में इसका एक सूर्यास्त खंड है जो इसे पांच से आठ वर्षों के भीतर समाप्त करने की अनुमति देता है।

बैंकिंग सुधार सरकार का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है जो 4-आर रणनीति – मान्यता, संकल्प, पुनर्पूंजीकरण और सुधार के साथ आया था। मान्यता के बाद, एनपीए की मात्रा का निर्धारण योजनाबद्ध तरीके से शुरू हुआ और बैंकों ने धीरे-धीरे अपने बकाया की वसूली शुरू कर दी। 2018 में, सार्वजनिक क्षेत्र के 21 में से सिर्फ दो बैंक ही मुनाफे में थे। लेकिन 2021 में केवल दो बैंकों (पंजाब एंड सिंध बैंक और सेंट्रल बैंक) ने घाटे की सूचना दी। सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार ने कई छोटे पीएसबी को बड़े लोगों के साथ विलय कर दिया है, और अब उनकी कुल संख्या 12 हो गई है। बैंकों की दबावग्रस्त आस्तियों से संभावित खरीदार खोजने के अलावा कई समस्याएं हैं। संपत्ति का मूल्यांकन एक है, जो नुकसान का निर्धारण करेगा। वास्तव में, कुछ आलोचना की गई है कि सरकार वास्तव में निजी उद्यमों के नुकसान की गारंटी दे रही है और पीएसबी, एनएआरसीएल और आईडीआरसीएल दोनों के शेयरधारक होने के नाते, वास्तव में अपनी स्वयं की तनावग्रस्त संपत्ति खरीद रहे होंगे। अब तक, भारतीय अनुभव ने निजी एआरसी पर आईबीसी के माध्यम से समाधान को प्राथमिकता दी है, जिनकी कम पूंजी आवश्यकता केवल 100 करोड़ रुपये है।

एआरसी के लिए नियामक वातावरण जो 2000 के दशक में उभरने के बाद से व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा है, उसे भी ओवरहाल की आवश्यकता है। स्ट्रेस्ड एसेट्स जल्द ही गायब नहीं होंगे, और हमें ऐसे संस्थानों को स्ट्रेस्ड एसेट्स को अवशोषित करने में मदद करने में सक्षम बनाने की जरूरत है। ऋण की पर्याप्त आपूर्ति और सभी के लिए समान अवसर पैदा किए बिना अर्थव्यवस्था का विकास नहीं हो सकता है।

## आप की बात

### सेना का साहसी राहत कार्य

**इस** साल देश के विभिन्न राज्यों में अच्छी बारिश हुई है। लेकिन कुछ राज्यों में अधिक बारिश हुई। इससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ और साथ ही कृषि को भी नुकसान हुआ। ऐसी स्थिति में कई बेघर हुए। देश के कई राज्यों में मानसून खत्म हो गया है। लेकिन उत्तराखंड और केरल यह दो राज्य अपवाद हैं। इन राज्यों में अक्टूबर में भी मूसलाधार बारिश हो रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। उत्तराखंड राज्य पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। इससे बचाव कार्य में भी बाधा आती है। नतीजतन, दूरदराज के इलाकों में लोगों को मदद करने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उत्तराखंड, केरल में बाढ़ में फंसे कई लोगों को भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के जवानों ने सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय सेना के जवान भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। उनका राहत कार्य आज भी जारी है। भारतीय वायुसेना उन जगहों पर पहुच रही है जहां पैदल मदद करना संभव नहीं है। आतंकवादी संकट हो या प्राकृतिक आपदा, भारत की तीनों सेनाएं लोगों की मदद के लिए तैयार हैं। उनका बचाव कार्य कितना तेज और सटीक है। यह मीडिया के माध्यम से देश को पता चल रहा है।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### आयातित तेल बनाम वैकल्पिक ऊर्जा

**तेल** की बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है। क्योंकि वैश्विक बाजार में तेल की कीमत वर्ष 2016 की तुलना में तीन गुना हो गई है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आयातित तेल पर निर्भरता कम करके इसे 50 प्रतिशत पर लाने की बात की थी। वैकल्पिक ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों का उपयोग करके कम ऊर्जा से उत्तम जीवन जी सकते हैं। कम ऊर्जा से हम बाइक, फ्रिज,और सोलर पैनल से पानी गर्म कर सकते हैं। ऊर्जा की खपत बढ़ाने के स्थान पर कम ऊर्जा में उच्च जीवन स्तर प्राप्त करने के उपाय खोजना चाहिये। इससे ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में मदद मिलेगी। जिसके कारण सूखा, बाढ़ ,तूफान आदि समस्याये पैदा हो रही है। जिससे सारी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। हमारे देश में कोरोना महामारी के कारण लोगो की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। बढ़ती पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से आमजनता परेशान और सरकार को कोस रही है। सरकार को जनता के हित मे रसोई गैस और डीजल की कीमतों को नियन्त्रित करना चाहिये। क्योंकि आमजनता इन्ही दो चीजों का प्रयोग सबसे ज्यादा करती है। वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग कर आयातित तेल की निर्भरता से बचा जा सकता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### घाटी में कत्लेआम

**घाटी** में एक बार पुन: नब्बे के दशक जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। जब आतंकियों का निशाना बने कश्मीरी पंडितों को दहशत में अपना घर छोड़ना पड़ा था। धारा 370 हटने के बाद एक बार फिर सरकार द्वारा इनके पुनर्वास की योजना बनाने, तथा सेना द्वारा आतंकियों पर निरंतर प्रहार से आतंकी संगठन तिलमिला गए हैं। भारतीय सेना के आगे लाचार दहशतगर्द अब छुप कर निर्दोष लोगों की हत्यायें कर दहशत का माहौल बनाना चाहते हैं। बीते दिनों एक स्कूल के अध्यापकों की धर्म पूछ कर हत्या की गई। आज कश्मीरी हिंदुओं सिक्खों एवं प्रवासी मजदूरों का इनके द्वारा कत्ल किया जा रहा है। पूरे जम्मू कश्मीर में पांच लाख से अधिक प्रवासी मजदूर काम करते हैं। लेकिन आतंकियों के इस कुकृत्य से उन्हें जम्मू कश्मीर से पलायन करना पड़ रहा है। यदि परिस्थिति यथावत बनी रही तो जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये है कि कश्मीर की स्थिति पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली महबूबा और तमाम अलगाववादी नेताओं की आंखों में मोतियाबिंद छा गया है।

– **शिवेंद्र यादव**, कुशीनगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**तेजस्वी** यादव ने गठबंधन समझौते का उल्लंघन किया। उन्होंने हमारे गढ़ कुशेश्वर अस्थान की एक सीट की हमारी मांग को खारिज कर दिया।

– **भक्त चरण दास**
बिहार कांग्रेस प्रभारी

**अमेरिका** जॉर्जिया को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में महत्व देता है और जॉर्जिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए हमारा समर्थन अटूट है।

– **लॉयड ऑस्टिन**
अमेरिकी रक्षा मंत्री





**भारत** और बांग्लादेश की दोस्ती बहुत पुरानी है। कट्टरपंथियों या किसी अन्य ताकत को इन संबंधों को नष्ट करने नहीं देना चाहिए।

– **विप्लब कुमार देब**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू

## योजना 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक चलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक लागू रहेगी। उपभोक्ता इस अवधि में योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। 30 नवम्बर तक उपभोक्ताओं को अपना बकाया जमा करना होगा।

श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इस योजना में छोटे उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है और उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। योजना के तहत घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) एवं वाणिज्यिक उपभोक्ता (एलएमवी-2)



के दो किलोवाट भार तक के छोटे उपभोक्ताओं तथा निजी नलकूप (एलएमवी-5) (समस्त विद्युत भार) वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। साथ ही दो किलोवाट तक के घरेलू विद्युत पंखा (एलएमवी-1) के छोटे उपभोक्ताओं को बकाया राशि में अधिकतम 6 किश्तों में जमा करने का भी विकल्प है। इसके अतिरिक्त घरेलू बत्ती पंखा (एलएमवी-1) के दो किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक (एलएमवी-2),के दो किलो से अधिक 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं का भी ध्यान रखते हुये उन्हें सरचार्ज राशि में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि छोटे एवं मध्यम घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तथा किसानों के लिये अत्यन्त लाभकारी एवं सुविधा जनक योजना है। इस योजना के अन्तर्गत स्थाई रूप से विच्छेदित बकायेदारों के प्रकरण भी समाधान के लिए लिए जाएंगे साथ ही विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामले भी समाधान भी हो सकेगा। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने सभ डिस्कामों को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपरोक्त श्रेणी के प्रत्येक बिजली बकायेदार को मिले इसके लिये व्यापक अभियान चलाया जाए। सभी कार्मिक प्रतिदिन योजना की समीक्षा करें साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नियमित रूप से कैम्पों का आयोजन भी किया जाए।

## परिवहन निगम की आय बढ़ाने के लिए हर तौर-तरीके अपनाए जाएं: कटारिया

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण परिवहन निगम की आय में कमी आयी है। महामारी अब नियंत्रण में है। निगम की आय को बढ़ाने के लिए जितने तौर तरीके हैं उनको अपनाया जाय। उन्होंने कहा कि घाटे में चल रहे डिपो की 15 दिन में समीक्षा होनी चाहिए। यात्रियों का रोडवेज बसों के प्रति आकर्षण बढ़ेए इसलिए बसों एवं बस स्टैण्ड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाय। दूसरे राज्यों को जाने वाली बसें अच्छी स्थिति में होनी चाहिएए जिससे कि यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो और इससे विभाग की छवि भी बदलेगी। परिवहन मंत्री आज परिवहन निगम के कार्यालय में निगम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी क्षेत्रीय प्रबन्धक-सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक-सेवा प्रबन्धक को यह निर्देश दिये हैं कि कम से कम 50 प्रतिशत से अधिक लोडफैक्टर पर ही बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाय। बसों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी चालक को दी जाय और इसके लिए चालकों को अलग से इंसेंटिव देने का भी प्राविधान किया जाय। उन्होंने पायलेट प्रोजेक्ट के तौर यह कार्यक्रम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य राज्यों को जाने वाली बसों की समय समय पर चेकिंग दल द्वारा चेकिंग की जाय। साथ ही निगम के वर्कशाप की लगातार मॉनीटरिंग की जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि जो बसें वर्कशाप कार्यशाला में आ रही हैं, उन्हें समय से ठीक किया जाय। मंत्री ने कहा कि कम आय देने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धकों-सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को तत्काल हटाया जाय तथा लाभ देने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धक-सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परिवहन निगम की बसें प्रत्येक दशा में बस अड्डे से ही होकर जायें। ऐसा न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय।

# किसानों व मिलों के बीच संतुलन के लिए चीनी मिलों को सह उत्पाद पर देना होगा जोर

● **बगास से बनी बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी की उठी मांग**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर चीनी मिलों की टकराहट को कम करने के लिए अब मिलों को चीनी के साथ-साथ सहवर्ती उत्पादों पर जोर देना होगा ताकि चीनी के भुगतान का लेकर संकट खड़ा न हो। साथ ही गन्ने की खोई से बनने वाले बिजली के दाम पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए क्योंकि यूपी में 2.80 रुपए प्रति यूनिट सरकार मिलों से बिजली खरीद रही है जबकि बिहार जैसे पड़ोसी राज्य बगास से बनी बिजली का दाम 6 रूपए से भी अधिक दे रहा है।

यह मुद्दे बुधवार को यूपी शुगर मिल कोजन एसोसिएशन की एजीएम में उठे। इस बैठक में उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, उप्र राज्य विद्युत पारेषण निगम लिमिटेड, उप्र स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, यूपी शुगर फेडरेशन के एमडी रमाकांत, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद मोहन समेत कोजन से बिजली का निर्माण करने वाली निजी और सरकार चीनी मिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा



लिया। इस बैठक में कोजन से बनी बिजली की दर का मुद्दा प्रमुख रहा जिस पर सभी ने चिंता जताई। सरकार चीनी मिलों से 2.80 रूपए प्रति यूनिट के अनुसार बिजली क्रय कर रही है जबकि पहले यूपी में बगास से बनी बिजली के दाम 5.80 रूपए प्रति यूनिट थे जो बाद में कम कर दिए गए हैं। इसके अलावा मिलों ने बिजली उत्पादन के बाद उसके पारेषण को लेकर आ रही दिक्कतों को भी सामने रखा जिमसें पावर कारपोरेशन और उत्पादन निगम द्वारा कोई सिंगल विंडों सिस्टम न होने से मिलों को आ रही व्यावहारिक भी साझा की गई। इस पर यूपीएसएलडीसी के अधिकारियों ने कहा कि पावर कारपोरेशन द्वारा एक नोडल अधिकारी और एक टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। शुगर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी पटौदिया ने कहा कि बगास से बनने वाली बिजली के दाम अन्य राज्यों की तुलना में यूपी में काफी कम हैं। उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव दिया गया था कि कम से कम बगास के जो दाम हैं उसी के अनुसार कोजन इनर्जी के दाम निर्धारित किए जाएं ताकि किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान में कठिनाई न हो सके। प्रदेश सरकार से इस बारे में वार्ता चल रही है, हो सकता है कि कोई सकारात्मक हल निकल सके। बैठक को एमडी यूपी शुगर फेडरेशन रामाकांत, मुख्य अभियंता उप्र राज्य विद्युत पारेषण निगम अमलेंदू, यूपीएसएलडीसी के एचडी दुबे, शुगर एसोसिएशन के दीपक गुप्तारा, पंकज रस्तोगी सीईओ डालमिया समूह, समेत अन्य मिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## यूपी में एक साल के भीतर ट्रेट्रा पैक में मिलेगा गन्ने का रस

**लखनऊ।** बैठक में आए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि बाजार मिलने वाले तमाम फ्रूट जूस उतने लाभप्रद्र नहीं होते जितने वह दर्शाते हैं। कोविड महामारी के बाद प्राकृतिक चिकित्सा की मांग बढ़ी है और हम इस बात पर शोध कर रहे है कि गन्ने का रस भी लोगों को बाजार में पैक किया हुआ मिले जो ताजा और स्वास्थ्य वर्धक हो, क्योंकि बाजारों में खुले में बिकने वाला गन्ने का पीना हर कोई चाहता है लेकिन साफ-सफाई के आभाव में लोग नहीं पीते हैं। उन्होंने जिस पर बाजार में कोल्ड ड्रिंक की मार्केट है उसी प्रकार अगर मिलें गन्ने का रस भी बेचेंगी तो बाजार में अच्छा बिजनेस मिलेगा। इसके लिए संस्थान ने कई स्तर के शोध पूरे कर लिए हैं और उम्मीद है कि अगले एक साल के भीतर हम इसे बाजार में उतार सकेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में गन्ने मूल्य भूगतान को लेकर चीनी मिलों के पास संकट रहता है इसलिए अगर मिले इस प्रकार के सहवर्ती उत्पाद बनाएगी तो उन्हें भुगतान में कठिनाई नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि मिलों को एग्रो बिजनेस काम्पलेक्स के रूप में काम करना होगा। जिसमें एक्सपोर्ट, बैजरेज, मेडिसिन, कन्फ्रेक्शनरी सेक्टर में जरूरत के अनुसार चीनी का उत्पादन किया जा सके। मिलो को इको फ्रेंडली प्रोडक्ट का भी निर्माण करना होगा। इसमें बगास से बनने वाली डिस्पोजल क्राकरी, बगास से बनने वाली प्लाई, कैमिकल, खाद्य पदार्थो में उपयोग किए जाने वाला वनीला जैसे उत्पादों का निर्माण किया जाना आवश्यक है। देश के अन्य राज्यों में मिलों ने इस दिशा में उत्पादन भी शुरू कर दिया है। गन्ने की बगास से बायो गैस बनाने का काम भी चल रहा है। इससे मिलों को किसानों के गन्ना भुगतान का संकट पैदा नहीं होगा।

## प्रदेश में अब रक्षक ही भक्षक बन गए हैं: अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने आगरा पुलिस की अभिरक्षा में वाल्मीकि जयंती के दिन वाल्मीकि समाज के युवक अरूण वाल्मीकि की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कहा है कि इस घटना से यह साबित हो गया है कि प्रदेश में अब रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। दुबे ने आगरा घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि जब खाकी के वेश में अपराध होंगे तो आम आदमी का खाकी से भरोसा उठ जायेगा। आखिर आगरा पुलिस क्या छुपाने की कोशिश कर रही है जिसकी वजह से एक निर्दोष की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी गयी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुये पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ साथ मृतक के परिजनों को एक करोड़ रूपये की अर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की भी मांग की है।

## प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर तत्काल खोले जाएं गो-आश्रय स्थल: लक्ष्मी नारायण चौधरी

● **पशुधन बीमा तथा किसान क्रेडिट कार्ड के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जाय: पशुधन मंत्री**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पशुधन** मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि पशुधन विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए समय से निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाय। साथ ही कार्यक्रमों के लिए आवंटित बजट का शत प्रतिशत उपयोग भी सुनिश्चित करते हुए जनपदों को उपलब्ध कराई जा रही धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराया जाय। मण्डलीय अपर निदेशक विभागीय योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण करें अन्यथा योजनाओं की प्रगति में कमी होने पर वह भी उत्तरदायी होंगे। पशुधन मंत्री ने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक-एक गो-आश्रय स्थल खोले जाने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायी जाय ताकि अधिक से अधिक संख्या में गोवंश का संरक्षण किया जा सके। पशुधन मंत्री बुधवार को पशुपालन निदेशालय में पशुधन विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सहभागिता योजना एवं कुपोषित परिवार को उपलब्ध कराये गये गोवंश का समुचित अभिलेखीकरण कराया जाय और पशुधन बीमा के अन्तर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जाय। इसके अतिरिक्त महत्वाकांक्षी जनपदों में कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड से पशुपालकों को लाभान्वित किया जाय।

## ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने के लिए गन्ना किसानों को मिला अन्तिम अवसर

**लखनऊ।** प्रदेश के गन्ना किसानों की सुविधा तथा किसानों की संख्या एवं सुझावों के दृष्टिगत ईआरपी की वेबसाइट पर ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि को 15 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2021 करते हुए एक और अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गयी थी, परन्तु अन्तिम तिथियों में रामनवमी एवं दशहरा आदि के अवकाश होने के कारण कुछ कृषक घोषणा पत्र भरने से वंचित रह गये। इन कृषकों की सुविधा एवं विभाग के टोल फ्री नम्बर पर गन्ना किसानों द्वारा किये जा रहे अनुरोध के दृष्टिगत गन्ना किसानों को घोषणा पत्र भरने के लिए अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए अन्तिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आसन्न पेराई सत्र 2021-22 हेतु गन्ना किसानों द्वारा सुविधा पूर्वक अपने घोषणा पत्र ऑनलाइन भरे जा रहे हैं।

## वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय विकास में योगदान प्रशंसनीय: अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यालय के डॉ लोहिया सभागार तथा लालबाग, लखनऊ स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तथा नमन कर सादगी के साथ वाल्मीकि जयंती मनाई।

अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में थे। वे संस्कृत भाषा के आदिकवि तथा महान काव्य रामायण के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय विकास में योगदान प्रशंसनीय है। हमें संकल्प लेना होगा कि इस समाज का सम्मान बढ़ाना है। उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में स्थान दिलाना है। श्री यादव ने आश्वस्त किया कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वाल्मीकि समाज के साथ हो रहा अन्याय समाप्त होगा और उसे सभी वैधानिक अधिकार प्राप्त होंगे। श्री यादव ने भाजपा सरकार द्वारा वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश को रद्द किये जाने की भी आलोचना की। भाजपा को जनहित में कोई काम ही नहीं करना है। अब भाजपा सरकार को भी छुट्टी पर भेजना है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी एवं अभिषेक मिश्र, डॉ राजपाल कश्यप तथा प्रदेश सचिव जुगल किशोर वाल्मीकि, विपिन मनोठिया बाल्मीकि, प्रदीप कुमार प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा तथा युवा नेता अतुल प्रधान, अनिल तिवारी, नंद किशोर वाल्मीकि, कुणाल वाल्मीकि, पुष्पा वाल्मीकि, राजू चौधरी, मनोज कुमार, विजय वाल्मीकि आदि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## भाजपा से जनतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा: सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा चालाकी से भरी ऐसी पार्टी है जो साजिशें रचकर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाती है। संवैधानिक संस्थाओं को अपनी राजनीति के स्वार्थ में कमजोर करती है। इससे सावधान रहना है। इससे जनतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा है। अब सन 2022 में जो चुनाव होने जा रहे हैं उसमें जनता के मौलिक अधिकारों को बचाने के लिए मजबूती से लड़ाई लड़नी होगी। अखिलेश यादव बुधवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ-फरेब के अलावा कोई सिद्धांत नहीं जानती है। अपने स्वार्थ के लिए राजनीति को प्रदूषित करने में उसे तनिक भी संकोच नहीं। अखिलेश ने कहा कि कुशीनगर के एयरपोर्ट के उद्घाटन भी एक और तमाशा है। कुशीनगर एयरपोर्ट समाजवादी सरकार की देन है, भाजपा श्रेय लेने का चुनावी खेल, खेल रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने केन्द्र को प्रस्ताव भेजा, सन 2016 में 207 करोड़ का बजट जारी किया। वोट हथियाने के मकसद से बनने के एक साल बाद यह उद्घाटन हो रहा है। भाजपा नाम बदलने, रंग बदलने और झूठे दावे करने में सबको पीछे छोड़ गई है। जबकि शिलान्यास की एक ईंट तक भी इन्होंने नहीं लगाई, तब भी फीता काटने और अपने नाम की पट्टी लगाने पहुंच गए। चित्रकूट, मेरठ, आजमगढ़, सैफई, कुशीनगर और मुरादाबाद आदि में हवाई अड्डा बनाने और उनके विस्तार का काम समाजवादी सरकार में ही हुआ था। उनके काम को नकारने का कुप्रयास वे कर रहे हैं। प्रदेश के विकास में जिनका एक धेले का योगदान नहीं है। वास्तव में, भाजपा कितना भी झूठ बोले, अब जनता पर उसका कोई असर होने वाला नहीं है।

## रीता बहुगुणा जोशी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए कांग्रेस को धोखा दिया: आजमानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी की ओर से बीते मंगलवार को दिए गए बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश आजमानी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा है कि केन्द्र में मंत्री बनना है तो आरएसएस का प्रचार कीजिए, जिसका कि आप जिन्दगी भर विरोध करती रहीं, गांधी परिवार या कांग्रेस का झूठा प्रचार करके नहीं।

कांग्रेस ने आपको क्या नहीं दिया, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस का दो बार प्रदेश अध्यक्ष बनाया, विधायक बनाया, लोकसभा का टिकट दिया, आपके भाई विजय बहुगुणा को उत्तराखण्ड का मुख्यमंत्री बनाया। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा यूपी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी महिलाओं को टिकट दिए जाने की घोषणा के बाद भाजपा सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी का बयान आया था कि प्रियंका गांधी महिलाओं को क्या मजबूत करेंगी वह पहले अपने को मजबूत करें।

## जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने वाला इनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य और 50 हजार के इनामी अपराधी रामू साहू को प्रयागराज जिले के कीडगंज थाना क्षेत्र से गिर तार किया है।

एसटीएफ को सूचना मिली कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य व थाना कीडगंज, जनपद प्रयागराज में दर्ज मुकदमे का वांछित और 50000 का पुरस्कार घोषित अपराधी रामू साहू रामबाग बस स्टैण्ड के बाहर मौजूद है। जो कहीं भागने की फिराक में किसी सवारी गाड़ी का इन्जतार कर रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिर तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिर तार अभियुक्त रामू साहू द्वारा बताया गया कि वह पहले अपने साथी अलीम अंसारी निवासी फूलपुर जनपद प्रयागराज, योगेन्द्र प्रताप व राहुल उर्फ निशीद, निवासीगण जनपद लखनऊ के साथ मिलकर चेक क्लोनिंग का काम करता था, जिसमें वर्ष 2014 में थाना गोमतीनगर जनपद लखनऊ में गिर तार हुआ तथा प्रयागराज के थाना झूंसी में भी धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत होने के कारण लखनऊ कारागार से केन्द्रीय कारागार नैनी आ गया। जहां उसकी मुलाकात दीपक मण्डल निवासी जैयनपुर थाना वैष्णवनगर जनपद मालदा पश्चिम बंगाल से हुई। जो जाली नोटों का बड़ा कारोबारी है। जो प्रयागराज के थाना शिवकुटी से जाली नोटों के साथ गिर तार होकर पहले ही जेल में निरुद्ध था। दीपक मण्डल से रामू साहू की जेल में प्रगाढ़ मित्रता हो गयी। जिससे रामू साहू मण्डल से भारतीय जाली मुद्रा प्राप्त करने लगा तथा उसे लाकर स्थानीय बाजारों में धीरे धीरे उसकी खपत करता रहा।

वर्ष 2018 में श्रवण केशरवानी पुत्र कल्लू निवासी कौडिहार बाजार थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को भी दीपक ने हजार रुपये देकर भेजा था। जहां से वह 50 हजार रुपये की भारतीय जाली मुद्रा प्राप्त कर लाया। वर्ष 2021 में रूपेश कुमार पुत्र राम सिंह निवासी मनकापुर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को 45 हजार रुपये देकर दीपक मण्डल से 1 लाख रुपये की भारतीय जाली मुद्रा प्राप्त कर मंगाया था।

## बेसिक शिक्षा विभाग के ओपन एजुकेशनल पोर्टल से जुड़ेंगे अभिभावक

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किये गए ओपन एजुकेशनल पोर्टल विकल्प पर अब अभिभावकों का भी रजिस्ट्रेशन होगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा निदेशक की तरफ से सभी जिलों के बीएसए को पत्र लिखा गया है। पत्र में पोर्टल के प्रचार प्रसार हेतु शिक्षकों, छात्रों के साथ अभिभावकों के रजिस्ट्रेशन पर जोर दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से तैयार किये गए विकल्प पोर्टल को शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस पोर्टल पर तीन तरह की सामग्री उपलब्ध है। जिनमें वीडियो लिंक, मूल्यांकन पत्र व कोश्चंस बैंक शामिल हैं। इसमें शिक्षकों को कोश्चंस बैंक की सहायता से क्विज निर्माण करने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा यदि शिक्षक चाहें तो खुद कंटेंट बनाकर अपलोड कर सकते हैं।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस बनकर तैयार, अब लोकार्पण का इंतजार

● **पीएमओ से डेट मिलते ही होगा भव्य उद्घाटन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अब पूरी तरह बनकर तैयार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय मिलते ही नवंबर में एक भव्य कार्यक्रम के साथ इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। हालांकि लखनऊ से लेकर गाजीपुर के बीच की अभी जनता ने इस एक्सप्रेस-वे पर आवागमन शुरू कर दिया है। सुल्तानपुर से रोड से शुरू हुए इस एक्सप्रेस वे पर आपको चहल-कदमी दिखाई पड़ जाएगी। क्षेत्रीय गांव और कस्बों के लोग अपने साधनों से इस एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरते दिखाई पड़ जाएंगे।

यूपीडा के मीडिया सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय ने बताया कि जन सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है जो कि नवंबर में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें पेट्रोल पंप से लेकर ढाबे और रेस्टोरेंट भी हैं। साथ ही एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जा रही है ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। दरअसल सरकार ने इस ग्रीन फील्ड परियोजना का निर्माण पूर्वांचल के विकास के लिये सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी और अयोध्या के अतिरिक्त आर्थिक रूप से कम विकसित जनपदों आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर को लखनऊ से जोड़ने के लिये किया गया है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सुल्तानपुर रोड पर स्थित ग्राम चांदसराय से शुरू होता है। अब अगर आप सुल्तानपुर रोड की तरफ निकलते हैं तो चांद सराय से बने ब्रिज के जरिए आप एक्सप्रेस-वे पर चढ़ सकते हैं। गोसाईगंज और आस-पास के गांव के लोग सुल्तानपुर, हैदरगढ़ जाने के लिए इस एक्सप्रेस-वे का मजा ले रहे हैं।

सड़क के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जा रही है। यह एक्सप्रेस-वे यूपी बिहार सीमा से 18 किमी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा एक्सप्रेसवे की लम्बाई 340.824 किमी है। एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लडाकू विमानों के लैण्डिग और टेक ऑफ भी हो सकेगा। सुल्तानपुर में इसके लिए हवाई पटटी का निर्माण किया गया है। इस एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर इंडस्ट्रीयल हब बनाने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को त्वरित उपचार एवं नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाने के लिए प्रत्येक पैकेजों में 2-2 कुल 16 एम्बुलेन्स की सुविधा मिलेगी। एक्सप्रेसवे से प्रदेश का पूर्वी क्षेत्र प्रदेश की राजधानी एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से देश की राजधानी से त्वरित एवं सुगम यातायात के कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत एवं प्रदूषण नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। एक्सप्रेसवे हैण्डलूम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों, भण्डारण गृह मण्डी तथा दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

## प्राइमरी स्कूलों में बीपीएड डिग्री के आधार पर सहायक शिक्षक की नियुक्ति गलत

● **हाईकोर्ट ने एक बीपीएड डिग्री धारक सहायक शिक्षक की सेवा समाप्त करने को सही ठहराया**

**विधि सवांददाता।** लखनऊ

**इंटरमीडिएट** कालेजों से संबद्ध प्राइमरी स्कूलों में बीपीएड डिग्री के आधार पर सहायक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकती। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने संबधित प्रावधानों का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया है कि ऐसे स्कूलों में स्नातक के साथ बीटीसी, एटीसी या सीटी की डिग्री आवश्यक होगी। यदि ऐसे डिग्री धारक अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो उसकी जगह बीएड डिग्री धारक अभ्यर्थी को रखा जाएगा।

पीठ ने यह कहते हुए गोंडा के विवेकानंद इंटर कालेज से संबद्ध प्राइमरी स्कूल में बीपीएड डिग्री के आधार पर तैनात एक सहायक शिक्षक की सेवा समाप्त करने के आदेश पर अपनी मुहर भी लगा दी है। पीठ का कहना है कि किसी प्रावधान में यह व्यवस्था नहीं है कि बीटीसी, एचटीसी या सीटी धारक अभ्यर्थी की उपलब्धता नहीं होने पर बीपीएड डिग्री धारक की नियुक्ति कर दी जाए। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए दिया है। 20 अक्टूबर 2014 को याचिकाकर्ता को कालेज प्रबंधन ने यह कहते हुए कि हटा दिया था कि उसने नौकरी के लिए बीपीएड की डिग्री दाखिल की थी। जबकि नियमानुसार यह डिग्री सहायक शिक्षक के पद पर चयन के लिए मान्य नहीं थी। 27 दिसंबर 2016 को इस आदेश पर गोंडा के जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी अपनी मुहर लगा दी।

# उत्तरी बंगाल में भारी बारिश: भूस्खलन और निचले इलाकों में बाढ़

**भाषा।** गंगटोक/ कोलकाता

**हिमालई** राज्य सिक्किम और उत्तरी बंगाल के चाय उत्पादन क्षेत्र में भारी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 सहित कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ जिससे गंगटोक का देश के अन्य हिस्सों से सड़क संपर्क टूट गया है। उत्तरी बंगाल में भारी बारिश से बुधवार को आम जनजीवन प्रभावित रहा। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और जलपाईगुड़ी जिलों में बारिश की वजह से भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं जिससे सड़क और पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं और कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान पहाड़ी इलाकों में गए सैकड़ों पर्यटक अपने अगले गंतव्यों पर जाने या घर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन या बागडोगरा हवाई अड्डे तक पहुंचने में भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से मुश्किल का सामना कर रहे हैं।



बीरभूम में बाढ़ का एक दृश्य

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश की वजह से सेना और गैर सैनिकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर भी भूस्खलन हुआ है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल में राजमार्ग के 29वें मील पत्थर के पास भूस्खलन हुआ है जो हिमालई राज्य की रंगपो सीमा से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन की दूसरी घटना यहां पनी हाउस के पास हुई जिससे वाहनों की आवाजाही बााधित हुई। सड़क पर मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है ताकि आंशिक रूप से सड़क खोली जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिन से तीस्ता नदी का बहाव तेज है और इसकी वजह से सिक्किम के प्रवेश द्वार रंगपो स्थित इस्पात के पुल का एक खंभा क्षतिग्रस्त हो गया है, कई स्थानों पर नदी, तटबंध बहाकर ले गई है। स्थानीय पुलिस इसके मद्देनजर पुल से वाहनों की आवाजाही को रोक रही है। राज्य में लगातार जारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है और प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री भेजी जा रही है। पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले के महानदी इलाके में भूस्खलन की एक और घटना हुई है जिससे अहम कुरसियांग को सुकना से जोड़ने वाली सड़क बाधित हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार जारी बारिश की वजह से बंगाल के गजोलडोबा तीस्ता बैराज से 3,800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे जलपाईगुड़ी के कई निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई है और सिलिगुड़ी को सिक्किम की राजधानी गंगटोक से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10, तीस्ता बाजार इलाके में जलमग्न हो गया है जिसकी वजह से यातायात में समस्या आ रही है। मौसम विभाग ने दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और अलीपुरदुआर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए बृहस्पतिवार की सुबह तक तीनों जिलों में एक दो स्थानों पर मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, जलपाईगुड़ी और कूच बिहार में भी मूसलाधार बारिश की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि कलिम्पोंग जिले में भूस्खलन की वजह से सड़क संपर्क टूट गया है और कलिम्पोंग कस्बे से पेडोंग, लावा और अलगारा सहित कई बस्तियों को जोड़ने वाली सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग जिले में सिलिगुड़ी शहर के बाहरी इलाके के मैत्रीगारा में बालसोन नदी पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है।



मथुरा में नये चुने गये ग्राम प्रधानों को एक कार्यक्रम के दौरान संबोधित करतीं भाजपा सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी

# पुंजापुरा इलाके में 60 साल तक विकास न करने के लिए भाजपा को मंच से माफी मांगनी चाहिए: कमलनाथ

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि खंडवा लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले पुंजापुरा इलाके में पिछले 60 वर्षों से भाजपा जीतती आई है, लेकिन आज भी यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से उपेक्षित है। भाजपा एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विकास के मामले में क्षेत्र की जनता को धोखा देने के लिए यहां मंच से माफी मांगनी चाहिए। कमलनाथ ने खंडवा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजनारायण सिंह पूरनी के समर्थन में पुंजापुरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। खंडवा लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए 30 अक्टूबर को मतदान होना है।

आज इस इलाके (बागली विधानसभा के तहत आने वाले पुंजापुरा) में नर्मदा किनारे होने के बावजूद यहां पानी का संकट है। ना उद्योग, ना विकास, ना रोजगार। रोजगार के अभाव में लोगों का पलायन जारी है। आज भी यह क्षेत्र विकास की



दृष्टि से उपेक्षित है। कमलनाथ ने कहा, मुझे तो ताज्जुब होता है कि जिन शिवराज जी को विकास के मामले में आपको धोखा देने के लिए यहां आपसे मंच से मा2398ी मांगनी चाहिए, वो किस मुंह से यहां आकर फिर झूठी घोषणाएं करने व झूठे नारियल फोड़ने की हिम्मत कर लेते हैं?

शिवराज जी आप पुंजापुरा के 60 साल का हिसाब दो। शर्म आनी चाहिए आपको कि आप फिर झूठ परोस रहे हैं। फिर झूठे सपने दिखा रहे हैं।

## राहुल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने से बचें कर्नाटक भाजपा प्रमुख: एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बुधवार को अपनी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने से बचने के लिए कहा। विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करने पहुंचे एदियुरप्पा ने सिंदगी में संवाददाताओं से कहा, किसी को भी ऐसा नहीं बोलना चाहिए। मैं उनसे बात करूंगा और पूछूंगा कि इस तरह के बयान के पीछे क्या पृष्ठभूमि थी। इस तरह से बोलने की कोई जरूरत नहीं थी उन्होंने कहा कि किसी को भी राहुल गांधी जैसे नेता के खिलाफ अपमानजनक बात नहीं बोलनी चाहिए। उनकी पार्टी के कार्यकर्ता उनका सम्मान करते हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख डी के शिवकुमार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए एक ट्वीट किया गया था, जिसके बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है।

# हर क्षेत्र में देश के साथ धोखा किया भाजपा ने: पायलट

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र में देश के साथ धोखा किया है। पायलट जयपुर के पास चाकसू में डॉ भीमराव आंबेडकर की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इलाके के अनेक विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। केंद्र सरकार पर बरसते हुए पायलट ने कहा, भाजपा की सरकार केंद्र में है। सात साल का इतिहास उठाकर देख लें,हर क्षेत्र में इन्होंने देश के साथ धोखा किया है। अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया। महामारी में हजारों लाखों लोग मर गए चिंता करने, जिम्मेदारी लेने वाला कोई सामने नहीं आया।

पायलट ने कहा कि बेरोजगारी ऐतिहासिक चरम पर पहुंच गई, पेट्रोल-डीजल सौ रुपए का व गैस सिलेंडर नौ सौ रुपए का हो गया। इस



सरकार ने जले पर नमक छिड़कने का काम कृषि कानूनों से किया। पूरे देश में साल भर से उनका विरोध हो रहा है। पायलट ने कहा कि जो लोग आंबेडकर व पायलट का नाम नहीं लेते थे वे वोटों व सत्ता के लिए उन्हें पूजने तक लगे हैं। पायलट ने कहा, आज अंबेडकर साहब को जो मान सम्मान मिल रहा है तो वह आप लोगों की बदौलत मिल रहा है। जो लोग आंबेडकर साहब को देखते तक नहीं थे जो सरदार पटेल को देखते तक नहीं थे आज उनकी पूजा कर रहे हैं तो आपके दबाव में कर रहे हैं। इस बात को भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, ए लोग पाखंड में माहिर हैं इनको आंबेडकर साहब से कोई लगाव नहीं है लेकिन जब वोट लेना होता है, राज की बात आती है, सिंहासन की बात आती है तो ए तो बड़े बहरूपिए हैं जो किसी की भी पूजा कर सकते हैं।

कांग्रेस को सबसे अधिक समर्थन अनुसूचित जाति व जनजाति समाज से मिला है और पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों के साथ जहां भी अन्याय होगा हम उसका साथ देने को तैयार हैं। पायलट ने 21वीं सदी में भी दलितों के साथ असमानता व अन्याय की घटनाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि दलितों का अत्याचार , शोषण बंद करना होगा और यह सर्व समाज की जिम्मेदारी है। हमारे दलित भाई बहनों का न केवल मान सम्मान बल्कि हर जगह उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हमारी है। आज हम लोगों की सरकार है मुझे पूरा विश्वास है कि जहां-जहां संभव होगा वहां हम हमारे दलित, आदिवासी भाई बहनों को मौका देंगे।

## क्विक न्यूज

### उपचुनाव में भाजपा ने महिला को 50 प्रतिशत टिकट दिए हैं: चौहान

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देने के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के वादे पर कटाक्ष करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में 30 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव में 50 फीसदी महिला उम्मीदवार उतारे हैं। चौहान ने अलीराजपुर जिले के जोबट में मंगलवार की रात पत्रकारों से यह बात कही। वह जोबट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुलोचना रावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आए थे। मध्य प्रदेश में तीन विधानसभा सीटों - जोबट (अलीराजपुर जिला), रैगांव (सतना जिला), पृथ्वीपुर (निवाड़ी जिला) और खंडवा लोकसभा सीट पर 30 अक्टूबर को उपचुनाव होने है। प्रियंका गांधी की घोषणा पर चौहान ने कहा, मुझे नही पता कि उन्होंने (प्रियंका) क्या कहा, लेकिन मध्य प्रदेश उपचुनाव में हमने चार में से दो सीटों पर (50 फीसदी) महिला उम्मीदवार उतारे हैं। हमारी बहनें जोबट में सुलोचना रावत और रैगांव में प्रतिमा बागरी (दोनो विधानसभा सीटें) चुनाव लड़ रही हैं। उन्होने कहा कि जनता हमारे साथ है और हमें पूर्ण विश्वास है कि इस उपचुनाव में सभी चार सीटों पर हमारी जीत होगी।

### पुलिस ने घरेलू सहायिका को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** कोलकाता में इंजीनियरिंग कंपनी में काम करने वाले सुबीर चाकी समेत दोहरे हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार को एक महिला को हिरासत में लिया जो उस घर में काम करती थी जहां ए हत्याएं हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि चाकी (61) और उसके वाहन चालक रबिन मंडल (65) के गले, पैर और पीठ पर चाकू से वार करने के कई निशान पाए गए थे। रविवार रात को दक्षिण कोलकाता के गरियाघाट इलाके में स्थित चाकी के पुश्तैनी घर में दोनो के शव बरामद हुए थे। अधिकारी ने कहा कि महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने शहर के मोमिनपुर इलाके में मंडल के घर जाकर भी पड़ोसियों से पूछताछ की। अधिकारी ने कहा, मंडल ने दक्षिण कोलकाता के उपनगर में भी घर बनवाया था और लेकिन वह मोमिनपुर में रहता था। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे है कि वह वहां क्यो रहता था। हम उसके दोनो बेटो से बातचीत करेंगे। पुलिस को इलाके से कुछ सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए है जिनकी जांच की जा रही है।

### हत्या के लिए नए तरीके अपना रहे आतंकवादी: आजाद

**श्रीनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने ग्रेनेड और बारूदी सुरंगों के बजाय पिस्तौल का इस्तेमाल कर नजदीक से अपने लक्ष्यों को निशाना बनाने का नया तरीका अपनाया है। इस महीने में अब तक कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के गैर-निवासियों समेत 11 नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आतंकवादियों की रणनीति में बदलाव प्रतीत होता है पहले वे हथगोले और बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल करते थे। फिर वे कारों मे सवार होकर अपने लक्ष्यों को खत्म करने लगे ... अब वे असैन्य नागरिकों के करीब से गुजरते है और उन्हें मार डालते है। आजाद ने यहां अपने आवास पर कश्मीर के विभिन्न हिस्सों के कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद कहा कि घाटी के लोग निर्दोष नागरिकों की हत्या के खिलाफ है। उन्होने कहा, कश्मीर के लोग देश मे कही और लोगों की तुलना में इन हत्याओं के 10 गुना अधिक खिलाफ है। आजाद ने कहा कि उनकी बातचीत का उद्देश्य जमीनी स्थिति का पता लगाना था। उन्होने कहा, मै अपने निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से यह पता लगाना चाहता था कि उग्रवाद बढ़ा है या घटा है और लोग राज्य का दर्जा चाहते है या नही। इसके अलावा कई अन्य मुद्दो पर भी बात हुई। अगस्त 2019 में, केंद्र ने तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशो जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए पूरी व्यवस्था करें : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जिला प्रशासन, चिकित्सा विभाग एवं स्थानीय निकाय आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए बेहतर उपचार, स्वच्छता एवं जागरूकता बढ़ाकर मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रूप से नियंत्रण करें और किसी स्तर पर कोई लापरवाही नही होनी चाहिए। गहलोत बुधवार को मौसमी बीमारियों एवं कोविड टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के चिकित्सा प्रबंधन के समक्ष बड़ी चुनौती पेश की है और तीसरी लहर की आशंका अभी बनी हुई है। ऐसे में कोई मौसमी बीमारी महामारी का रूप ना ले, इसके लिए जन सहयोग से पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर गांव-ढाणी तक डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू जैसी बीमारियो के उपचार एवं बचाव के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिया कि चिकित्सा विभाग डेंगू के दुष्प्रभावो को लेकर लोगों को जागरूक करे। उन्होंने स्थानीय निकायों को नियमित रूप से फॉगिंग करने व जिला प्रशासन को मौसमी बीमारियो की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए।



तेजपुर में विहिप और बजरंग दल के सदस्य बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते हुए

# विवि की प्रतिष्ठा से ज्यादा पाठ्यक्रमों को तरजीह दे रहे 52 प्रतिशत विद्यार्थी

**नई दिल्ली।** विदेश में पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले कम से कम 52 प्रतिशत विद्यार्थी विवि की प्रतिष्ठा के मुकाबले विशिष्ट पाठ्यक्रमों को तरजीह दे रहे हैं। वैश्विक वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी वेस्टर्न यूनियन द्वारा नीलसन आईक्यू द्वारा कराए गए अध्ययन के नतीजों के मुताबिक अब 64 प्रतिशत विद्यार्थी उन देशों और विश्वविद्यालयों को पढ़ाई के लिए प्राथमिकता दे रहे हैं जहां पर प्रवेश परीक्षा या अंग्रेजी में पांरगत होने की अनिवार्यता नहीं है। विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों में आश्चर्य करने वाली परिपाटी देखने को मिल रही है, अधिकतर (52 प्रतिशत) विद्यार्थी चुनाव के लिए विशिष्ट पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं, बजाय के विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठा को। विद्यार्थी उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश चाहते हैं जो हटकर हैं लेकिन धीरे-धीरे महत्व प्राप्त कर रहे हैं और इसके लिए वे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के समूहों से परे देख रहे हैं जो इस तरह के पाठ्यक्रमों की पेशकश नहीं करते। अध्ययन में कहा गया, इसका संबंध बाधा से भी है, परीक्षा उत्तीर्ण करना विद्यार्थियों (64 प्रतिशत के लिए) की सबसे बड़ी बाधा है, जिससे वे उन देशों और विश्वविद्यालयों को चुन रहे हैं जहां पर प्रवेश परीक्षा नहीं होती और अंग्रेजी में पारंगत होना अनिवार्य नहीं है। धन संबंधी चिंता खासतौर पर वित्त और वित्तीय योजना अहम बाधा है जो विद्यार्थियों और अभिभावकों दोनों ने व्यक्त की और बताया कि पूरी प्रक्रिया को तय करने में यह अहम भूमिका निभाती है। एजुकेशन ओवरसीज- ऐन इवोलविंग जर्नी शीर्षक से किए गए अध्ययन में करीब आधे (45 प्रतिशत) विद्यार्थियों ने बताया कि उनकी प्राथमिकता आत्म निर्भरता और अपनी शर्तों पर जीने का अवसर विदेश में पढ़ाई की प्रेरणा देते हैं। अब प्रत्एक पांच विद्यार्थी में से एक (22 प्रतिशत) अध्ययन के लिए आयरलैंड, तुर्की और स्पेन जैसे गैर पारंपरिक स्थानों को प्राथमिकता दे रहा है।

## असम सरकार की होर्डिंग पर काली स्याही पोतने के आरोप में दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम की बांग्ला भाषी बहुल बराक घाटी के सिलचर कस्बे में राज्य सरकार द्वारा असमी भाषा में लगाई गई होर्डिंग पर काली स्याही पोतने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी। कछार की पुलिस अधीक्षक रमणदीप कौर ने बताया कि असमी भाषा के स्थान पर बंगाली भाषा में पोस्टर लगाने की मांग को लेकर जल जीवन मिशन से जुड़ी होर्डिंग को विकृत करने के मामले में राजू देब और समर दास की पहचान की गई थी और उन्हें रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों को मंगलवार की शाम को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और मामले की जांच चल रही है। राजू देब ऑल बंगाली स्टुडेंट्स यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एबीएसवाईओ) का कछार जिला अध्यक्ष है जबकि समर दास संगठन का सक्रिय सदस्य है।

# नौका में टक्कर के बाद लापता भारतीय मछुआरे का शव मिला

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने बुधवार को बताया कि उन्हें नौका हादसे के बाद से लापता भारतीय मछुआरे का शव मिला है। दो अन्य व्यक्तियों के साथ गए भारतीय मछुआरे की नौका को उत्तरी तट पर श्रीलंकाई नौसेना के जहाज ने टक्कर मार दी थी और घटना के बाद से वह लापता था। घटना सोमवार देर रात नेदुनथीवू के पास हुई। श्रीलंकाई नौसैना का जहाज भारतीय मछुआरों की नाव से जा टकराया, जिससे उसमें सवार तीन लोग समुद्र में जा गिरे। उनमें से दो को श्रीलंका के कर्मियों ने तुरंत बचा लिया और तीसरे मछुआरे की तलाश शुरू की गई। यह मछुआरा तमिलनाडु के पुथुकोट्टई जिले के कोट्टईपट्टिनम का रहने वाला था। श्रीलंकाई नौसेना ने बुधवार को बताया कि लापता भारतीय मछुआरे का शव मिल गया है। तत्काल आगे की कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। दोनों देशों के मछुआरे अनजाने में एक दूसरे के जल क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में अक्सर गिरफ्तार किए जाते हैं। श्रीलंकाई मत्स्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि वे भारतीय पक्ष के साथ नए सिरे से बातचीत करने की योजना बना रहे हैं जिससे उन्हें उम्मीद है कि इसका स्थाई समाधान निकल पाएगा। मंत्रालय के सचिव इंदु रत्नायके ने बताया कि मछली पकड़ने वाली आठ भारतीय नौकाएं हैं जिन्हें अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंका ने कब्जे में रखा है। जनवरी में इसी तरह की एक घटना में चार भारतीय मछुआरे मारे गए थे।

# मुस्लिम निकाह एक अनुबंध है और यह हिन्दू विवाह की तरह संस्कार नही है: कर्नाटक उच्च न्यायालय

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक उच्च न्यायालय** ने कहा है कि मुस्लिम निकाह एक अनुबंध है, जिसके कई अर्थ हैं, यह हिंदू विवाह की तरह कोई संस्कार नहीं और इसके विघटन से उत्पन्न कुछ अधिकारों एवं दायित्वों से पीछे नहीं हटा जा सकता। यह मामला बेंगलुरु के भुवनेश्वरी नगर में एजाजुर रहमान (52) की एक याचिका से संबंधित है, जिसमें 12 अगस्त, 2011 को बेंगलुरु में एक पारिवारिक अदालत के प्रथम अतिरिक्त प्रिंसिपल न्यायाधीश का आदेश रद्द करने का अनुरोध किया गया था। रहमान ने अपनी पत्नी सायरा बानो को पांच हजार रुपए के मेहर के साथ विवाह करने के कुछ महीने बाद ही तलाक शब्द कहकर 25 नवंबर, 1991 को तलाक दे दिया था।

इस तलाक के बाद रहमान ने दूसरी शादी की, जिससे वह एक बच्चे का पिता बन गया। बानो ने इसके बाद गुजारा भत्ता लेने के लिए 24 अगस्त, 2002 में एक दीवानी मुकदमा दाखिल किया था। पारिवारिक अदालत ने आदेश दिया था कि वादी वाद की तारीख से अपनी मृत्यु तक या अपना पुनर्विवाह होने तक या प्रतिवादी की मृत्यु तक 3,000 रुपए की दर से मासिक गुजारा भत्ते की हकदार है।

न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने 25,000 रुपए के जुर्माने के साथ याचिका खारिज करते हुए सात अक्टूबर को अपने आदेश में कहा, निकाह एक अनुबंध है जिसके कई अर्थ हैं, यह हिंदू विवाह की तरह एक संस्कार नहीं है। यह बात सत्य है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने विस्तार से कहा कि मुस्लिम निकाह कोई संस्कार नहीं है और यह इसके समाप्त होने के बाद पैदा हुए कुछ दायित्वों एवं अधिकारों से भाग नहीं सकता। पीठ ने कहा, तलाक के जरिए विवाह बंधन टूट जाने के बाद भी दरअसल पक्षकारों के सभी दायित्वों एवं कर्तव्य पूरी तरह समाप्त नहीं होते हैं। उसने कहा कि मुसलमानों में एक अनुबंध के साथ निकाह होता है और यह अंतत: वह स्थिति प्राप्त कर लेता है, जो आमतौर पर अन्य समुदायों में होती है। अदालत ने कहा, यही स्थिति कुछ न्यायोचित दायित्वों को जन्म देती है। वे अनुबंध से पैदा हुए दायित्व हैं। अदालत ने कहा कि कानून के तहत नए दायित्व भी उत्पन्न हो सकते हैं।

उनमें से एक दायित्व व्यक्ति का अपनी पूर्व पत्नी को गुजारा भत्ता देने का परिस्थितिजन्य कर्तव्य है जो तलाक के कारण अपना भरण-पोषण करने में अक्षम हो गई है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कुरान में सूरह अल बकराह की आयतों का हवाला देते हुए कहा कि अपनी बेसहारा पूर्व पत्नी को गुजारा-भत्ता देना एक सच्चे मुसलमान का नैतिक और धार्मिक कर्तव्य है। अदालत ने कहा कि एक मुस्लिम पूर्व पत्नी को कुछ शर्तें पूरी करने की स्थिति में गुजारा भत्ता लेने का अधिकार है और यह निर्विवाद है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि मेहर अपर्याप्त रूप से तय किया गया है और वधु पक्ष के पास सौदेबाजी की समान शक्ति नहीं होती।



कोलकाता में अभिनेत्री इंद्राणी दत्ता अपनी पुत्री राजनंदिनी दत्ता के साथ लक्ष्मी पूजन करती हुई

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट मुनाफावसूली से सेंसेक्स 456 अंक लुढ़का

**भाषा।** मुंबई

**शेयर बाजारों** में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। उच्च मूल्य स्तर पर पहुंचे शेयरों में निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 456 अंक टूटकर बंद हुआ। निफ्टी भी 18,300 के स्तर से नीचे बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार मझोली और छोटी कंपनियों (मिडकैप और स्मॉलकैप) के शेयरों में भी उच्च कीमत की वजह से भारी बिकवाली दबाव रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 456.09 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,259.96 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 152.15 अंक यानी 0.83 प्रतिशत टूटकर 18,266.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन 2.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा एचयूएल, एनटीपीसी, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल ने 4.03 प्रतिशत की सर्वाधिक तेजी के साथ लाभ में रहने वाले शेयरों की अगुवाई की। एसबीआई, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक में भी तेजी रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, जिन शेयरों में गिरावट आई है, वह युक्तिसंगत है। क्योंकि मूल्य काफी चढ़ गया था। उन्होंने कहा कि लगभग सभी क्षेत्रवार सूचकांक नुकसान में रहें। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में तेजी रही। निवेशक इस खंड में निवेश करते दिखें। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में जो गिरावट है, वह कोई बड़ी प्रतिक्रिया का नतीजा नहीं है। उच्च मूल्यांकन के कारण अल्प अवधि में यह स्थिति बनी रह सकती है। भविष्य में भारतीय कंपनियों को सुधारों से लाभ हो सकता है...। उन्होंने कहा, इसके अलावा अर्थव्यवस्था में गतिविधियां फिर से शुरू होने, निम्न ब्याज दर और सरकार तथा निजी स्तर पर खर्च से अर्थव्यवस्था और बाजार की दीर्घकालीन प्रवृत्ति अक्षुण्ण बनी हुई है। बाजार में यह सुधार खरीद का मौका देगा। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.38 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 47 पैसे मजबूत होकर 74.88 पर पहुंच गई।







# यस बैंक ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई, स्थिर होने में दो और साल लगेंगे : रजनीश कुमार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय स्टेट** बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि संकटग्रस्त यस बैंक ने पिछले साल एसबीआई के नेतृत्व में निवेशकों के समूह द्वारा उसके प्रबंधन को संभालने के बाद उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है और इसे स्थिर होने में दो साल और लग सकते हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, जिस स्थिति में यस बैंक था, आपको उसे स्थिर करने के लिए कम से कम तीन साल का समय देना होगा।

द कस्टोडियन ऑफ ट्रस्ट नामक अपनी पुस्तक में, कुमार ने कहा कि एसबीआई यस बैंक के लिए अंतिम सहारा बनने के लिए अनिच्छुक था, लेकिन परिस्थितियों ने इसे देश के चौथे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक को बचाने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा, शुरुआत में मुझे लगा था कि छह बैंकों के विलय के बाद एसबीआई एक और बैंक को बचाने की जिम्मेदारी लेने से बचेगा। एसबीआई द्वारा आखिरी बेलआउट (1995 में) उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में काम करने वाला काशी नाथ सेठ बैंक था, जो एक परिवार के स्वामित्व वाला बैंक था। उन्होंने पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) द्वारा प्रकाशित पुस्तक में उल्लेख किया है कि आरबीआई का उनपर 13 मार्च, 2020 तक बैंक के लिए अन्य निवेशकों को खोजने का दबाव था। पांच मार्च, 2020 को भारतीय रिज़र्व बैंक ने संकटग्रस्त यस बैंक पर रोक लगाते हुए निकासी की सीमा 50,000 रुपए तय कर दी। इसके बाद 13 मार्च को सरकार द्वारा अधिसूचित पुनर्गठन योजना के कारण 18 मार्च, 2020 को इस रोक को हटा लिया गया। पुनर्गठन योजना के अनुसार, एसबीआई तीन साल की अवधि के लिए बैंक में अपनी हिस्सेदारी को 26 प्रतिशत से कम नहीं कर सकता है, जबकि अन्य निवेशकों और मौजूदा शेयरधारकों के पास यस बैंक में उनके 75 प्रतिशत के निवेश के लिए तीन साल की लॉक-इन अवधि होगी। हालांकि, 100 से कम शेयरों वाले शेयरधारकों पर लॉक-इन अवधि लागू नहीं होगी।

## क्विक न्यूज

### भारत 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल होने योग्य : केरी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति के जलवायु मामलों के विशेष दूत जॉन केरी ने बुधवार को कहा कि भारत का 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता हासिल करने का लक्ष्य हासिल होने योग्य है, क्योंकि वह पहले ही 1,00,000 मेगावॉट की क्षमता हासिल कर चुका है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) आमसभा के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, भारत को आईएसए का नेतृत्व करते हुए देखकर काफी अच्छा लग रहा है। भारत (हमारा) एक करीबी सहयोगी है और अमेरिका 2030 तक 4,50,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य का पुरजोर समर्थन करता है। केरी ने कहा, हमारा मानना है कि यह बिल्कुल संभव है और हासिल कर लिया जाएगा। भारत ने पहले ही 1,00,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता हासिल कर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साथ ही कहा, भारत ने अपनी कम लागत वाली सौर नीलामियों के साथ जो प्रदर्शन किया है और पारेषण ग्रिड एवं बड़े पैमाने पर सौर कलपुर्जों के कार्यक्रम और दूसरे नवाचार नीति उपकरणों से जो हासिल किया है, उसे पूरी दुनिया में दोहराया जा सकता है। यह ध्यान में रखते हुए कि सौर ऊर्जा जलवायु को लेकर तत्काल जरूरी कार्वाई का सबसे अहम हिस्सा है, उन्होंने देशों से तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर सीमित करने और शताब्दी के मध्य तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को पहुंच के भीतर रखने के लिए जोरदार कार्वाई करने का आग्रह किया।

### आईएमएफ की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ नौकरी छोड़ेंगी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी लौटेंगी

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार उसकी मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ अगले साल जनवरी में अपनी नौकरी छोड़ देंगी और प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लौट जाएंगी। 49 वर्षीय प्रमुख भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री जनवरी 2019 में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में आईएमएफ में शामिल हुई थी। मैसूर में जन्मी गोपीनाथ वैश्विक वित्तीय संस्थान की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री हैं। आईएमएफ में शामिल होने से पहले वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन और अर्थशास्त्र की प्रोफेसर थी। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने मंगलवार को घोषणा की कि गोपीनाथ के उत्तराधिकारी की तलाश जल्द ही शुरू होगी। जॉर्जीवा ने कहा, आईएमएफ और हमारी सदस्यता में गीता का योगदान काफी उल्लेखनीय रहा, सीधे शब्दों में कहे तो आईएमएफ के काम पर उनका प्रभाव जबरदस्त रहा है।

### वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए आवेदन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा: सेबी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि सरकार द्वारा कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद वह अपने कानूनी विभाग में वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए किसी आवेदन पर विचार नही करेगा। सेबी ने एक नोटिस में कहा, पूर्णआंशिक लॉकडाउन से जुड़े सरकारी परामर्श में छूट और कोविड-19 की वजह से लगी यात्रा संबंधी रोक हटाने जाने के साथ इंटर्नशिप कार्यक्रम चार मार्च, 2020 के विज्ञापन में प्रदान किए गए पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों के अनुरूप होगा। नोटिस में कहा गया, वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने चार मार्च, 2020 को अपने कानूनी विभाग में इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे।

### जियो ने अगस्त में 6.49 लाख, एयरटेल ने 1.38 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अगस्त में 6.49 नए लाख मोबाइल ग्राहक जोड़े। इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा, जिसने 1.38 लाख नए कनेक्शन जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके उलट वोडाफोन आइडिया ने अगस्त में 8.33 लाख ग्राहक गंवाए, हालांकि उसका नुकसान जुलाई की तुलना में कम रहा। जियो ने नए ग्राहक जोड़ने की रेस में प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ना जारी रखते हुए अगस्त में 6.49 लाख वायरलेस उपयोगकर्ता जोड़े। इसके साथ ही उसका मोबाइल ग्राहकों का आधार बढ़कर 44.38 करोड़ हो गया। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल ने महीने के दौरान 1.38 लाख ग्राहक जोड़े जिससे उसके कुल वायरलेस कनेक्शनों की संख्या 35.41 करोड़ हो गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वोडाफोन आइडिया ने अगस्त में 8.33 लाख मोबाइल कनेक्शन गंवाए और इसके साथ उसके वायरलेस ग्राहकों की संख्या घटकर 27.1 करोड़ रह गई।

### आने वाले महीनों में सोने का आयात और बढ़ने की उम्मीद: जीजेईपीसी

**नई दिल्ली।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को कहा कि त्योहारों और शादियों के सीजन की मांग के कारण आने वाले महीनों में देश के सोने के आयात में और वृद्धि होने की उम्मीद है। सोने का आयात अप्रैल-सितंबर 2021 के दौरान लगभग 24 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसका चालू खाता घाटे (कैड) पर असर पड़ता है। जीजेईपीसी ने कहा कि पिछले छह महीनों के दौरान आयात में उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति देखी गई है और यह कोविड के पहले के वर्षों के आंकड़ों के बराबर आ गया है। जीजेईपीसी ने कहा कि मई (12.98 टन) और जून (17.57 टन)-2021 में सोने का आयात दूसरी विनाशकारी कोविड लहर से बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके चलते राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लग गया। इससे रत्न और आभूषण सहित कई उद्योग प्रभावित हुए। जीजेईपीसी ने कहा कि आयात अगस्त में बढ़ा। माह के दौरान आयात का आंकड़ा 118.08 टन रहा। यह सोने के आयात का दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा है। जीजेईपीसी के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि जुलाई, अगस्त और सितंबर 2021 के दौरान आयात में वृद्धि लॉकडाउन के हटने, घरेलू और निर्यात मांग में सुधार और त्योहारी सीजन की शुरुआत के कारण हुई है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादों की मांग में तेज वृद्धि हुई है।

### एनपीसीआई ने सुरक्षा उपाय के रूप में रुपे कार्ड के लिए टोकन प्रणाली शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को रुपे कार्ड के लिए टोकन प्रणाली शुरूकरने की घोषणा की। एनसीपीआई ने कहा कि एनपीसीआई टोकनीकरण प्रणाली (एनटीएस) दुकानदारों के पास कार्ड का ब्योरा स्टोर करने के विकल्प में रूप में होगी। इससे ग्राहकों के कार्ड की सुरक्षा बढ़ेगी और उन्हें खरीदारी का एक सहज अनुभव मिलेगा। एनपीसीआई ने कहा कि ग्राहकों की संवेदनशील जानकारी को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार सुरक्षित लेनदेन में मदद के लिए कूट टोकन के रूप में रखा जाएगा। उसने कहा कि ए टोकन ग्राहक की जानकारी का खुलासा किए बिना भुगतान करने की अनुमति देंगे। एनपीसीआई के उत्पाद प्रमुख कुणाल कलावतिया ने कहा, कार्ड टोकन को लेकर आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देश देश में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए है।

# भारत में लौटेगा ऊंचे वेतन का दौर, 2022 में कर्मचारियों को मिलेगी 9.3 प्रतिशत की वेतनवृद्धि : रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत में ऊंचे वेतन का दौर अगले साल से फिर लौटने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में भारत में कर्मचारियों के वेतन में औसतन 9.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। 2021 में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है। वैश्विक सलाहकार, ब्रोकिंग और समाधान कंपनी विलिस टावर्स वॉटसन की वेतन बजट योजना रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनियों के सामने कर्मचारियों को आकर्षित करने और उन्हें अपने साथ जोड़े रखने की चुनौती है। ऐसे में 2022 में कंपनियां कर्मचारियों को अधिक वेतनवृद्धि देंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया-प्रशांत में अगले साल सबसे अधिक वेतनवृद्धि भारत में होगी। अगले 12 माह के दौरान कारोबारी परिदृश्य में सुधार की उम्मीद है। यह रिपोर्ट छमाही सर्वे है। यह सर्वे मई और जून, 2021 के दौरान एशिया-प्रशांत की विभिन्न उद्योग क्षेत्रों की 1,405 कंपनियों के बीच किया गया। इनमें से 435 कंपनियां भारत की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 52 प्रतिशत भारतीय कंपनियों का मानना है कि अगले 12 माह के दौरान उनका राजस्व परिदृश्य सकारात्मक रहेगा। 2020 की चौथी तिमाही में ऐसा मानने वाली कंपनियों की संख्या 37 प्रतिशत थी। कारोबारी परिदृश्य में सुधार से नौकरियों की स्थिति भी सुधरेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले एक साल के दौरान नई नियुक्तियों की तैयारी कर रही हैं। यह 2020 की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कामकाज मसलन इंजीनियरिंग (57.5 प्रतिशत), सूचना प्रौद्योगिकी (53.3 प्रतिशत), तकनीकी कौशल (34.2 प्रतिशत) बिक्री (37 प्रतिशत) और वित्त (11.6 प्रतिशत) में सबसे अधिक भर्तियां देखने को मिलेंगी।

# भारत ने किया आगाह, तेल की ऊंची कीमतों का वैश्विक पुनरुद्धार पर होगा प्रतिकूल असर

**भाषा।** नई दिल्ली



**दुनिया के** तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश भारत ने बुधवार को आगाह करते हुए कहा कि तेल की ऊंची कीमतें शुरुआती और नाजुक वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर डालेंगी। भारत ने सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) के अन्य सदस्य देशों से सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति की दिशा में काम करने को कहा। साथ ही भारत ने दीर्घकालीन आपूर्ति अनुबंधों का विचार रखा। इससे भरोसेमंद और स्थिर कीमत व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सेरा वीक के इंडिया एनर्जी फोरम में कहा कि तेल की मांग और ओपेक और उससे जुड़े सहयोगी देशों (ओपेक प्लस) जैसे उत्पादकों की तरफ से होने वाली आपूर्ति में अंतर है। ऐसे में उत्पादन बढ़ाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, दुनिया को कोविड-पूर्व स्तर पर आने के लिए भरोसेमंद, स्थिर और सस्ती कीमत की जरूरत है। पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर ने कहा कि भारत जैसे आयातक देश फिलहाल सऊदी अरब और इराक जैसे ओपेक देशों से तेल खरीदने को लेकर अनुबंध करते हैं। इन अनुबंधों से केवल मात्रा को लेकर निश्चितता रहती है। जबकि कीमत डिलिवरी के समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रचलित मूल्य के आधार पर तय होती है। उन्होंने कहा, गैस के मामले में अनुबंध 25 साल तक की अवधि के लिए होता है और कीमत का निर्धारण तय मानकों पर होता है। तेल के लिए भी दीर्घकालीन अनुबंध के साथ कीमत को लेकर मानक होने चाहिए। यह मानक कोयला या फिर गैस जैसे वैकल्पिक ईंधन की कीमतों के आधार पर हो सकता है। सचिव ने कहा कि ओपेक और सहयोगी देशों को इस मौके पर आगे आना चाहिए और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाना चाहिए। इस साल मई से कीमतों में वृद्धि के साथ देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। पुरी ने कहा, अगर ऊर्जा की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव से न केवल भारत बल्कि औद्योगिक देश भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा, यह सबके हित में है कि हम वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को बनाए रखें। इसीलिए स्थिर और सस्ती ऊर्जा उत्पादक और आयातक देशों दोनों के हित में है। मंत्री ने कहा कि ऊर्जा विनाशकारी महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए महत्वपूर्ण है। तेल की ऊंची कीमतें आर्थिक पुनरुद्धार की गति को धीमा करेंगी। मुझे भरोसा है कि ओपेक और सहयोगी देश उपभोक्ता देशों की भावना का ध्यान रखेंगे।

# एनबीसीसी को हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान में 375 करोड़ रुपए की परियोजनाएं मिलीं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लि. को हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में करीब 375 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी को ए ऑर्डर परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में मिले हैं। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसे हरियाणा के सोनीपत के खानपुर कलां में बीपीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के चरण तीन के निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार का कार्य मिला है। इस परियोजना की लागत करीब 285 करोड़ रुपए की है। एक अन्य सूचना में कंपनी ने कहा कि उसे जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के परिचालन, प्रबंधन और विकास के लिए स्वतंत्र इंजीनियर का कार्य मिला है। एनबीसीसी इस परियोजना के लिए स्वतंत्र इंजीनियरिंग सेवा प्रदान करेगी। यह परियोजना 12.40 रुपए (जीएसटी को छोड़कर सभी करों सहित) की है।

# रुपया 47 पैसे तेजी के साथ 74.88 प्रति डॉलर पर, दो सप्ताह का उच्चस्तर

**मुंबई।** कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट तथा बाजार में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने के साथ अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 47 पैसे के उछाल के साथ 74.88 प्रति डॉलर के लगभग दो सप्ताह के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के कारण रुपए पर कुछ दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मजबूती का रुख लिए 75.10 रुपए पर खुला तथा कारोबार के दौरान यह 74.88 रुपए तक सुधर गया, जो सात अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है। कारोबार के दौरान रुपया 74.83 से 75.13 रुपए के दायरे में रहा और अंत में पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव के मुकाबले 47 पैसे का उछाल दर्शाता 74.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मंगलवार को मिलाद-उन-नबी की वजह से मुद्रा बाजार बंद था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, कच्चे तेल की कम कीमतों और डॉलर मांग के कारण भारतीय रुपए को उभरते बाजार की मुद्राओं में सबसे ज्यादा फायदा हुआ, जबकि बाजार को आने वाले हफ्तों में अनुसूचित क्यूआईपी और आईपीओ से विदेशी पूंजी के निवेश की उम्मीद है। उन्होंने कहा, डॉलर के मुकाबले चीनी युआन में तेजी, जो चार महीने के उच्च स्तर के करीब है, ने भी क्षेत्रीय मुद्राओं को समर्थन दिया। चीनी सरकार द्वारा कोयले की ऊंची कीमतों पर लगाम लगाने और आपूर्ति में सुधार की योजना बनाने की खबरों के बाद तेल की कीमतें 0.83 प्रतिशत घटकर 84.37 डॉलर प्रति बैरल रह गईं।




# बीएसएनएल को इनमारसैट की ग्लोबल एक्सप्रेस सैटेलाइट संचार सेवाओं के परिचालन का लाइसेंस मिला

**भाषा।** नई दिल्ली

**वैश्विक** मोबाइल सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख कंपनी इनमारसैट ने बुधवार को कहा कि उसकी रणनीतिक भागीदार बीएसएनएल ने भारत में ग्लोबल एक्सप्रेस (जीएक्स) मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवाएं देने के लिए जरूरी लाइसेंस हासिल किया है। इससे भारतीय घरेलू एयरलाइंस और अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियां देश के ऊपर से उड़ान के दौरान उच्च गति की संपर्क सुविधा प्रदान कर सकेंगी। इनमारसैट ने एक बयान में कहा कि दूरसंचार विभाग से भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) को उड़ान और समुद्री संपर्क (आईएफएमसी) के दौरान के लिए दिए गए लाइसेंस से ग्लोबल एक्सप्रेस की सुविधा सरकार, विमानन और समुद्री क्षेत्र में भारतीय ग्राहकों को उपलब्ध होगी। यह घोषणा महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसका मतलब है कि भारतीय विमानन कंपनियां देश और विदेश में उड़ान के दौरान संपर्क सुविधा के लिए जीएक्स का उपयोग कर सकेंगी। साथ ही इससे भारतीय समुद्र क्षेत्र में काम करने वाली देश की वाणिज्यिक कंपनियां जहाजों के बेहतर संचालन और चालक दल से जुड़ी कल्याण सेवाओं के लिए अपने जहाजों में डिजिटलीकरण को बढ़ाने में सक्षम होंगी। बयान के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल को मिले लाइसेंस से जीएक्स सेवाओं की पेशकश सरकार और अन्य उपयोगकर्ताओं को की जा सकेगी। ग्राहकों और अन्य भागीदारों के लिए सेवाओं की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से होगी। स्पाइसजेट लि. के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह के हवाले से बयान में कहा गया है, हम इस बात से खुश हैं कि उड़ान के दौरान यात्रियों को संपर्क सेवा देने वाली ग्लोबल एक्सप्रेस की सुविधाएं अब भारत में आ रही हैं।

जीएक्स, के बैंड में काम करता है। यह उच्च गति का ब्रॉडबैंड नेटवर्क है। इसे दुनिया में कहीं भी आवाजाही के दौरान बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करने के मकसद से तैयार किया गया है। यह सेवा उच्च बैंडविड्थ, विश्वसनीयता और सुरक्षा प्रदान करती है। यह आवाजाही के दौरान वाणिज्यिक और सरकारी स्तर के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। इनमारसैट के सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) राजीव सूरी ने कहा, आज का दिन इनमारसैट और भारत के साथ हमारी मूल्यवान और दीर्घकालिक भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण है।

# पेज एक का शेष

## देश को...

कानूनी कार्यवाही की पृष्ठभूमि में आया है। ये सभी भगौड़े कथित तौर पर देश का हजारों करोड़ रुपये ठग कर विदेश भाग गए हैं। मोदी ने कहा कि आपको यह याद रखना होगा कि आपकी साझेदारी इस मिट्टी, मां भारती यानी भारत माता के साथ है। देश या इसके लोगों को धोखा देने वालों के लिए दुनिया में कहीं भी कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं होना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, देश के खिलाफ काम करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। मोदी ने कहा कि पिछले छह-सात वर्षों में उनकी सरकार की कड़ी मेहनत के कारण लोगों में यह विश्वास स्थापित हुआ है कि भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है। लोगों में यह भी विश्वास जगा है कि उन्हें बिना किसी लेन-देन अथवा बिचौलिए के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चाहे बड़ा हो या छोटा, आम लोगों के अधिकार छीन लेता है। यह देश की प्रगति में बाधक है और हमारी सामूहिक ऊर्जा को प्रभावित करता है। पहले की सरकारों पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस तरह पहले की सरकार काम करती थी, उसमें भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति का अभाव था। आज राजनीतिक इच्छाशक्ति है और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासनिक सुधार भी किए जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने...

दुनिया भर से जोड़ने के मकसद से किया गया है। हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि कुशीनगर का विकास उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के लिए उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाला कुशीनगर शहर गोरखपुर से लगभग 50 किलोमीटर और वाराणसी से लगभग 225 किलोमीटर की दूरी पर है। इस शहर में अनेक बौद्ध मंदिर हैं जिससे यह विश्व भर से बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे की वजह से संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा इससे क्षेत्र के आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद मिलेगी और साथ ही रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भगवान बुद्ध से संबद्ध स्थानों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और कुशीनगर का विकास उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के लिए उच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

## लखीमपुर हिंसा...

थी कि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ थोड़ी नरमी बरत रही है और अब उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब वे जेल में हैं। साल्वे ने कहा कि इस मामले में दो अपराध हुए हैं। पहला अपराध यह है कि आरोपियों ने किसानों को वाहन से कुचल दिया और दूसरी प्राथमिकी यह है कि किसानों को वाहन से कुचलने वाले आरोपियों में से तीन की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि दूसरी प्राथमिकी के संबंध में जांच थोड़ी मुश्किल है क्योंकि किसानों की भारी भीड़ के कारण यह पता लगाना मुश्किल है कि किसने क्या किया। पीठ ने कहा कि वह पहली प्राथमिकी के बारे में पूछ रही है और उसने आरोपियों की संख्या और जांच की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी थी।

## चार आतंकी...

तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों के छिपे होने की पुष्टि के बाद आतंकवादियों को आत्मसमर्पण का मौका दिया गया। लेकिन अपील के बाद आत्मसमर्पण के बजाय उन्होंने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी चलाने लगे। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। जिनकी पहचान गुलाम हुसैन वानी के पुत्र आदिल हुसैन वानी निवासी शिरमल, प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शोपियां के जिला कमांडर और लिटर पुलवामा निवासी गुलाम कादिर वानी के पुत्र शाकिर अहमद वानी के रूप में हुई है।

## उत्तर प्रदेश...

छह बजे से रात्रि 10 बजे तक गतिविधियों की अनुमति दी गई थी। रक्षाबंधन से सीएम योगी ने रविवार की साप्ताहिक बंदी को भी समाप्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद से प्रदेश पूरी तरह से अनलॉक हो गया था। यूपी में केवल रात्रि 11 बजे से सुबह छह बजे तक रात्रि कर्फ्यू जारी था। बुधवार को इसे भी खत्म कर दिया गया है। जारी आदेश में अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है, किन्तु यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए यह समय सतर्कता एवं सावधानी बरतने का है। अवस्थी ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाए रखे जाने व कोविड नियमों के तहत सभी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## आर्यन अभी...

जब्त किए जाने के मामले में जमानत का अनुरोध किया। जमानत याचिका खारिज होने के बाद आर्यन के वकीलों ने तुरंत उच्च न्यायालय में अपील दायर कर निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने आर्यन खान, मर्चेंट और धमेचा को मादक पदार्थ रखने, इससे संबंधित साजिश, इसके सेवन, खरीद और तस्करी करने के आरोप में तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। तीनों इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। आर्यन और मर्चेंट मुंबई में ऑर्थर रोड जेल में बंद हैं तथा धमेचा यहां बायकुला महिला कारागार में बंद है। मामले में आरोपी आर्यन खान और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस कानून की धाराओं-8(सी), 20(बी), 27, 28, 29 और 35 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आर्यन ने अपनी जमानत याचिका में कहा था कि एनसीबी की यह दलील निराधार है कि वह साजिश और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल पाए गए हैं।

## हाईकोर्ट में...

महेश जेठमलानी ने कहा कि उन्हें अभी तक भगोड़ा नहीं घोषित किया गया है। जेठमलानी ने कहाकि इस मामले में उन्हें दो बार समन जारी किया गया और दोनों बार उन्होंने जवाब दिया। उच्च न्यायालय वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें पुलिस निरीक्षक भीमराव घाडगे की एक शिकायत पर उनके खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून तथा भादंसं की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। अदालत ने सुनवाई अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

## थल सेना...

गिरा सकती हैं। ये तोपें सभी मौसम में काम कर सकती हैं। इनमें दिन-रात काम करने वाले टीवी कैमरे, एक थर्मल इमेजिंग कैमरा और एक लेजर रेंज फाइंडर भी लगे हुए हैं। उन्होंने कहा, तोप के गोला दागने की सटीकता बढ़ाने के लिए एक मजल वेलोसिटी रेडार भी लगाया गया है।

## उत्तराखंड में...

के बाद चार धाम यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया गया। जहां यमुनोत्री-गंगोत्री, केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है, वहीं जोशीमठ के पास बद्रीनाथ हाईवे बंद होने के कारण बद्रीनाथ यात्रा फिलहाल शुरू नहीं हो सकी है। उत्तराखंड पुलिस ने ट्वीट किया कि बद्रीनाथ यात्रा भी जल्द सुचारू हो जाएगी। उत्तराखंड चार धाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड के अनुसार सोन प्रयाग और लिंचोली में फंसे एक हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को प्रशासन द्वारा यात्रा की अनुमति मिलने के बाद केदारनाथ मंदिर के लिए रवाना कर दिया गया है। भूस्खलन और भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों को जोशीमठ और पीपलकोटी में ही रोक दिया गया है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून ट्रफ वापसी के समय कोहिमा, सिलचर, कृष्णानगर, बारीपदा, मलकानगिरी, नलगोंडा, बगलकोट और वेंगुर्ला से होकर गुजरती है। पूर्वोत्तर भारत के शेष भाग, बंगाल की पूरी उत्तरी खाड़ी, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के शेष हिस्सों, बंगाल की मध्य खाड़ी के कुछ हिस्सों, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं।

## दिल्ली के...

मांझी (43) के रूप में हुई है। खाना पकाने वाले कर्मचारियों की पहचान उत्तरकाशी के पुरोला निवासी देवेंद्र (37), ज्ञान चंद्र (33) और उपेंद्र (32) के रूप में हुई है।

# रोहित का अर्द्धशतक, भारत ने आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया

भाषा। दुबई



**रोहित** शर्मा के अर्द्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में भी आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड को हराने वाले भारत ने आस्ट्रेलिया के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिटायर्ड आउट होने से पहले रोहित शर्मा की 41 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन की पारी के अलावा लोकेश राहुल (39) के साथ उनकी पहले विकेट की 68 और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 38) के साथ दूसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की मदद से 17.5 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (57), मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 41) और ग्लेन मैक्सवेल (37) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 152 रन बनाए थे।

स्मिथ ने मैक्सवेल के साथ चौथे विकेट के लिए 61 और स्टोइनिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 48 की पारी में सात चौके जड़े जबकि स्टोइनिस ने 25 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा। भारत अब टी20 विश्व कप के सुपर 12 के अपने पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को राहुल और रोहित ने अच्छी शुरुआत दिलाई। राहुल ने मिशेल स्टार्क पर चौका जड़ने के बाद एश्टन एगर का स्वागत छक्के के साथ किया। रोहित ने भी पैट कमिंस के दो ओवर में तीन चौके मारे। भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 42 रन बनाए। राहुल ने लेग स्पिनर एडम जंपा पर दो छक्कों के साथ सातवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। राहुल हालांकि एगर पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहरा गए और डेविड वार्नर ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। राहुल ने 31 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और दो चौके मारे। सूर्यकुमार यादव ने एगर पर चौके से खाता खोला और फिर मार्श की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। रोहित ने भी मार्श और ग्लेन मैक्सवेल पर छक्के जड़े जिससे भारत ने 13वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। रोहित ने स्टोइनिस पर चौके के साथ 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रोहित और सूर्यकुमार दोनों ने 15वें ओवर में कमिंस पर छक्के जड़े। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 26 रन की दरकार थी। रोहित इसी समय रिटायर आउट होकर वापस चले गए लेकिन सूर्यकुमार और हार्दिक पंड्या (नाबाद 14) ने आसानी से भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 11 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे ओवर में खराब फॉर्म में जूझ रहे डेविड वार्नर (01) और मिशेल मार्श (00) को लगातार गेंदों में पवेलियन भेजा। अश्विन ने वार्नर को पगबाधा करने के बाद मार्श को कप्तानी की भूमिका निभा रहे रोहित शर्मा के हाथों पहली स्लिप में कैच कराया। कप्तान आरोन फिंच (08) ने भुवनेश्वर कुमार पर चौका जड़ा लेकिन रविंद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा कर दिया। स्मिथ और मैक्सवेल ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन तक पहुंचाया। मैक्सवेल ने जडेजा पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि स्मिथ ने भी बाएं हाथ के इस स्पिनर के अलावा लेग स्पिनर राहुल चाहर पर भी बाउंड्री जड़ी। भारत के नियमित कप्तान विराट कोहली ने भी इस बीच दो ओवर गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया के रनों का अर्धशतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। चाहर ने मैक्सवेल को बोल्ड करके स्मिथ के साथ उनकी 61 रन की साझेदारी का अंत किया। स्टोइनिस ने कोहली और वरुण चक्रवर्ती पर चौके जड़े। आस्ट्रेलिया के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। स्मिथ ने 17वें ओवर में शार्दुल ठाकुर पर लगातार तीन चौके जड़े और फिर दो रन के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। स्टोइनिस ने मोर्चा संभालते हुए 19वें ओवर में चक्रवर्ती की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। अंतिम ओवर में भुवनेश्वर ने स्मिथ को रोहित के हाथों कैच कराया। स्मिथ और स्टोइनिस की पारियों की बदौलत आस्ट्रेलिया की टीम अंतिम चार ओवर में 50 रन जोड़ने में सफल रही। भारत की ओर अश्विन ने आठ रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि भुवनेश्वर, जडेजा और चाहर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# नीदरलैंड को हराकर नामीबिया सुपर 12 की दौड़ में बरकरार



भाषा। अबुधाबी

**नामीबिया** ने डेविस विसे के ताबड़तोड़ 66 रन और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (32) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 93 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप ए मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग की नीदरलैंड को छह गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया। पदार्पण कर रही नामीबिया की पहले दौर के मैच में यह पहली जीत थी। अनुभवी विसे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, उन्होंने 40 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और पांच छक्के जमाए। उनका यह पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक है, उनकी इस पारी ने कुछ ही मिनट में मैच का पासा ही पलट दिया। नामीबिया ने नौ ओवर में 52 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन 36 साल के विसे ने अकेले दम पर नीदरलैंड को 19 ओवर में हराने में मदद की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान पीटर सीलार पर छक्का लगाकर महज 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने नीदरलैंड के स्पिनरों पर गगनदाई छक्के जमाए।

कप्तान इरास्मस (22 गेंद में चार चौके और एक छक्का) के अलावा अंत में जेजे स्मिट ने आठ गेंद में नाबाद 14 रन बनाए। स्मिट ने 19वें ओवर की अंतिम दो गेंद पर दो चौके लगाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से नामीबिया सुपर 12 चरण की दौड़ में बनी हुई है और पहले दौर के अंतिम मैच में उन्हें इसके लिए आयरलैंड को हराना होगा। शुरुआती मैच में नामीबिया को श्रीलंका ने हराया था। नीदरलैंड अब अपने दोनों मैच गंवा चुका है और उसके अगले चरण में पहुंचने की संभावना काफी कम है। इससे पहले सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडोड (70) के लगातार दूसरे अर्धशतक और कोलिन एकरमैन (35) के साथ 82 रन की साझेदारी से नीदरलैंड ने चार विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पिछले मैच में आयरलैंड के खिलाफ 51 रन की पारी खेलने वाले ओडोड ने गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन जुटाए। उनकी 57 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का शामिल था। विकेट पर स्ट्रोक लगाना आसान नहीं था और उनके सलामी जोड़ीदार स्टीफन मेबर्ग (17) गेंद के अनुसार रन बनाकर खुश थे। जान फ्राइलिंक की गेंद को ऊंचा खेलने के प्रयास में मेबर्ग प्वाइंट पर बार्ड को कैच देकर आउट हो गए। नीदरलैंड की टीम को रोल्फ वान डर मर्व (06) से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह तेज गेंदबाज डेविड विसे की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए। हालांकि एकरमैन ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया। ओडोड ने अपना अर्धशतक स्पिनर बर्नार्ड स्कोल्ट्ज की गेंद पर कवर क्षेत्र में बाउंड्री लगाकर पूरा किया। इस शॉट से 14वें ओवर में टीम के 100 रन भी पूरे हुए। तेज गेंदबाज जेजे स्मिट ने स्लॉग ओवरों में अपनी सटीक गेंदों से प्रभावित किया जिससे नीदरलैंड के बल्लेबाज आसानी से रन नहीं जुटा पा रहे थे। विसे ने भी कसी गेंदबाजी जारी रखी।

## क्विक न्यूज

### प्रणवी उर्स ने एक शॉट की बढ़त बनाई

**पंचकूला।** युवा गोल्फर प्रणवी उर्स ने बुधवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 11वें चरण के पहले दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। इस तरह प्रणवी ने अमनदीप ड्राल पर एक शॉट की बढ़त बना ली। प्रणवी ने चार बर्डी और एक बोगी की जबकि पिछले हफ्ते की विजेता अमनदीप ने चार बर्डी की, पर पहले और 10वें होल में दो बोगी कर बैठी। सेहर अटवाल ने एक अंडर 71 का कार्ड खेला।

### आडवाणी ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की

**मुंबई।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने जीत का क्रम जारी रखते हुए जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर के राउंड रोबिन मैच में लक्ष्मण रावत को 4-2 से हराकर लगातार पांचवी जीत दर्ज की। यह क्वालीफायर भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) का राष्ट्रीय चयन टूर्नामेंट है। विज्ञप्ति के अनुसार आडवाणी ने रावत को 61-67, 67-19, 84-23, 65-48, 43-75 और 68-31 से शिकस्त दी। चयन टूर्नामेंट में यह आडवाणी की लगातार पांचवी जीत है और अब उन्हें राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य मेहता के खिलाफ खेलना है। इससे पहले आदित्य ने पांचवे दौर के मुकाबले में लक्ष्मण को 4-3 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। आदित्य को तीसरे दौर में ध्वज हारिया के खिलाफ 2-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। महिला वाईं कैंप वर्ग में तमिलनाडु की वर्षा संजीव और अनुपमा रामचंद्रन ने पांचवे दौर के मुकाबले में सीधे तीन फ्रेम में जीत दर्ज की।

### राजस्थान यूनाईटेड ने मदन महाराज को 2-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया

**बेंगलुरू।** राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने अंत में दो गोल करके बुधवार को यहां आई लीग क्वालीफायर के अंतिम राउंड में मदन महाराज एफसी को 2-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके लिए सुरग छेत्री ने 88वें मिनट में पहला गोल किया जबकि दूसरा गोल इंजुरी टाइम (90़5) में हरप्रीत ने दागा। अपने दोनो मैच जीतकर छह अंक से राजस्थान की टीम आई लीग स्थान हासिल करने के लिए शीर्ष स्थान पर है जबकि केंक्रे एफसी उससे पीछे है जिसके चार अंक है।

### अभय शर्मा भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन करने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** भारत ए, भारत अंडर-19 और राष्ट्रीय महिला टीम के साथ काम कर चुके पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा निवर्तमान कोच आर श्रीधर की जगह लेने के लिए सीनियर पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के उम्मीदवार के रूप में उभरे है। श्रीधर का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है और 52 साल के अभय भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन करने की तैयारी में है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, वह जल्द ही इस पद के लिए आवदेन करेगा। आवेदन करने की समयसीमा तीन नवंबर को खत्म हो रही है। दिल्ली, रेलवे और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 89 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले अभय 2016 में जिंबाब्वे दौरे पर गई भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच थे। उसी साल वह भारतीय टीम के साथ अमेरिका और वेस्टइंडीज दौरे पर भी गए थे। ब्रिटेन दौरे के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित भारतीय महिला क्रिकेटरों ने अभय के काम की सराहना की थी लेकिन इसके बाद आस्ट्रेलिया दौरे के लिए उन्हें बदल दिया गया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 13 रन से हराया

भाषा। अबुधाबी



**जोस** बटलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्क वुड और आदिल राशिद की प्रभावी गेंदबाजी से इंग्लैंड ने बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने दूसरे अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हरा दिया।

बटलर ने 51 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 73 रन बनाए जिससे इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 163 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। जॉनी बेयरस्टो (21 गेंद में 30 रन) और सैम बिलिंग्स (17 गेंद में नाबाद 27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। न्यूजीलैंड की ओर से लेग स्पिनर ईश सोढ़ी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में मार्टिन गुप्टिल की 20 गेंद में 41 रन की पारी के बावजूद 19.2 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की तरफ से वुड ने 23 रन देकर चार जबकि राशिद ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की टीम एक समय नौवें ओवर में दो विकेट पर 81 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में लग रही थी लेकिन इसके बाद टीम ने 22 रन पर सात विकेट गंवा दिए और उसका स्कोर नौ विकेट पर 103 रन हो गया। सोढ़ी (नाबाद 25) और टोड एस्टल (16) ने अंतिम विकेट के लिए 47 रन जोड़कर न्यूजीलैंड के हार के अंतर को कम किया। क्रिस वोक्स (31 रन पर एक विकेट) ने एस्टल को बोल्ड करके इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड को पहले अभ्यास मैच में भारत के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में जीत के साथ उसने टी20 विश्व की तैयारी का अच्छा नजारा पेश किया। न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों के खिलाफ अपने अभ्यास मैच गंवाए।

## पैटिनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न ( भाषा )।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया क्योंकि उन्हें लगता है कि फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण वह एशेज श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। पैटिनसन अभी 31 वर्ष के हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया की तरफ से 21 टेस्ट और 15 वनडे खेले हैं। वह घरेलू क्रिकेट में विक्टोरिया की तरफ से खेलना जारी रखेंगे। पैटिनसन हाल में विक्टोरिया के ट्रायल मैच में चोटिल हो गए थे। उनके घुटने में चोट लगी है। क्रिकेट.काम.एयू के अनुसार पैटिनसन ने कहा, सत्र से पहले मैं वास्तव में एशेज के लिए दावा पेश करना चाहता था लेकिन आगामी सत्र के लिए मैं जैसी तैयारी चाहता था, मेरी तैयारियां वैसी नहीं रही। उन्होंने कहा, अगर मैं एशेज का हिस्सा होता तो मुझे स्वयं से और अपने साथियों के साथ न्याय करना पड़ता। मैं उस स्थिति में नहीं पड़ना चाहता हूं जहां मुझे अपने शरीर से जूझना पड़े। यह मेरे और मेरी टीम के लिए अच्छा नहीं होता। पैटिनसन ने कहा, यह जानते हुए कि मैं अब केवल तीन या चार साल क्रिकेट खेल सकता हूं, मुझे लगा कि उच्च स्तर पर खेलने के बजाय मुझे विक्टोरिया की तरफ से खेलने, इंग्लैंड में कुछ मैच खेलने और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने पर ध्यान देना चाहिए।



## लक्ष्य डेनमार्क ओपन के दूसरे दौर में, साइना हारी

भाषा। ओडन्से

**युवा** लक्ष्य सेन ने हमवतन भारतीय सौरभ वर्मा को सीधे गेम में हराकर बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन साइना नेहवाल को हार का सामना करना पड़ा। पिछले रविवार को डच ओपन में उप विजेता रहे लक्ष्य ने एकतरफा मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन सौरभ को 26 मिनट में 21-9 21-7 से हराया।

ट्रायल में एकमात्र मैच हारने के बाद सुदिरमन कप और थॉमस कप फाइनल की टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे अल्मोड़ा के 20 साल के लक्ष्य की भिड़ंत अगले दौर में दूसरे वरीय और ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से होने की उम्मीद है। ग्रोइन में चोट के कारण उबेर कप फाइनल मैच के बीच से हटने वाली लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहले दौर में जापान की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने पहले दौर में 21-16 21-14 से हराया।

भारत के युगल खिलाड़ियों ने भी निराश किया और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी तथा अश्विनी पोनप्पा के अलावा कोई विरोधी जोड़ियों को टक्कर नहीं दे पाया। सात्विक और अश्विनी को भी हालांकि कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद मिश्रित युगल में फेंग यान झी और ड्यू युइ की चीन की जोड़ी के खिलाफ 17-21 21-14 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला युगल में मेघना जक्कमपुडी और पूर्विशा एस राम को निता वायोलिना मारवाह और पुत्री सेकाह की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 8-21 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी और एन सिक्की रेड्डी की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी को ली सोही और शिन स्युंगचान की कोरिया की दूसरी वरीय जोड़ी के हाथों 17-21 13-21 से हार मिली।

## फिट हुए बजरंग ने ट्रेनिंग शुरू की, पर सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने घुटने की चोट से उबरने के बाद ट्रेनिंग शुरू कर दी है लेकिन वह 2022 के लिए खुद को अच्छी तरह तैयार के लिए इस साल सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे। ओलंपिक से पहले 27 साल के पहलवान के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था लेकिन वह फिर भी तोक्यो ओलंपिक की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने में सफल रहे थे। उन्हें छह हफ्ते के रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी जिससे वह इस महीने विश्व चैम्पियनशिप में नहीं खेल सके थे। रेलीगेयर ग्रुप द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह के मौके पर बजरंग ने कहा, मेरा घुटना अब ठीक है। मैंने दो दिन पहले ही ट्रेनिंग शुरू कर दी है। मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन मैं इस साल किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लूंगा। अगले साल तरोताजा रहने के लिए मैं इस साल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भी नहीं खेलूंगा। उन्होंने हालांकि अगले साल की योजना का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने वेबसाइटों को टी20 विश्व कप के प्रसारण से रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जाली वेबसाइटों पर आईसीसी पुरुष विश्व कप 2021 के मैचों की स्ट्रीमिंग करने पर रोक लगा दी है क्योंकि यह स्टार चैनल और डिज्नी प्लस - हॉटस्टार के विशेष प्रसारण अधिकारों का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने स्टार इंडिया प्रा लि की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यदि इस स्तर पर जाली वेबसाइटों के खिलाफ अंतरिम रोक का आदेश नहीं दिया जाता तो विशेष प्रसारण अधिकार रखने वाले को अपूरणीय क्षति होगी जिसका प्रथम दृष्टया यह मामला लगता है।

**PUBLIC NOTICE**

The Shabad Co-operative Group Housing Society Ltd., Plot No.5, Sector-13, Dwarka, New Delhi -75 has proposed for clearance of the member as under:
1) Smt. Archana Bhatia, (2) Sh. Dheeraj Chhabra (3) Sh. Mahesh Kumar Jethani (4) Sh. Ashwani Sharma (5) Mrs. Jaya Asrani for allotment of flats by way of draw by DDA/RCS objections are invited from general public, members of the society and all concerned, if any within 15 days of publication of this Public Notice.

**PUBLIC NOTICE**

The Public in General is informed that original SALE DEED ("SALE DEED") qua property viz. Plot No 61 situated at village VADAVALI TERFE VAREDI, TAL. KARJAT, DIST. RAJGAD has been reported missing/Lost. The Sale Deed was duly executed and registered by Shri Ashok Rajendra Prasad Rohella and 2 others in favour of Mrs. Anju Malik R/o B-2/56 Safdarjung Enclave, New Delhi 110029 (Purchaser) some time in APR / MAY 2010 with Registrar KARJAT in which regards LOST report No 765009/21 dated 29/09/2021 has been registered at Police Station, Crime Branch Delhi. If the same is found by anyone please inform at the nearest Police Station or on Mobile No 9871541116 Mrs. Anju Malik Date 16/10/2021 New Delhi B-2/56 Safdarjung Enclave, New Delhi - 110029.

**PUBLIC NOTICE**

The general public is informed that my client Arti Sharma W/o Surender Sharma R/o RZA/45, Mahavir Enclave, Palam, New Delhi-110045, has disowned her Son Abhishek Sharma (age 22 years) S/o Surender Sharma from all her movable/ immovable properties and severed all her relations both legal & social with him due to his disrespectful behavior. Any person dealing with Abhishek Sharma shall be doing so at his/her own risk, and my client shall not be responsible for the same.
**Sanjeev Dwivedi (Advocate )**
48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, ND-54

**CHANGE OF NAME**

I, **Braj Bhushan Rai** S/o Sri Nath Rai R/o H. No.: 40, J & K Block, Laxmi Nagar, Delhi-110092 here by declare that
**1.** That Braj Bhushan Rai & Brij Bhushan Rai is same Person.
**2.** That in my Voter I.D & in some other documents (Govt/ Educational) my name is written as Brij Bhushan Rai in Place & Braj Bhushan Rai
**3.** That in my Daughter Parul Kumari Rai's Educational & Govt. documents some where my name is written as Brij Bhushan Rai in Place of Braj Bhushan Rai.
**4.** That in my Son Prince Kumar Rai's Educational & Govt. documents some where my name written as Brij Bhushan Rai in Place of Braj Bhushan Rai
**5.** That in my wife Manju Rai's Educational & Govt. documents some where my name is written as Brij Bhushan Rai in Place of Braj Bhushan Rai
**6.** That this all due to pronunciation problem some where my name is written as Brij Bhushan Rai in Place of Braj Bhushan Rai
So, I clarify & declare that Brij Bhushan Rai & Braj Bhushan Rai is Same Person.

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की जाएगी, जिसमें, अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम अनंतिम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।
इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
वास्ते क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : नई दिल्ली (अश्वनी कुमार गुप्ता)
तिथि : 20-10-2021 प्रबंध निदेशक

Madhubala Institute of Communication & Electronic Media
Invites Applications for Management Quota Seats
**BA (JMC)**
Affiliated to GGSIP University
For Admissions Batch 2021-22
Contact: 9891361617
or visit
MBICEM-568/2/1, Firni Road, Mundka, Delhi-110041
www.mbicem.in
Last date 8th November 2021

# मेस्सी के दो गोल से पीएसजी ने लीपजिग को 3-2 से हराया



एपी। पेरिस

**लियोनेल** मेस्सी के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीपजिग को 3-2 से हराया। मेस्सी ने मंगलवार को खेले गए मैच में 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इससे पहले काइलन एमबापे ने पीएसजी की तरफ से नौवें मिनट में गोल किया था। आंद्रे सिल्वा ने हालांकि 28वें मिनट में लीपजिग को बराबरी दिला दी थी जबकि नोर्डी मुकीले ने 57वें मिनट में उसे आगे कर दिया था। यह 34वां अवसर है जबकि मेस्सी ने चैंपियन्स लीग में कम से कम दो गोल किए। वह इस टूर्नामेंट में अब तक 123 गोल कर चुके हैं और क्रिस्टियानो रोनाल्डो (137 गोल) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में अल्जीरिया के विंगर रियाद मेहरेज के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने क्लब ब्रगे को 5-। से करारी शिकस्त दी।

## सलाह के दो गोल से लिवरपूल ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड।** मोहम्मद सलाह के दो गोल की बदौलत लिवरपूल ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के एक रोमांचक मैच में मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-2 से हराया। मैच में एक समय लग रहा था कि एंटोनी ग्रीजमैन नायक बनकर उभरेंगे लेकिन उन्हें 52वें मिनट में लाल कार्ड देखना पड़ा जिसके कारण एटलेटिको को दूसरे हॉफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल ने इसका पूरा फायदा उठाकर जीत दर्ज की। सलाह ने आठवें मिनट में लिवरपूल को शुरुआती बढ़त दिलाई जबकि नेबी कीता ने 13वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। ग्रीजमैन ने इसके बाद 20वें और 34वें मिनट में गोल करके एटलेटिको को बराबरी दिला दी, लेकिन राबर्टो फर्मिनो के सिर पर उनका पांव लगने से उन्हें लाल कार्ड मिल गया। लिवरपूल ने इसका फायदा उठाया और उसे 78वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे सलाह ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इस जीत से लिवरपूल ग्रुप बी में तीन मैचों में नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वह एटलेटिको से पांच अंक आगे है। पोर्टो और एटलेटिको के समान अंक हैं। पोर्टो ने एक अन्य मैच में एसी मिलान को।-0 से हराया।

## विनीसियस के दो गोल से रीयाल मैड्रिड ने शख्तार को 5-0 से शिकस्त दी

**कीव ( यूक्रेन )।** विनीसियस जूनियर ने अकेले दम पर एक गोल करने के अलावा कुल दो गोल दागे जिससे रीयाल मैड्रिड ने शख्तार दोनेस्क को 5-0 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना अभियान वापस पटरी पर लौटाया। पिछले मैच में शेरिफ से हारने वाली रीयाल की टीम ने शख्तार के कप्तान सर्गेई क्रिस्तोव के आत्मघाती गोल से 37वें मिनट में बढ़त बनाई। विनीसियस ने दूसरे हाफ में 51वें और 56वें मिनट में गोल किए जबकि ब्राजील के रोड्रिगो ने 64वें मिनट में चौथा गोल दागा। करीम बेंजेमा ने इंजुरी टाइम में मार्को एसेनसियो के क्रास को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 किया। इस जीत से 13 बार का यूरोपीय चैंपियन मैड्रिड ग्रुप डी में छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है। शेरिफ के भी छह अंक हैं लेकिन वह दोनों टीमों के बीच मैच में जीत के कारण शीर्ष पर है। शेरिफ को एक अन्य मैच में इंटर मिलान ने 3-। से हराया। इंटर की यह पहली जीत है जिससे वह तीसरे स्थान पर है। इस बीच ग्रुप सी में अजॉक्स ने डोर्टमंड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। डोर्टमंड छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। ग्रुप के एक अन्य मैच में स्पोर्टिंग लिस्बन ने बेसिकतास को 4-। से पराजित किया।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Gurmeet Kumar** who is purchasing the Entire Third Floor, with roof rights, built on Property No.1/11181/24, Plot No.24, area measuring 75.25 Sq. Mtrs., i.e. 90 Sq. Yards., out of Khasra No.3, situated at the area of village Uldhanpur, in the abadi of Gali No.13, Subhash Park Naveen Shahdara, illaqa Shahdara, Delhi-110032 from (1) Mr. Rahul Jain S/o Girish Kumar Jain & (2) Mr. Sunny Jain S/o Mr. Girish Kumar Jain, who are owners of the aforesaid property vide Sale Deed dated 10.05.2019 (vied Document No.2714) and same to be finance & mortgage by **Aditya Birla Housing Finance Limited. That, 1) Death Certificate of Late Mr. Sohan Lal S/o Mr. Ram Ji Dass & 2) Surviving Member Certificate of Late Mr. Sohan Lal S/o Mr. Ram Ji Dass Khurana** is not available. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
**Lucem Legal LLP**
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

# भारत-इजरायल के बीच संबंध और मजबूत होंगे: जयशंकर

**भाषा।** यरूशलम

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को इजराइली नेतृत्व के साथ सामरिक द्विपक्षीय गठबंधन की सम्पूर्ण क्षमता को हासिल करने के लिए गर्मजोशी से पूर्ण एवं विस्तृत चर्चा की तथा बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य एवं वैश्विक सामरिक मामलों पर विचारों का आदान प्रदान किया।

जयशंकर ने इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट से भेंट की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में चर्चा की। बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया, हमारी सामरिक गठबंधन की सम्पूर्ण क्षमता को हासिल करने के लिए गर्मजोशी से पूर्ण एवं विस्तृत चर्चा की। इसके बारे में प्रधानमंत्री बेनेट का उद्देश्यपूर्ण और केंद्रित रूख काफी उत्साहवर्द्धक था। जयशंकर ने कहा कि बेनेट का सामरिक दृष्टिकोण भी काफी मूल्यवान रहा। उन्होंने कहा, भारत और इजराइल अगले 30 वर्षो के लिए गठबंधन की दृष्टि को हासिल करने के लिए और करीबी से काम करेंगे। जयशंकर ने प्रधानमंत्री बेनेट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाई। इससे पहले, जयशंकर ने इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से भेंट की तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने सहित आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया। जयशंकर पांच दिवसीय यात्रा पर इजराइल में हैं। विदेश मंत्री के रूप में यह उनकी पहली इजराइल यात्रा है। वह इजराइल के विदेश मंत्री एर लेपिड के निमंत्रण पर यहां आए हैं। यह बैठक बेत हानासी में हुई, जो इजराइली राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास है। जयशंकर ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मिलकर प्रसन्न हूं। हमारी चर्चा में बदलते भू राजनीतिक परिदृश्य के आयाम शामिल रहे। उन्होंने कहा कि हम द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने की प्रतिबद्धता की काफी सराहना करते हैं। वहीं,


यरुशलम में इजलायली पीएम नफ्ताली बेनेट से मुलाकात करते विदेश मंत्री एस.जयशंकर

राष्ट्रपति हर्जोग ने अपने ट्वीट में कहा, दो प्राचीन राष्ट्र, दो गौरवशाली लोकतंत्र। हमारे करीबी मित्र और सहयोगी भारत के विदेश मंत्री डा. जयशंकर के साथ सफल चर्चा रही। प्रौद्योगिकी, कारोबार, ऊर्जा और अन्य क्षेत्र में इजराइल भारत गठजोड़ के लिए काफी संभावनाएं हैं। काफी कुछ ऐसा है जिसे हम अपनी संयुक्त रचनात्मकता से कर सकते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रपति हर्जोग ने इजराइल के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने एवं उसे मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर एवं अन्य मंत्रियों की प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। राजनयिक कामकाजी बैठक के दौरान हर्जोग ने विविध क्षेत्रों में आगे बढ़ते इजराइल-भारत संबंधों की सराहना की। बयान के अनुसार, भारत और इजराइल के राजनयिक संबंध स्थापित होने के अगले वर्ष 30वीं वर्षगांठ से पहले राष्ट्रपति हर्जोग ने इस महत्वपूर्ण संबंध को प्रगाढ़ करने और मजबूती प्रदान करने में सहयोग करने के प्रति अपने व्यक्तिगत इरादे पर जोर दिया। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति हर्जोग और जयशंकर ने वैश्विक सामरिक मामलों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति हर्जोग से उनकी मुलाकात बड़े सम्मान की बात है। विदेश मंत्री जयशंकर ने बेत हानासी में आगंतुक पुस्तिका में लिखा, जब हम अपने संबंधों को उन्नत बनाने की 30वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे में मैं भारत के लोगों और सरकार की शुभकामनाएं लाया हूं। मंगलवार को, विदेश मंत्री जयशंकर ने इजराइल की संसद नेसेट के स्पीकर मिकी लेवी से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, इजराइल के नेसेट के स्पीकर माइके लेवी से आज सुबह मुलाकात की।

उन्होंने कहा था, विदेश मामलों और रक्षा समिति के अध्यक्ष राम बेन बराक से व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि वह भारत के साथ संबंधों को नेसेट में व्यापक समर्थन की सराहना करते हैं। वे आधुनिक पशुधन प्रबंधन प्रौद्योगिकी देखने किबुत्ज बेरॉत यित्जाक भी गए। सोमवार को जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री एर लेपिड के साथ सार्थक चर्चा की थी और दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी जिसका मकसद अगले साल जून तक इस समझौते को पूरा करना है, जो काफी समय से लंबित है।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने की भारत निर्मित टीकों को लेकर मांडविया से चर्चा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र जिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) प्रमुख टेड्रोस अदनोम गेब्रेएसस ने भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ फोन पर वार्ता के दौरान भारत बायोटैक के कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन को आपातकाल में इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध किए जाने और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा निर्मित एस्ट्राजेनेका टीके की कोवैक्स केंद्र में आपूर्ति बहाल किए जाने समेत कई विषयों पर चर्चा की।गेब्रेएसस ने मंगलवार को ट्वीट किया, भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ फोन पर वार्ता के दौरान भारत में जारी कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम, वैश्विक महामारी समझौते की आवश्यकता, डिजिटल स्वास्थ्य एवं पारंपरिक चिकित्सा पर चर्चा की। हम लचीली और सतत वित्तीय सहायता करने समेत विभिन्न कदमों से डब्ल्यूएचओ को मजबूत बनाने में भारत के समर्थन का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्होंने मांडविया के साथ टीकों के वितरण की समानता के मामलों पर भी चर्चा की। उन्होंने कोवैक्स में एसआईआईएस्ट्राजेनेका टीके की आपूर्ति बहाल किए जाने, कोवैक्सीन को आपातकाल में इस्तेमाल किए जाने के लिए सूचीबद्ध करने की प्रकिया और सी-टैप के जरिए प्रौद्योगिकी एवं लाइसेंस साझा करने पर चर्चा की। कोरोना वायरस रोधी टीकों की आपूर्ति बढ़ाकर कोविड-19 संबंधी स्वास्थ्य उत्पादों की समय पर, न्यायसंगत और किफायती पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए कोविड-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल (सी-टैप) की पिछले साल मई में शुरुआत की गई थी।

मांडविया ने भी मंगलवार को बताया था कि उन्होंने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक के साथ स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और गेब्रेएसस ने कोविड-19 के खिलाफ भारत सरकार द्वारा उठाए गए टीकाकरण के वृहद प्रयासों की सराहना की है। मांडविया ने ट्वीट किया था, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस के साथ स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। इस दौरान डब्ल्यूएचओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कोविड-19 टीकाकरण में भारत सरकार के वृहद प्रयासों की डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने प्रशंसा की है।

भारत में मंगलवार तक कोविड-19 रोधी टीके की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को कहा था कि वह भारत बायोटेक से उसके कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन के बारे में अतिरिक्त जानकारी की उम्मीद कर रहा है क्योंकि आपात उपयोग के लिए टीके की सिफारिश करने से पहले वह कोई जल्दबाजी नहीं कर सकता। वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने इस बात पर जोर दिया कि टीका सुरक्षित और प्रभावी है, यह सुनिश्चित करने के लिए उसका पूरी तरह से मूल्यांकन करना होगा। कोवैक्सीन विकसित करने वाले हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने अपने टीके की आपात उपयोग सूचीबद्धता के लिए 19 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन को अभिरुचि पत्र (ईओआई) प्रस्तुस किया था।डब्ल्यूएचओ ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, हम जानते हैं कि बहुत से लोग कोविड-19 आपातकालीन उपयोग सूची में कोवैक्सीन के शामिल होने के वास्ते डब्ल्यूएचओ की सिफारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में ऐसा नहीं कर सकते हैं। आपातकालीन उपयोग के लिए किसी उत्पाद की सिफारिश करने से पहले, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए इसका अच्छी तरह से मूल्यांकन करना होगा कि वह सुरक्षित और प्रभावी है। उसने यह भी कहा कि भारत बायोटेक नियमित आधार पर डब्ल्यूएचओ को आंकड़े प्रस्तुस कर रहा है और डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों ने इन आंकड़ों की समीक्षा की है। विश्व स्वास्थ्य निकाय ने कहा कि आपात उपयोग सूचीबद्धता की प्रक्रिया की समयसीमा इस बात पर निर्भर करती है कि टीका बनाने वाली कंपनी जरूरी आंकड़ा कितने जल्दी डब्ल्यूएचओ को देती है ताकि वह टीके की गुणवत्ता, सुरक्षा, प्रभाव तथा निम्न एवं मध्य आय वाले देशों के लिए उपयोगिता को परख सके।

## दमिश्क में सेना की बस में दो बम विस्फोट, 14 लोगों की मौत

- **पिछले कुछ सालों में दमिश्क में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है यह हमला**
- **अभी तक किसी भी संगठन ने नहीं ली है इन बम धमाकों की जिम्मेदारी**

**एपी।** दमिश्क

**सीरिया** की राजधानी दमिश्क में बुधवार की सुबह सैनिकों को ले जा रही बस में लगे दो बम में विस्फोट होने से 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।राजधानी दमिश्क में पिछले कुछ वर्षों में हुआ, यह सबसे घातक हमला है। सरकारी बलों के 2018 में उपनगरों पर नियंत्रण वापस लेने के बाद से दमिश्क में हाल के वर्षों में इस तरह के हमले कम हो गए हैं। पहले ए उपनगर विद्रोहियों के कब्जे में थे।सरकारी मीडिया ने पहले बम सड़क के किनारे लगे होने की जानकारी दी थी, लेकिन सीरियाई सेना के एक अधिकारी ने बताया कि बम पहले ही वाहन में लगा दिए गए थे। दो बम में विस्फोट हो गया, जबकि एक अन्य बस से गिर गया था।

हमले की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन विद्रोही और जिहादी अब भी देश की सीमाओं के भीतर मौजूद हैं और राष्ट्रपति बशर असद को सत्ता से बाहर करने की लगातार मांग करते रहे हैं। इस बीच, एक अन्य घटना को लेकर राहत कर्मियों ने बताया कि देश के उत्तर-पश्चिम स्थित इदलिब प्रांत के अरिहा शहर में विद्रोहियों से कब्जा वापस लेने की कार्वाई के दौरान सरकारी बलों द्वारा की गई बमबारी में चार बच्चों और एक महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के उप क्षेत्रीय मानवीय समन्वय मार्क कट्स ने बमबारी की इस घटना को चौंकाने वाला करार दिया। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने एक बयान में कहा, आज की हिंसक घटना इस बात की दोबारा याद दिलाती है कि सीरिया में अभी युद्ध समाप्त नहीं हुआ है। बच्चों समेत आम नागरिक पिछले एक दशक से जारी हिंसा की आग में झुलस रहे हैं। सरकारी मीडिया ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बस में रखे बम में दूर से किसी यंत्र से विस्फोट किया गया या उसमें विस्फोट के लिए समय निर्धारित करने का यंत्र लगा था। विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से थोड़ी देर पहले हुआ। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि मृतक सभी यात्री हैं या कोई और भी विस्फोट में मारा गया है।विस्फोट एक पुल के नीचे मुख्य बस स्थानांतरण बिंदु पर हुआ, जहां वाहन एकत्रित होकर राजधानी के विभिन्न इलाकों के लिए निकलते हैं। सीरिया के सरकारी टीवी चैनल पर दिखाए जा रहे फुटेज में मध्य दमिश्क में विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुई बस नजर आ रही है। खबर में बताया गया कि धमाका उस समय हुआ, जब लोग अपने काम पर और बच्चे स्कूल जा रहे थे। विस्फोट के करीब एक घंटे के बाद ही घटनास्थल को साफ कर दिया गया और क्षतिग्रस्त बस को भी वहां से हटा दिया गया।

दमिश्क पुलिस कमांडर मेजर जनरल हुसैन जुमा ने सरकारी टीवी चैनल से कहा कि पुलिस बल ने घटना के तुरंत बाद इलाके की घेराबंदी कर यह सुनिश्चित किया कि और कोई बम मौजूद नहीं हो। जुमा ने कहा कि धमाके में 14 लोगों की मौत हुई है। इस बीच, सीरिया में मानवाधिकार पर नजर रखने वाली संस्था ने बताया कि हामा शहर में स्थित आयुध डिपो में हुए धमाके में सरकारी बल के छह जवानों की मौत हो गई।

## बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए कानून की मांग की

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** सरकार से हर किसी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून लागू करने मांग करते हुए देशभर में प्रदर्शनकारियों और विद्वानों ने हिंदू समुदाय पर भीड़ के हमलों और दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान मंदिरों व प्रतिमाओं को तोड़े जाने की निंदा की।

दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईश निंदा करने वाले एक पोस्ट पाए जाने के बाद पिछले बुधवार से बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हमले बढ़ गए। रविवार देर रात भीड़ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कम से कम 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया। ढाका ट्रब्यिून की खबर के मुताबिक हिंदू समुदाय पर हमले की निंदा करते हुए प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को छठे दिन देशभर में प्रदर्शन किया।

खबर के मुताबिक, विभिन्न कार्यक्रमों में वक्ताओं ने हिंसा को अंजाम देने वालों को न्याय के दायरे में लाने तथा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए अन्य कदम उठाने की मांग की। ढाका यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने मंदिरों और दुर्गा पूजा आयोजन स्थलों पर हुए हमले में शामिल लोगों को अनुकरणीय सजा देने की मांग की। उसने हर किसी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून लागू करने का भी सरकार से अनुरोध किया। ढाका विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के सैकड़ों शिक्षकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और एक मानव श्रृंखला बनाई। हिंसा की निंदा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति एम अख्तरूज्जमान ने कहा, इस देश का दुर्गा पूजा समारोह पूरी दुनिया के लिए धर्मनिरपेक्षता का एक मॉडल है। यह उत्सव सभी धर्मों के लोगों के लिए खुला हुआ माना जाता है। हम सरकार से हिंसा को अंजाम देने वालों की फौरन पहचान करने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने का अनुरोध करते हैं। जगन्नाथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मिजानुर रहमान ने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा को अंजाम देने वाले अक्सर बगैर सजा के रह जाते हैं और इसे रोके जाने की जरूरत है। प्रोग्रेसिव स्टूडेंट अलायंस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं तथा खुलना यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने भी हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की निंदा की। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने भी मंगलवार को शाहबाग में नेशनल म्यूजियम के सामने रैली निकाली।

## रूस में कोविड से होने वाली मौतों का पिछला रिकॉर्ड टूटा

**मास्को।** रूस में कोरोना वायरस जनित महामारी के कारण पिछले 24 घंटे में 1,028 मरीजों की मौत हो गई जो कोविड-19 से प्रतिदिन होने वाली मौतों की सर्वाधिक संख्या है। इसके साथ ही सरकार के मंत्रिमंडल ने सुझाव दिया है कि महामारी को फैलने से रोकने के लिए एक सप्ताह तक अवकाश घोषित किया जा सकता है। देश में अब तक कोविड-19 से कुल 2,26,353 मरीजों की मौत हो चुकी है जो कि अब तक यूरोप में सबसे ज्यादा है। उप प्रधानमंत्री तात्याना गोलिकोवा ने 30 अक्टूबर से शुरू कर एक सप्ताह का अवकाश घोषित करने का सुझाव दिया है क्योंकि 30 अक्टूबर के बाद सात दिन में से चार दिन सरकारी अवकाश है। इस प्रस्ताव को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मंजूरी मिलना बाकी है। प्रतिदिन सामने आने वाले संक्रमण के मामलों में भी वृद्धि होना जारी है।

## भारत में कोविड से हुई मौतों का ग्राफ गिरा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्राजिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि भारत में 11 से 17 अक्टूबर के बीच कोविड-19 के दैनिक मामलों में 18 प्रतिशत और संक्रमण से होने वाली मौत के मामले में 13 प्रतिशत की कमी आई है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि यूरोपीय क्षेत्र के अलावा विश्व में हर जगह एक सप्ताह में सामने आए मामलों में कमी आई है। डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी किए गए कोविड-19 विकली एपिडेमियोलॉजिकल अपडेट में बताया गया कि 11 से 17 अक्टूबर के बीच कोविड-19 के 27 लाख से अधिक मामले सामने आए और 46000 से अधिक लोगों की इससे मौत हुई। नए मामलों और संक्रमण से मौत की वैश्विक संख्या पिछले सप्ताह के समान ही रही। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय क्षेत्र के अलावा विश्व में हर जगह इस एक सप्ताह में सामने आए मामलों में कमी आई है। यूरोपीय क्षेत्र में पिछले सप्ताह की तुलना में नए मामलों में सात प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। नए मामलों में सबसे अधिक 18 प्रतिशत गिरावट अफ्रीकी क्षेत्र और फिर उसके बाद पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में 16 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। अफ्रीकी क्षेत्र में संक्रमण से मौत के मामलों में भी सबसे अधिक 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद, दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में क्रमश: 19 प्रतिशत और आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इस सप्ताह में 114,244 मामले सामने आए, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 18 प्रतिशत कम है।


बुकशायर के ह्यूस्टन एयरपोर्ट पर टेकऑफ के असफल प्रयास के बाद आग लगने से राख हुए विमान के अवशेष


अफगानिस्तान के काबुल में बम धमाके के बाद घटनास्थल पर तैनात तालिबान के लड़ाके

## अमेरिका ने बांग्लादेश में हिन्दू मंदिरों पर हमलों की निंदा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान हिन्दू मंदिरों तथा प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों की घटनाओं की निंदा की और अधिकारियों से इन मामलों की गहन जांच करने की अपील भी की है। अमेरिका ने कहा कि धर्म या आस्था चुनने की स्वतंत्रता, मानवाधिकार है। दुर्गा पूजा के अवसर पर सोशल मीडिया में कथित तौर पर ईश निंदा संबंधी एक पोस्ट सामने आया था, जिसके बाद हिन्दू मंदिरों पर पिछले बुधवार से हमले बढ़ गए हैं। भीड़ ने रविवार देर रात बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लोगों के 66 मकान क्षतिग्रस्त कर दिए थे और कम से कम 20 घरों में आग लगा दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को कहा, हम पूजा के अवसर पर हिन्दू मंदिरों और प्रतिष्ठानों पर हाल में हुए हिंसक हमलों की निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ हैं और अधिकारियों से मामलों की जांच का अनुरोध करते है।

## उत्तर कोरिया ने मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की

**एपी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया ने बुधवार को घोषणा की कि उसने एक ऐसी मिसाइल का परीक्षण किया है, जो पनडुब्बी से दागी जा सकती है। पिछले दो वर्षों में इस तरह के आधुनिक हथियार का यह पहला परीक्षण है और प्योंगयांग ने कहा कि वह अपनी सेना की पानी के भीतर अभियान क्षमता का विस्तार करना चाहती है। सितंबर के बाद से मंगलवार का यह परीक्षण मिसाइल प्रक्षेपण का पांचवां दौर था और यह उत्तर कोरिया की तरफ से सियोल और वाशिंगटन पर दबाव डालने की कोशिश है क्योंकि प्योंगयांग अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास और खुद पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को शत्रुतापूर्ण नीतियों के रूप में देखता है।

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी-कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि ताजा परीक्षण देश की रक्षा प्रौद्योगिकी को उच्च स्तर पर रखने और नौसेना की पानी के भीतर अभियान क्षमता के विस्तार में बड़ा योगदान देगा। उत्तर कोरिया के पड़ोसियों ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उत्तर कोरिया की तरफ से परीक्षण का पता लगा और यह हथियार कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच जलक्षेत्र में गिरा। दक्षिण कोरिया की सेना ने मिसाइल को पनडुब्बी से कम दूरी से दागे जाने वाला हथियार बताया है। सियोल ने कहा कि यह मिसाइल सिनपो के पूर्वी बंदरगाह के समीप जल से दागी गई, जहां पनडुब्बियों का निर्माण करनेवाला उत्तर कोरिया का बड़ा शिपयार्ड है। उत्तर कोरिया की ओर से जारी तस्वीरों में समुद्र में से एक मिसाइल उठते हुए और फिर धुएं के गुबार से चिंगारी निकलते दिखाई दे रही है। वहीं एक तस्वीर में ऊपर का हिस्सा भी दिखा है, जो समुद्र की सतह पर पनडुब्बी जैसा प्रतीत होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता संभालने के बाद से उत्तर कोरिया द्वारा किया गया यह सबसे आधुनिक हथियार का प्रक्षेपण है।

## पाक पीएम पर उपहार बेचने का आरोप

**लाहौर।** पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने बुधवार को प्रधानमंत्री इमरान खान पर 10 लाख डॉलर की महंगी घड़ी समेत अन्य देशों के प्रमुखों से मिले उपहारों को बेचने का आरोप लगाया। देश के दौरे के दौरान राष्ट्र प्रमुखों या संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों के बीच उपहारों का आदान-प्रदान नियमित रूप से होता है। गिफ्ट डिपॉजिटरी के नियमों के अनुसार, उपहार तब तक राज्य की संपत्ति रहते हैं जब तक कि उन्हें खुली नीलामी में बेचा नहीं जाता। द एक्सप्रेस ट्रब्यिून अखबार ने बताया कि नियम अधिकारियों को बिना कुछ भुगतान किए 10,000 रुपए से कम के बाजार मूल्य के उपहार रखने की अनुमति देते हैं।अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी तथा पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने उर्दू में ट्वीट किया,"इमरान खान ने दूसरे देशों से मिले उपहारों को बेच दिया है। खलीफा हजरत उमर अपनी कमीज और बागे के लिए जवाबदेह थे और दूसरी तरफ, खान ने तोशाखाना से विदेशी उपहार लूटे।

# शार्क का विज्ञान

इस महीने भयावह रूप से भयावह व खतरनाक रूप से अनुप्राणित पशु शिकायत कॉलम पर, **इलियट कॉनर** ने कहानियों से शार्क विज्ञान को पृथक किया।



**प्रिय एंथिया,**

जब शार्क किसी व्यक्ति को काटती है, तो इसे शातिर हमला कहा जाता है। जब कोई व्यक्ति शार्क को काटता है, तो उसे डिनर, फिन सूप या मछली और चिप्स कहते हैं। उस गलत ब्रांडिंग के लिए मैं किसे दोषी ठहरा सकता हूं? और ये फिन-स्वादिष्ट जीव कब सार्वजनिक दुश्मन नंबर एक बन गए? क्या नारियल अधिक लोगों को नहीं मारते? एलओएल- टूथी टिम मैकटूथफेस

**हैलो टूथी,**

क्या सवाल है! मेरे दोगुने दोस्त, आपके द्वारा मारा गया एक सच्चा दोहरा मापदंड। सबसे समझदार और सरल शब्दों में, मनुष्य शार्क को धमकाते हैं - एक ऐसी स्थिति जिसमें आप निस्संदेह आपके जैसे नाम के अभ्यस्त हैं। उस ने कहा, बैली शायद ही कभी पीड़ितों को चुनते हैं जो अपना सिर काट सकते हैं (मैं कल्पना नहीं कर सकता क्यों) इसलिए इसी कारण से, हमें अपने मूल अपराधी और उनके कारण को शार्क बुलियों की लाइन-अप से चुनने के लिए थोड़ा गहरा खोदना चाहिए समय के माध्यम से। यहां इस मामले पर मेरे दो सेंट, जूरी के लिए मेरे सबूत हैं ...

हम मनुष्य साधारण प्राणी हैं; हमने 99 प्रतिशत जानवरों के बारे में नहीं सुना है और स्पष्ट रूप से एक बंदर के गधे के बारे में नहीं बताते हैं। ये बदसूरत कृमि छिपकली और घिनौने उबाऊ स्पंज की पसंद हैं, शायद ही कभी हमारे लिए उन पर निर्णय पारित करने के लिए पर्याप्त ध्यान दिया गया हो। या वास्तव में उनका नामकरण करने में अधिक समय व्यतीत करें, जैसा कि आप बता सकते हैं।

एक प्रतिशत जीव जो बने रहते हैं, सुर्खियों में छा जाते हैं और तीन वर्गों में आते हैं - प्यारा, करिश्माई और डरावना। लगता है कि शार्क कहाँ उतरती है? नुकीले, नुकीले दांतों की अधिकता उन्हें क्यूटनेस स्कोर को फ्लॉप करते हुए देखती है, बल्कि दोहराए जाने वाले पानी के नीचे की दौड़ दौड़ने से करिश्माई दस्तक देती है, लेकिन बिना पलक झपकाए मृत-आंखों का घूरना डरावना पैमाने पर शीर्ष अंक हासिल करता है। खौफनाक और घातक एक अच्छा कॉम्बो नहीं है।

सांप, मकड़ी, बिच्छू, शार्क - सभी खौफनाक हैं, सभी घातक हैं, सभी इंसानों से नफरत करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई आदमी के विपरीत, जिसके जननांग को छह महीने में दो बार जहरीली मकड़ियों ने काट लिया था, यह कोई संयोग नहीं है। इसलिए जबकि फ्लावरपॉट, लॉनमूवर और नारियल प्रत्येक शार्क की तुलना में अधिक लोगों को मारते हैं, इन तीनों में से कोई भी डराने के लिए पर्याप्त (या पर्याप्त जीवित) नहीं है। और लॉनमूवर द्वारा मौत के अलावा, जो गन्दा हो सकता है, शार्क द्वारा खाया जाना जाने का एक कम आकर्षक तरीका है। यह सुर्खियां बटोरता है, जबकि फ्लावरपॉट से होने वाली मौतें नहीं होती हैं।

यह चीजों का दार्शनिक पक्ष है। अनजाने में, यह प्रेस और मानव स्वभाव के अलावा किसी भी स्पष्ट उम्मीदवार को दोष देने की पेशकश नहीं करता है। उनमें से एक की अपने सेंसर संपादकों की बदौलत अखबार के कॉलम में आलोचना करना काफी कठिन है। दूसरा व्यर्थ, संकीर्णतावादी, भावनात्मक रूप से असुरक्षित, बेवकूफ, बदसूरत पाठकों को अपमानित किए बिना आलोचना करना भी उतना ही कठिन है।







स्टीव स्पीलबर्ग, महाकाव्य जॉज़ के निर्माता के बारे में क्या, जिसने एक पीढ़ी को भयभीत किया और चार सीक्वल फिल्मों को थोड़ा अधिक बजट शार्क मॉडल के साथ शुरू किया? निश्चित रूप से वह दोष नाव पर जगह पाने का हकदार है? शायद। लेकिन स्पीलबर्ग ने जो कहानी बताई वह मटावन मैन-ईटर नामक एक शार्क की सच्ची थी, जो 30 मिनट के अंतराल में 3 अलग-अलग लोगों को मारने में कामयाब रही और 1916 में कई हफ्तों तक अमेरिकी पूर्वी तट को त्रस्त किया। महान निर्देशक ने केवल कहानी का नाटक किया पहली शार्क सेलिब्रिटी की और एक क्लासिक बनाया।

आप इयान फ्लेमिंग को भी दोष दे सकते हैं जिन्होंने जेम्स बॉन्ड को भूखे बैल शार्क से भरे पूल के साथ पागलों से लड़ते हुए अस्तित्व में लिखा था। या आधुनिक फिल्म निर्माताओं को ज़ॉम्बी शार्क का आविष्कार करने और विलुप्त हो चुकी विशाल शार्क प्रजातियों को उनके वास्तविक आकार से दस गुना तक पुनर्जीवित करने के लिए दोषी ठहराते हैं। उन भाले-मछुआरों को दोष दें जो बड़े-बड़े हापून के साथ प्राणियों का पीछा करते हैं और फिर शिकायत करते हैं जब उनका शिकार मेजों को मोड़ देता है। आलोचक क्रूज दोषी अपराधियों से भरा हुआ है - संक्षेप में, हमें एक बड़ी नाव की आवश्यकता है।


मैं खुद अंग्रेजी भाषा को दोष दे रहा हूं। क्योंकि जब तक हम यह नहीं जानते कि %शार्क% शब्द वास्तव में कहां से आया है, कोई भी विकल्प अच्छा नहीं है। यह डच शब्द स्कर्क से लिया गया है जिसका अर्थ है खलनायक, या आगे ग्रीक शब्द करचारोस से जिसका अर्थ है तेज दांत। यह सैक्सन शब्द सीयरन से आया हो सकता है जिसका अर्थ है टुकड़े टुकड़े करना। लेकिन किसी भी तरह से, अगर आप अपने पालतू कुत्ते को मीथूक या रिपर कहना शुरू करते हैं, तो क्या आप अभी भी आगंतुकों से उसके पेट को रगड़ने की उम्मीद करेंगे?

मानो या न मानो, शार्क के दांत स्लग से कम होते हैं। हालांकि, स्लग दांत कुछ छोटे होते हैं। और 420 मिलियन वर्ष के वंश के साथ, शार्क स्लग और बाकी सब कुछ लेकिन पेड़ों के बहुत पहले की भविष्यवाणी करती हैं। वास्तव में लंबे दांत वाले। यह शायद निशान के सबसे करीब है कि मनुष्य शार्क को क्यों धमकाते हैं - क्योंकि वे सबसे सफल शिकारी हैं जो विकास ने पैदा किए हैं, और हम उनसे खतरा महसूस करते हैं। यहां तक कि एक अवरुद्ध नाक और एक बुरी ठंड के साथ एक आंखों पर पट्टी वाला शार्क भी आपको सार्वजनिक पूल के दूर से शिकार कर सकता है। उस क्षमता ने उन्हें पूरे इतिहास में लोगों से एक डरपोक सम्मान अर्जित किया है।

पूरे इतिहास में, कई संस्कृतियों में, लोगों ने माना है कि जानवरों को खाने से आपको उनकी कुछ शक्ति और जीवन शक्ति मिलती है। एशियाई परंपरा इसे जारी रखती है, और विशेष रूप से चीनी व्यंजन। शार्क फिन सूप के लिए हर साल 100 मिलियन शार्क मारे जाते हैं क्योंकि अमीर इसे एक स्टेटस सिंबल के रूप में देखते हैं और कई अभी भी मानते हैं कि इसमें औषधीय गुण हैं। अंत में, चार बड़े पैमाने पर विलुप्त होने के बाद, 500-विषम शार्क प्रजातियों को परेशान करने के लिए सफलता वापस आ गई है। हम उनसे डरते हैं इसलिए हम उन्हें खाते हैं, और कभी-कभी वे वापस काट लेते हैं।

हाल ही में, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि उसका मीडिया अब 'शार्क अटैक' शब्द का उपयोग नहीं करेगा। शार्क के साथ 'नकारात्मक मुठभेड़ों' की संख्या में वृद्धि जारी रहने के बावजूद ऐसी घटनाओं को अब से नकारात्मक मुठभेड़ों के रूप में संदर्भित किया जाएगा। समुद्र के तापमान में बदलाव और तेजी से बढ़ती तटीय आबादी शार्क और लोगों को अधिक बार संपर्क में ला रही है, जिससे इन तेज-दांतेदार क्रिटर्स की पहले से ही अस्थिर सार्वजनिक छवि पर दबाव पड़ रहा है। क्या यह नई शार्क-अनुकूल ब्रांडिंग पकड़ लेगी और फैल जाएगी? यह बताना जल्दबाजी होगी। लेकिन एक बात निश्चित है - मैं भविष्य में घातक फूलों के गमलों से कहीं अधिक सावधान रहने वाला हूँ।

**(लेखक एक वन्यजीव देखभालकर्ता, प्रकृतिवादी, शोधकर्ता, लेखक, वैज्ञानिक, एनिमलसेंस पॉडकास्ट के मेजबान और एक टेडएक्स स्पीकर हैं।)**



# एक असाधारण मनोरंजन

## पठान के लिए एक गाने की शूटिंग के लिए शाहरुख-दीपिका मलोर्का गए

**आदित्य चोपड़ा** और सिद्धार्थ आनंद ने वॉर में दर्शकों के लिए एक दृश्य दावत दी और ऐसा लग रहा है कि निर्माता-निर्देशक कॉम्बो अपनी अगली पेशकश पठान के साथ दृश्य असाधारण में एक नया बेंचमार्क बनाने जा रहे हैं। हम सुनते हैं कि पठान के सुपरस्टार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के लिए मंच तैयार है - स्पेन में मलोरका के सबसे महंगे और उत्तम यात्रा स्थलों में से एक में सेट किए गए सबसे विद्युतीकरण गीतों में से एक को शूट करने के लिए।

"उद्देश्य पठान को एक दृश्य तमाशा बनाना है जिसे पहले किसी ने नहीं देखा है और सिड आनंद और वाईआरएफ इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पठान टीम स्पेन जा रही है, जहां वे कैडिज़, एक आश्चर्यजनक बंदरगाह शहर, और यूरोप के सबसे सुरम्य पहाड़ी शहरों में से एक, वेजेर डी ला फ्रोंटेरा जैसे भव्य गंतव्य में शूटिंग करेंगे। टीम के 10 से 31 अक्टूबर तक यूरोप में होने की सूचना है।"

चूंकि इन जगहों पर बॉलीवुड की किसी भी अन्य फिल्म की शूटिंग नहीं हुई है, इसलिए अधिकांश दर्शक, जो इन खूबसूरत जगहों पर नहीं गए हैं, उन्हें पहली बार देखेंगे। दृष्टिगत रूप से ये सेटिंग्स फिल्म में भव्यता और भव्यता को जोड़ देंगी।

"जब आपके पास देश के दो सबसे बड़े सुपरस्टार होते हैं, तो आपको पहले की तरह एक दृश्य असाधारण बनाना होता है और निर्माता पठान में उनकी जोड़ी के साथ न्याय करना चाहते हैं। यह एक सनसनीखेज शूट होगा, कम से कम कहने के लिए", एक स्रोत ने बताया।

# उपयोगकर्ता के अनुकूल मॉडल का विकास

## अनुपम विजयवर्गीय चर्चा करते हैं कि कैसे छोटे व्यवसाय अपने डेटा को मोबाइल-प्रथम रूप में डिजीटलीकृत कर रहे हैं

जब मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण अपनाने वाली कंपनियों की बात आती है, तो वे अनिवार्य रूप से अपने व्यवसाय मॉडल को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए आकार दे रही हैं। और क्यों नहीं? भारत में स्मार्टफोन का प्रवेश अनुपात 2020 में 54 प्रतिशत था, और 2040 तक इसके 96 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। देश भर में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग से, वे लगभग हर चीज, खाना ऑर्डर करने से लेकर अपने व्यवसाय और व्यक्तिगत डेटा को प्रबंधित करने तक, के लिए जाना-माना उपकरण बन गए हैं।

मोबाइल फोन भविष्य हैं। छोटे व्यवसाय अपने डेटा प्रबंधन मॉडल को पहले मोबाइल में स्थानांतरित कर रहे हैं, और इसके कारण सरल हैं - सदैव उपलब्धता और कम खर्च।

मोबाइल-प्रथम डेटा प्रबंधन उपयोग के विभिन्न मामले इस प्रकार हैं :



### ग्राहक प्रबंधन

अब यह स्वाभाविक बात है कि उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने से व्यवसायों को ग्राहक-जुड़ाव में सुधार करने में मदद मिलेगी। समझ का विश्लेषण करने के लिए, छोटे व्यवसाय के मालिकों को कुछ नाम रखने के लिए जनसांख्यिकी, लिंग, आयु और व्यवहार जैसे ग्राहक डेटा एकत्र करने की आवश्यकता होती है। वर्तमान में ग्राहक डेटा को प्रबंधित करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण सीआरएम (ग्राहक संबंध प्रबंधन) पोर्टल है।

हालांकि, अधिकांश सीआरएम महंगे हैं और छोटे व्यवसाय इस अतिरिक्त खर्च से बचना चाहेंगे। इसके अलावा, वे डेस्कटॉप-अनुकूलित हैं। चूंकि बिक्री प्रतिनिधि हमेशा चलती रहती हैं, इसलिए इसे मैन्युअल रूप से लिखना और बाद में सीआरएम पर अपलोड करना एक कुशल विकल्प नहीं हो सकता है। ग्राहक विवरण जोड़ने, संपादित करने और पहुंच बनाने के लिए मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण बहुत आसान होगा।

इसके अलावा, व्यवसायों को अपने कर्मचारियों को सीआरएम का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित करने में बहुत समय लगाना पड़ सकता है क्योंकि ऐसे पोर्टलों के लिए शिक्षण की अवस्था बहुत कठिन हो सकती है। इसलिए, कुछ सौ के कम ग्राहक-आधार वाले छोटे व्यवसायों के लिए सीआरएम व्यवहारिक नहीं हैं।

नवोन्मेष और तकनीकी प्रगति से, कंपनियां बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान कर रही हैं, अच्छा उपयोगकर्ता जुड़ाव बनाए रख रही हैं। उनमें से कई कंपनियों ने मोबाइल सीआरएम का रुख कर लिया है, जो स्प्रैडशीट्स पर काम करता है।

### वित्त प्रबंधन

वित्तीय प्रबंधन सफल होने के मुख्य तरीकों में से एक है, खासकर यदि छोटे व्यवसायों की बात करें। वित्त का प्रभावी प्रबंधन व्यवसाय-मालिकों को बेहतर वित्तीय भविष्य बनाने में मदद करता है, और उन्हें बाजार में बनाए रखता है।

नकदी प्रवाह प्रबंधन से लेकर आय और व्यय तक, व्यवसायों को हर चीज की गणना करनी होती है। कई कंपनियां समझदारी के साथ उभरने के लिए ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) टूल का उपयोग करती हैं। हालांकि, ऐसे उत्पादों के लिए आमतौर पर सॉफ्टवेयर विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है और छोटे व्यवसायों के लिए इसकी रिकॉर्डिंग करना मुश्किल हो सकता है।

इन उपकरणों को चलते-फिरते संचालित नहीं किया जा सकता है, और केवल सीमित संख्या में उपयोगकर्ताओं को ही समायोजित किया जा सकता है। इसलिए, कई छोटी कंपनियों ने उपयोग में आसान स्प्रेडशीट टूल का उपयोग करना शुरू कर दिया। वे न केवल मोबाइल के अनुकूल हैं, बल्कि कई सहयोगी भी उन पर एक साथ काम कर सकते हैं। मोबाइल-आधारित टूल से, छोटे व्यवसाय बदलते डेटाबेस को जानने के लिए कुछ कर्मचारियों को कंप्यूटर के सामने रखने की आवश्यकता समाप्त कर सकते हैं। मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण व्यवसायों की चौबीसों घंटे उपलब्धता को सक्षम बनाता है।

### कर्मचारी प्रबंधन

डिजिटल उपकरण जीवन को आसान बनाने के लिए बनाए गए हैं। और चूंकि आज हर किसी की जेब में स्मार्टफोन है, इसलिए कर्मचारी प्रबंधन सॉफ्टवेयर ऐसे मुख्य समाधान हैं जिनका उपयोग कंपनियां करती हैं।

उपस्थिति से लेकर कर्मचारी पर घंटों नजर रखने तक, कई प्रबंधकों के पास तत्काल निरीक्षण करने तक की पहुंच होनी चाहिए। और मोबाइल-फर्स्ट अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम बस यही करता है।

कई कंपनियां स्प्रैडशीट टूल का उपयोग कर रही हैं जो एक साथ कई हितधारकों के लिए सुलभ हो सकते हैं, इस प्रकार, कर्मचारी प्रबंधन से जुड़े समय, प्रयास और लागत को बड़े पैमाने पर कम कर सकती हैं।

### सूची प्रबंधन

इन्वेंटरी को बड़े गोदामों में प्रबंधित किया जाता है जहां नियमित अपडेट करने के लिए कंप्यूटर तक पहुंचना मुश्किल होता है।

ये सिस्टम अप्रभावी हैं और आपके काम को बढ़ाते हैं। उनके साथ, कागज रहित रहना असंभव है, और श्रम पर निर्भरता भी बढ़ जाती है। इसके अलावा, इन्वेंट्री देखना और संपादित करना प्रतिबंधित होता है क्योंकि इसे चलते-फिरते एक्सेस करना संभव नहीं है।

मोबाइल-प्रथम इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली कर्मचारियों -नियोक्ताओं को एक केंद्रीकृत क्लाउड-आधारित प्रणाली में स्टॉक मूल्य जोड़ने, संपादित करने और प्रबंधित करने का अवसर देती है। कर्मचारी अपने हाथों में स्मार्टफोन लेकर गोदाम के चारों ओर घूमते हुए डेटा को सीधे स्प्रेडशीट-आधारित टूल में दर्ज कर सकते हैं।

### निष्कर्ष

लागत में कटौती और उत्पादकता बढ़ाने से लेकर अधिक लाभ और प्रभावी कर्मचारी प्रबंधन तक, यह किसी भी कंपनी के टिके रहने और फलने-फूलने की मूल चेकलिस्ट है। हालांकि, यह सब करना और बड़ी कंपनियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना छोटी कंपनियों के लिए एक और कठिन काम है। मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण का उपयोग करके डेटा प्रबंधन को डिजिटल बनाना एक क्रांतिकारी प्रक्रिया है जो छोटे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धा में बने रहने में सक्षम बनाएगी। आज के समय में, कंपनी को संभालने के लिए गतिशीलता को एक प्रमुख रणनीति माना जाना चाहिए - चाहे वह विभिन्न प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना हो या प्रभावी समय प्रबंधन करना हो। कुल मिलाकर, मोबाइल-फर्स्ट रणनीति अपनाने से छोटे व्यवसाय के मालिक अपने व्यवसाय को बदलने और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल और अधिक कुशल बनाने में सक्षम होंगे।

**(लेखक मोबाइल एप्लीकेशन -लियो के सह-संस्थापक और सीईओ हैं)**

# फिट होने का मतलब हमेशा स्वस्थ होना नहीं है

## आंतरिक और बाहरी फिटनेस के बीच अंतर बता रहे हैं डॉ. मोहित गर्ग



फिटनेस आजकल चर्चा का विषय है और हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां हर कोई फिट रहना चाहता है। फिट रहने और स्वस्थ वजन बनाए रखने के अलावा, बहुत सारे भारतीय सुगठित मांसपेशियों व दुबले सिक्स-पैक हासिल करने के मकसद से जिम जा रहे हैं। इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध जानकारी होने से, लोग विभिन्न प्रकार के आहार भी अपना रहे हैं। उत्प्रेरक के बतौर कार्य करने के लिए, आपके फोन पर विभिन्न फिटनेस ऐप, फिटनेस बैंड, हेल्थ स्टार्ट-अप और अन्य प्रौद्योगिकियों का बाजार मौजूद है।



हालांकि, सिर्फ इसलिए कि कोई बाहर से फिट दिखता है, तो क्या इसका मतलब यह है कि वह व्यक्ति अंदर से भी स्वस्थ है? फिटनेस और स्वास्थ्य, हालांकि निकटता से जुड़े हुए हैं और अक्सर समानार्थी के बतौर उपयोग किए जाते हैं, मगर उन्हें समान मानने का भ्रम नहीं पालना चाहिए। अगर आप फिट हैं तो भी आप स्वस्थ नहीं हो सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति के रूप में।

पतला और मांसल शरीर दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ है। हालांकि, यदि व्यक्ति अपने शरीर को बनाए रखने के लिए एक अनुशासित व्यायाम व्यवस्था के साथ बहुत सारे अस्वास्थ्यकर भोजन और कैलोरी जला रहा है, या लगातार धूम्रपान करने वाला है या बहुत ज्यादा शराब का सेवन कर रहा है, तो यह अच्छे स्वास्थ्य का संकेतक नहीं है।

अत्यधिक व्यायाम भी शरीर के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इससे संभावित कार्डियक लयताल बिगड़ने या अचानक कार्डियक अरेस्ट के अलावा चोट, थकावट, अवसाद और चिंता हो सकती है।

तो कितनी बार कसरत करनी चाहिए? अध्ययनों से पता चला है कि रोज 30 मिनट की मध्यम एरोबिक शारीरिक गतिविधि, सप्ताह में एक दिन के अवकाश के साथ हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट का मध्यम व्यायाम या हर हफ्ते कम से कम 75 मिनट का जोरदार व्यायाम आदर्श है। मध्यम एरोबिक व्यायाम में तेज चलना या तैराकी जैसी गतिविधियां शामिल हैं। जोरदार एरोबिक व्यायाम में दौड़ना और एरोबिक नृत्य जैसी गतिविधियां शामिल हैं। शक्ति प्रशिक्षण में वजन मशीनों का उपयोग करना, अपने शरीर का वजन उठाना, या रॉक क्लाइम्बिंग या ट्रेकिंग जैसी गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं।

यहां तक कि हृदय रोग के पुराने रोगियों के लिए भी नियमित व्यायाम अत्यंत महत्वपूर्ण है। हृदय -मांसपेशियों को मजबूत बनाने के अलावा, यह रोगियों को सीने में दर्द या अन्य लक्षणों के बिना अधिक सक्रिय होने में भी मदद कर सकता है। व्यायाम रक्तचाप को कम करने, रक्त में कोलेस्ट्रॉल- स्तर को घटाने, रक्त शर्करा नियंत्रित करने और वजन कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग से जुड़े अधिकांश प्रमुख जोखिम कारकों को नियंत्रित किया जा सकता है।

नियमित शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ स्वस्थ हृदय के लिए पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ भोजन विकल्प आपके हृदय रोग, दिल के दौरे और हृदयाघात का जोखिम कम कर सकते हैं, साथ ही भोजन से संबंधित जोखिम वाले कारक जैसे मोटापा, उच्च रक्तचाप और अनियंत्रित मधुमेह को भी। यदि कोई स्वस्थ आहार की योजना बना रहा है, तो उसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट और बीज खाने चाहिए जिनमें संतृप्त वसा और सोडियम कम होता है। इसके अलावा, अस्वास्थ्यकर भोजन में कटौती करना उन आवश्यक कार्यों में से एक है जिसे करने की आवश्यकता होगी क्योंकि वे कई प्रकार के परिरक्षकों, अतिरिक्त शर्करा से भरे होते हैं और उनमें नमक की मात्रा अधिक होती हैं। स्वस्थ आहार के साथ नियमित व्यायाम दिनचर्या हृदय रोग होने के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती है।

**- (लेखक ग्लोबल हॉस्पिटल, मुंबई में दुर्घटना व आपातकालीन विभाग के सलाहकार और प्रमुख हैं।)**